वर्ष- 11 अंक-238
लखनऊ, गुरुवार 18 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





श्रीराम धर्म के प्रतीक व आदर्श परमपुरुष : सीएम योगी 03

महिला सम्मान निधि का बजट में उल्लेख नहीं, गुमराह कर रही कांग्रेस 12


## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने ड्रोन को गिराया 2610 ग्राम हेरोइन बरामद

**अनूपगढ़।** पाकिस्तान की ओर से भारत में ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की तस्करी की कोशिशें लगातार जारी है। बीएसएफ की टीम ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान की सीमा से सटे बीकानेर संभाग के अनूपगढ़ जिले में एक ड्रोन को गिराकर 2610 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ की 140वीं बटालियन के कंपनी कमांडर अखिलेश ने बताया कि मंगलवार रात्रि करीब 10 बजे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गश्त कर रहे बीएसएफ के जवानों को ड्रोन की आवाज सुनी। जवानों ने एक राउंड फायर किया, जिससे ड्रोन नीचे गिर गया। इसके बाद बीएसएफ, रावला पुलिस टीम और सीआईडी ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। उन्होंने बताया इस दौरान रात लगभग 1:30 बजे भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बनी नेमीचंद पोस्ट से 1600 मीटर भारत की ओर गांव 23 केडी की रोही में एक ड्रोन और तीन पैकेट बरामद हुए। तीनों पैकेट में कुल 2 किलो 610 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों के मौके पर पहुंचने पर बुधवार को बीएसएफ ने हेरोइन और ड्रोन सुपुर्द कर दिए।

### के. चंद्रशेखर राव को चुनाव आयोग का नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव को 5 अप्रैल को सिरसिला में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर नोटिस जारी किया है। आयोग ने बुधवार को नोटिस जारी करने के साथ ही उनसे 18 अप्रैल की सुबह 11 बजे तक अपनी टिप्पणियों के संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। के. चंद्रशेखर राव ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद कांग्रेस नेता जी. निरंजन ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए अब चुनाव आयोग ने के. चंद्रशेखर राव पर कार्रवाई की है। के. चंद्रशेखर राव को उनके भाषण को लेकर पहले भी कई सलाह और निर्देश जारी किये जा चुके हैं। निर्धारित समय के भीतर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर चुनाव आयोग उचित कार्रवाई करेगा।

### चीन निर्मित कॉम्पोनेंट वाले मीटर लगाने पर रोक

**लखनऊ।** चीन निर्मित कॉम्पोनेंट वाले स्मार्ट मीटरों का विद्युत उपभोक्ता परिषद द्वारा किया गया विरोध रंग लाया है। प्रदेश की सभी बिजली कम्पनियों को भेजे गए एक निर्देश में स्पष्ट कहा गया कि जिन स्मार्ट मीटरों में अधिकाधिक चीन कॉम्पोनेट का उपयोग किया गया है उनका उपयोग नही किया जाएगा। भारत सरकार की गाईड लाइन के अनुसार 60 से 70 प्रतिशत इण्डियन कॉम्पोनेंट का उपयोग होने वाले मीटर ही प्रदेश के उपभोक्ताओं के घरों पर लगाए जा सकेगें। बिजली कंपनियों मे लगभग 3 करोड़ 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का ऑर्डर जहां देश के बडे निजी घरानो को दिया गया है वही इन निजी घरानों द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में लगने वाले स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर के कंपोनेंट को बिजली कंपनियों में कुछ अभियंताओं की मिली भगत से भारत सरकार की गाइडलाइन के विपरीत जीटीपी चाइनीज अनुमोदित करा लिया।

# पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा

## लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों के लिए मतदान कल

▸ अरुणाचल-सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी होगी वोटिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 102 संसदीय क्षेत्रों तथा अरुणाचल एवं सिक्किम की 92 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बुधवार शाम चुनाव प्रचार थम गया। इन सभी लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल सहित कई दिग्गज नेताओं का भाग्य पहले चरण के मतदान के बाद वोटिंग मशीनों में बंद हो जाएगा और 4 जून को नतीजे आयेंगे। हालांकि सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के नतीजे 2 जून को ही आ जायेंगे।

पहले चरण में लोकसभा के लिए अरुणाचल प्रदेश की सभी दो, असम की 14, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की 11, मध्य प्रदेश छह सीट, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो सीट, मेघालय की सभी दो सीट, मिजोरम की एक, सिक्किम की एक, नगालैंड की एक, राजस्थान की 12, तमिलनाडु की सभी 39, त्रिपुरा की एक सीट, उत्तर प्रदेश की आठ, लक्षद्वीप की एकमात्र, पुडुचेरी की एकमात्र, उत्तराखंड की सभी पांच, पश्चिम बंगाल की तीन, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर, छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया तथा जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट काफी महत्वपूर्ण है।




इसी तरह से मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, तमिलनाडु की चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, कोयंबटूर, थूथुक्कुडी, तिरुनेलवेली, कन्याकुमारी, मणिपुर दो आंतरिक और बाह्य सीट, राजस्थान की बीकानेर और पश्चिम बंगाल की कूचबिहार और अलीपुरद्वार अहम सीट है। इन सीटों पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। इसी चरण में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर से जीत की हैट्रिक लगाने की चाह में हैं। दो बार के सांसद और केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक लगाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। 52 वर्षीय केंद्रीय मंत्री किरण रिंजिजू ने 2004 से तीन बार अरुणाचल पश्चिम सीट निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। केन्द्रीय मंत्री एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।जाट बहुल सीट मुजफ्फरनगर से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान फिर चुनावी मैदान में हैं। अलवर से केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेन्द्र यादव अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। बीकानेर से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, तमिलनाडु की नीलगिरी लोकसभा सीट से केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन चुनाव मैदान में हैं। मुरुगन मध्य प्रदेश से राज्यसभा सदस्य हैं। तेज तर्रार नेता की छवि बनाए तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई कोयंबटूर से चुनाव लड़ रहे हैं। शिवगंगा के सांसद कार्ति चिदंबरम फिर से चुनाव मैदान में हैं। उनके पिता और कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे चिदंबरम यहां से सात बार जीते हैं। तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देकर राजनीति में लौटी तमिलिसाई सौंदर्यराजन चेन्नई दक्षिण से चुनाव लड़ रही हैं। असम के कलियाबोर से 2014 और 2019 में जीते कांग्रेस के युवा नेता गौरव गोगोई अबकी जोरहाट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

### यूपी में भी आठ सीटों के लिए थमा प्रचार



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले फेज की 8 सीटों के लिए चुनाव प्रचार आज शाम थम गया। इन आठ सीटों पर 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। वहीं देश में पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग होगी। चुनाव आयोग के मुताबिक आज शाम 5 बजे तक 21 राज्यों की 102 सीटों के लिए चुनाव प्रचार का आखिरी दिन रहा है। वहीं चुनाव आयोग ने मतदान के लिए चुनाव आयोग की तरफसे तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह छह बजे से मतदान शुरु हो जाएगा। पहले चरण की 102 सीटों में सबसे ज्यादा तमिलनाडु की 39 सीटें हैं, जहां वोटर उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

### दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटों पर रहेगी सबकी नजर

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होगा। पहले चरण में करीब दर्जन भर हाई प्रोफाइल सीटें और कई खास उम्मीदवार ऐसे हैं, जो चर्चा में तो रहे ही हैं, किसी न किसी मायने में अहम हैं। ऐसे में इन सीटों और उम्मीदवारों पर सबकी नजर रहेगी। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल शामिल हैं, जो 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पहले चरण के चुनाव में उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर लोकसभा सीटें अहम हैं तो असम की डिब्रूगढ़, सोनितपुर छत्तीसगढ़ की बस्तर, बिहार की जमुई, गया, जम्मू कश्मीर की उधमपुर सीट भी काफी महत्वपूर्ण है।

# अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर हादसे में 10 की मौत

▸ टैंकर में पीछे से टकराई कार, हादसे में कार के परखच्चे उड़े




एजेंसी

**नडियाद (गुजरात)।** अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर नडियाद के समीप भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। एक्सप्रेस वे पर टैंकर के पीछे तेज रफ्तार में आ रही कार सीधे टैंकर के पीछे जा टकराई। यह कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी।

नडियाद के समीप अपने से आगे जा रहे टैंकर से कार तेज रफ्तार में जा टकराई। इसके बाद पूरा हाइवे चीख-पुकार से गूंज उठा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। यहां एक टैंकर के पीछे कार अंदर जा घुसी थी। क्रेन बुलाकर किसी तरह कार को बाहर निकाला गया। कार से 10 लोगों को बाहर निकाला गया। इसमें 8 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

मरने वालों के नाम इस प्रकार हैं- योगेशभाई पंचाल (अहमदाबाद), सुरेन्द्रसिंह रावत (ड्राइवर, राजस्थान), नीलकुमार भोजाणी (वडोदरा), जयश्रीबेन मिस्त्री (वडोदरा), सोलंकी अमित (वापी), शाहबुद्दीन अंसारी (मुंबई), हैतिक सोनी (डीसा), दक्ष सोलंकी (वापी), उषा सोलंकी (वापी)।

### बेकाबू लोडर पलटने से महिला समेत 3 लोगों की मौत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में आज एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जहां एक लोडर बेकाबू होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 24 लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक लोडर में सवार होकर 40 लोग कानपुर बारा देवी मंदिर जा रहे थे। वहीं, जब लोडर चकेरी थाना क्षेत्र के सनिगवा इलाके में पहुंचा तो अचानक ही बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में मौके पर ही 3 लोगों की मौत हो गई जबकि दो दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोडर में क्षमता से अधिक लोग होने की वजह से यह हादसा हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गाजियाबाद से गाजीपुर तक होगा भाजपा का सफाया

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि इस समय बदलाव की हवा चल रही है और उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए को पीडीए हराएगा। यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है। बदलाव की हवा चल रही है। उन्होंने दावा किया, भाजपा की हर बात झूठी निकली। न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला। विकास के वादे भी अधूरे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, चुनावी बॉण्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') एक नयी उम्मीद है। जिस दिन देश का किसान खुश हो जाएगा, उन्हें सही एमएसपी मिलेगी और उनकी आय बढ़ेगी, उस दिन से गरीबी खत्म होनी शुरू हो जाएगी। यादव ने कहा कि जातिगत जनगणना भी एक जरूरी कदम है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय होगा।

### प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी में झामुमो नेता पर केस दर्ज

**साहिबगंज (झारखंड)।** पीएम मोदी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने के मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य नजरूल इस्लाम के खिलाफ साहिबगंज टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। साहिबगंज नगर थाना में सदर बीडीओ सुबोध कुमार के बयान पर आचार संहिता उल्लंघन मामले व अमर्यादित भाषा का उपयोग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। 14 अप्रैल को साहिबगंज स्टेशन चौक पर झामुमो के प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नजरूल इस्लाम ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# कांग्रेस को असम के लोगों की परवाह नहीं : मोदी

▸ मोदी ने नलबाड़ी के बरकूरा में चुनावी रैली को किया संबोधित

एजेंसी

**नलबाड़ी (असम)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वे खुद असमिया फूलम गमछा के ब्रांड एंबेसडर हैं। प्रधानमंत्री ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया जब गले में असमिया गमछा डालने पर कांग्रेस उनका मजाक उड़ाती है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस को असम के लोगों की भावना की कोई परवाह नहीं है।



भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी बुधवार को असम के नलबाड़ी के बरकूरा में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। हमारे मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा असम के विकास के लिए जिस प्रकार दिन-रात काम कर रहे हैं, उससे कांग्रेस बहुत पीछे चली गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को दिया हुआ वोट किसी काम नहीं आएगा, क्योंकि केंद्र में उनकी सरकार नहीं बनेगी। यदि भाजपा को वोट देंगे तो विकसित भारत बनाएगा। अगले 5 वर्षों तक बिना भेदभाव के आपको मुफ्त राशन ऐसे ही मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि हर परिवार में दादा, दादी, पिता, माता आदि 70 साल के ऊपर के लोग होते हैं। उनको कोई भी तकलीफ हो तो परिवार के संतानों पर बोझ पड़ता है। इसलिए मोदी ने तय किया है कि आपके परिवार में 70 साल से ऊपर के जितने भी बुजुर्ग हैं, उनकी बीमारी के इलाज की चिंता मोदी करेगा। हर वर्ग के इन बुजुर्गों को बिना भेदभाव के आयुष्मान योजना के तहत 5 लख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

### आतंकवादियों की योजना विफल, पुंछ से बरामद तीन आईईडी नष्ट

**पुंछ।** पुंछ में एक आतंकी ठिकाने से सुरक्षाबलों को तीन रेडी-टू-यूज़ इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद की गई, जिनमें से प्रत्येक का वजन तीन से 20 किलोग्राम के बीच था। बम निरोधक दस्ते ने तीनों आईईडी को नष्ट कर दिया। सैन्य अधिकारी ने कहा कि पुंछ जिले के सनाई-गुरसाई के वन क्षेत्र में पुलिस, सीआरपीएफ और राष्ट्रीय राइफल्स के संयुक्त जवानों के तलाशी अभियान के दौरान पांच किलोग्राम, 10 किलोग्राम और 20 किलोग्राम की क्षमता वाले स्टील के कंटेनरों के अंदर रखी गई।

# लखनऊ पहुंची चेन्नई की टीम, एमएस धोनी को देखने के लिए उमड़ी भीड़

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** 19 अप्रैल को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के साथ होने वाले मुकाबले के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम लखनऊ पहुंच गई है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट पर भीड़ लग गई। धोनी चेन्नई टीम के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकले और टीम बस में बैठकर होटल के लिए रवाना हो गए। इस दौरान लोगों ने माही-माही के नारे लगाए। धोनी 42 वर्ष के हो गए हैं लेकिन अभी भी टीम की जीत हार में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुंबई के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने हार्दिक पांड्या को तीन लगातार छक्के मारे और अपनी टीम को मैच जिता दिया। उनका स्टारडम अभी भी कायम है और फैंस का उनके प्रति प्यार को देखकर लगता ही नहीं है कि वो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। चेन्नई की टीम का स्वागत करने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में प्रशंसक मौजूद थे।

# लोगों को पूरी तरह से नहीं मिल रहा आरक्षण

▸ अलवर में मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पर साधा निशाना

एजेंसी

**अलवर।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को अलवर शहर में बसपा सुप्रीमो मायावती ने जनसभा को संबोधित किया। यह जनसभा अलवर लोकसभा से बसपा के प्रत्याशी चौधरी फजल हुसैन के समर्थन में आयोजित हुई।



इस दौरान मायावती ने जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार और इससे पहले रही कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दलित वर्ग आज भी कुठाराघात किया जा रहे हैं। पूरे देश में दलितों को नौकरी में आरक्षण का कोटा अभी भी पूरा नहीं हुआ है। आरक्षण का लाभ पूरी तरह से लोगों को नहीं मिल पा रहा है। मुस्लिम और अल्पसंख्यक लोगों को टारगेट किया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बावजूद गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई देश में बड़ी है। देश में भ्रष्टाचार चरम पर है देश की सीमा सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी ने किसानों को राहत नहीं दी। किसी भी पार्टी ने दलित और अल्पसंख्यकों का विकास और उत्थान नहीं किया। इस दौरान मायावती ने बसपा उम्मीदवार को जीतने की अपील लोगों से की। अलवर के विजयनगर मैदान में जनसभा आयोजित हुई। मायावती हेलीकॉप्टर से इंदिरा गांधी स्टेडियम में उतरी थी। यहां से वह जेल चौराहे के पास विजय नगर मैदान में स्थित जनसभा में पहुंची।

### गुलाम नबी आजाद नहीं लड़ेंगे चुनाव, पार्टी ने मो. सलीम को बनाया उम्मीदवार

**जम्मू।** डीपीएपी प्रमुख ने राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला पर हमला बोलते हुए कहा कि ये लोग तो भाजपा से भी गए गुजरे हैं। इनके मुंह पर राम-राम है और बगल में छुरी है।

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। पार्टी के सूत्रों का भी कहना है कि आजाद चुनाव नहीं लड़ेंगे, ऐसे में उनकी जगह अनंतनाग-राजोरी संसदीय सीट से पार्टी ने मोहम्मद सलीम पर्रे को उम्मीदवार बनाया है।

# बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद का कर देंगे सफाया : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिलान्तर्गत हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मारे गए हैं। घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है। इसे सुरक्षा बलों की बड़ी



सफलता बताते हुए गृह मंत्री ने आज एक बयान में कहा कि मोदी सरकार ने देश से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ फेंकने का एक सतत अभियान चलाया हुआ है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है।

### टीएमसी ने चुनाव से पहले जारी किया घोषणा पत्र, किए कई वादे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने पहले चरण के लोकसभा चुनाव के दो दिन पहले घोषणा पत्र यानि की मैनिफेस्टो जारी कर दिया है। उन्होंने इस घोषणा पत्र में सीएए, एनआरसी और यूसीसी को लेकर किए वादे किए गए हैं। बता दें कि 19 अप्रैल के पहले चरण में पश्चिम बंगाल के कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी में मतदान होगा। टीएमसी द्वारा जारी मेनिफस्टो में किए वादे अगर केंद्र में उनकी सरकार बनती है तो सीएए को रद्द किया जाएगा। एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जाएगी। इसके अलावा यूसीसी यानि की यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी लागू नहीं किया जाएगा। टीएमसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने ने मैनिफेस्टो जारी करते हुए ममता बनर्जी ने देश की जनता से 10 वादे किए हैं।

ऐतिहासिक क्षण

## अयोध्या में लगी करीब 150 एलईडी स्क्रीन पर भक्तों ने कार्यक्रम का देखा सजीव प्रसारण

# सूर्य की किरणों ने किया श्रीरामलला का महामस्तकाभिषेक

समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी पर दिव्य-भव्य मंदिर में ऊपरी तल से भूतल तक दर्पण दर्पण घूमती टहलती दृश्यमान देवता दिवाकर की प्रतिनिधि किरणें आज मध्य दिवस में जैसे ही रामलला के ललाट पर सुशोभित हुईं, टकटकी लगाए हजारों हजार आंखें खुशी से छलछला उठीं। रोम रोम पुलकित हो उठा। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं की अपरंपार भीड़ इस अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय पल को सहेजने में लगी थी। यही हाल बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन और अपने घरों में टीवी के सामने बैठे लोगों का भी था।



आज श्रीराम नवमी पर केवल जन्मभूमि मंदिर ही नहीं अपितु पूरी अयोध्या को बहुत ही सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया। ऐसा हो भी क्यों नहीं, आखिर पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीराम लला के अपने मूल स्थान पर विराजमान होने के बाद यह पहला जन्मोत्सव है। पहले तय हुआ था कि मंदिर की पूर्णता के उपरांत सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक की व्यवस्था की जाये, किंतु साधु-संतों का तर्क था कि जब श्रीराम लला विधि-विधान पूर्वक प्रतिष्ठित हो गये हैं तो सब कुछ विधिवत होना चाहिए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की हरी झंडी मिलने के बाद रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च संस्थान का वैज्ञानिक दल सूर्य तिलक को मूर्त रूप देने में जुट गया। यह बहुत आसान नहीं था क्योंकि पृथ्वी की गति के हिसाब से सूरज की दिशा और कोण को समन्वित करके किरणों को उपकरणों के माध्यम से ऊपरी तल से राम लला के ललाट तक पहुंचाना था।

### रामलला के सूर्य तिलक की तस्वीरें देख भावुक हुए मोदी

**नई दिल्ली।** देशभर में यहां आज रामनवमी के अवसर को धूमधाम से मनाया जा रहा है। वहीं अयोध्या में रामलला का सूर्याभिषेक किया गया हैं। इस अद्भुत क्षण का आज सारा देश गवाह बना है। ऐसे में पीएम मोदी इस अद्भुत पल का साक्षी बनना कैसे छोड़ सकते थे। उन्होंने असम में जनसभा के बाद हेलिकॉप्टर में यात्रा के दौरान अयोध्या में हुए रामलला के सूर्याभिषेक का अद्भुत नजारा देखा। असम के नलबाड़ी में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी ने हेलिकॉप्टर से इस अद्भुत पल को देखा। उन्होंने पोस्ट कर बताया कि नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्यतिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा। नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला।

# भाजपा नहीं कर पायेगी दो सौ पार, चौकाने वाले होंगे परिणाम : तनुज

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने प्रेस वार्ता में कहा कि भाजपा नही होगी दो सौ पार, चार जून को चुनाव परिणाम भाजपा के लिए चौकाने वाले होंगे। इंडिया गठबंधन देश में भाजपा की लगाई नफरत की आग को बुझाने का काम कर रहा है।

वहीं कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव व बाराबंकी प्रभारी सैफ अली नकवी ने पत्रकारों से कहा कि तनुज मेरे अनुज है उनके लिये मेहनत से काम करने का चुनाव है ये चुनाव जनपद में स्व0 रामसेवक यादव, बाबू बेनी प्रसाद वर्मा, बाबू राम चन्दर बख्श सिंह की विरासत को आगे बढाने का चुनाव है जिसे इण्डिया गठबन्धन का हर घटक दल पूरी मजबूती से साथ चुनाव में अपनी भागीदारी निभाकर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने के प्रयास में है। इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन मे इण्डिया गठबन्धन के घटक दलों की संयुक्त प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाफिज अयाज, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के राज्य परिषद के सदस्य रणधीर सिह, सुमन एडवोकेट, जिला सचिव बृज मोहन वर्मा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के प्रदेश के प्रधान महासचिव अब्दुल रहमान लल्लू, (शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट) के जिला प्रमुख मनोज दिद्रोही, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मो0 मोहसिन, इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया, कांग्रेस प्रवक्ता सरजू शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।



### दस वर्षों से मोदी सरकार ने जनता को ठगने का किया काम-तनुज

इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पत्रकरों से रूबरू होते हुये कहा कि यह चुनाव संसदीय क्षेत्र की जनता मजबूती के साथ लड़ रही है क्योंकि दस वर्षों की मोदी सरकार ने जनता को ठगने और छलने का काम किया है उनका जनता से किया हर वादा झूठा निकला है और आज उनका चुनावी घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है जिसमें नौजवान के रोजगार मंहगाई किसान के कर्जमाफी की कोई बात नहीं है जबकि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र जिसे न्याय पत्र का नाम दिया है वह देश के नौजवान किसान, मजदूर महिलाओं, सेना के नौजवानो के मान सम्मान की पहचान है जिसे जनता ने अपने दिल से लगा कर रक्खा है हमें पूरा विश्वास है कि जिस तरह का प्यार सहयोग समर्थन हमें मिल रहा है उससे इण्डिया गठबन्धन की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है और यह करिशमाई नतीजा हमारे गठबन्धन के साथियो की मेहनत से हो रहा है।

### समाजवादियों का गढ़ है दर्ज होगी ऐतिहासिक जीत

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने पत्रकारों से रूबरू होते हुये कहा कि जनपद बाराबंकी समाजवादियों का गढ़ है संसदीय क्षेत्र का एक-एक समाजवादी पार्टी का नेता सिपाही पूरी जिम्मेदारी से इण्डिया गठबन्घन प्रत्याशी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ है और वह अपनी मेहनत से गठबन्धन के प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत दर्ज करायेगा। आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा विपक्ष को खत्म करने का प्रयास कर रही है लेकिन हम उसकी कभी किसी भी चाल से डरने वाले नहीं है, संविधान को बदलने की साजिश भाजपा पर भरी पड़ेगी संसदीय क्षेत्र बाराबंकी से इण्डिया गठबन्घन का प्रत्याशी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। शिव सेना उद्धव ठाकरे के गुट जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने कहा कि मोदी सरकार तानाशाही के राह पर चल रही है और जोड़ तोड़ करके जनता की चुनी हुई सरकारों को गिराने का काम कर रही है हम इस निरंकुश सरकार को खत्म करने के लिये अपने आपसी मतभेदों को भुलाकर इण्डिया गठबन्धन का साथ देकर तनुज पुनिया को भारी मतों से जितायेंगे। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के राजपरिषद के सदस्य रणधीर सिंह सुमन तथा जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने प्रेसवार्ता में इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी को अपनी पार्टी का समर्थन देते हुये कहा कि हमारा एक-एक कार्यकर्ता गठबन्धन प्रत्याशी की जीत दर्ज कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रधान महासचिव अब्दुल रहमान लल्लू ने अपनी पार्टी का खुला समर्थन गठबन्धन के प्रत्याशी को देने घोषणा की। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने इण्डिया गठबन्घन के घटक दल के सभी नेताओं का सहयोग करने पर धन्यवाद व्यक्त करते हुये कहा कि इण्डिया गठबन्घन एक विचार धारा है और इसका गठन भाजपा की जालिम सरकार को खत्म करने के लिये हुआ है 2014 जब देश की जनता को हसीन सपने दिखाकर सत्ता में आये प्रधानमंत्री मोदी अब सिर्फ अडाणी और अम्बानी के होकर रह गये हैं इसके लिये जनता इन्हें कभी मॉफ नहीं करेगी।

# ऐतिहासिक मेला चैती के दूसरे दिन आर. के. म्यूजिकल ग्रुप ने आयोजित किया भजन संध्या का कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।

छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में राजेश दीक्षित द्वारा आर0के0 म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम मुख्य अतिथि डा0 अभिषेक मेहरोत्रा, विशिष्ट अतिथि डा0 सौरभ दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। भजन संध्या की शुरुआत आर0के0 म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार भजन गायक राजेश दीक्षित ने - इतनी शक्ती हमे देना दाता मन का विश्वास कमजोर हो न।

हे राम हे राम जग में सांचा तेरो नाम हे राम हे राम से की।

चदरिया झीनी रे झीनी

गायिक करुणा ने -

हे रोम रोम में बसने वाले राम

जगत के स्वामी हे अन्र्तयामी मैं तुझसे क्या मांगू।

मैने मोहन को बुलाया है वो आता होगा, राधे राधे बोल श्याम आयेंगे।




संत भगत हितकारी मेरे राम जी पधारे।।

गायिक निधि सिंह ने -

सत्यम शिवम सुन्दरम।

यशोमति मइया से बोले नंदलाला, राधा क्यो गोरी मै क्यो काला।

ओ कान्हा अब तो मुरली बाजे सुनाकर श्रोताओं को भक्त रस में सराबोर कर दिया।

वाद्य यंत्रों में की बोर्ड पर बब्बू बाजपेयी, तबला व नाल पर आशू शुक्ला, गिटार व आक्टोपैड पर अपूर्व दीक्षित ने साथ दिया। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया।

विनोद मिश्रा नगर अध्यक्ष व्यापार मण्डल, डा0 राम औतार यादव सभासद राजेश वर्मा, सब्बन खान, शाहिद अली अंसारी, आशीष अवस्थी लालू, हरिओम वर्मा, रज्जन खां, सुरेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सुशील कुमार, नानकचंद वर्मा, दानिश राईन, मोहित कुमार कनौजिया, सौरभ तिवारी, हर्ष अवस्थी, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रक-टैंकर की जोरदार टक्कर में चालक घायल

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** गोला से लखीमपुर जा रहे ट्रक का टायर फट जाने से टैंकर और ट्रक में हुई आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर होने से ट्रक चालक गंभीर रूप से हुआ घायल। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रक चालक को जिला अस्पताल भिजवाया। रविंदर कुमार कुंभी चीनी मिल से चीनी लेकर लखीमपुर जा रहे थे। लखीमपुर गोला मार्ग पर लालपुर क़स्बा के ट्रक का अगला टायर फट गया। जिससे लखीमपुर से गोला की की ओर जा रहे एक टैंकर से आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे ट्रक चालक रविंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया वही बीचोबीच सड़क पर दो वाहनों की टक्कर होने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही उस समय कोई अन्य राहगीर नहीं निकला वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रक चालक रविंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक से चालक को निकलवा कर जिला अस्पताल भिजवाया जहां हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रक और टैंकर की हुई टक्कर में सड़क पर शीशे टूट कर गिर गए थे। जिस पर थोड़ी देर में निकलने वाले बाइक सवार सर्वेश कुमार की बाइक फिसल गई। जिससे सर्वेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सर्वेश कुमार अपने गांव बस्तौली से लखीमपुर किसी काम से आ रहे थे।

### नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी की पीड़ित ने दी तहरीर



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र में चोरी होने का शिलसिला थम नहीं रहा है। सकतापुर गांव में हुई चोरी का पुलिस अभी खुलासा कर नहीं सकी थी वही दूसरी तरफ सोमवार की रात को जगन्नाथपुर गांव इंजीनियर के घर से दस हजार की नगदी समेत लाखो के जेवर चोरी हो गए है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दीं है। फरधान थाना क्षेत्र के गांव निवासी राजपाल सिंह के दोनों बेटे सुरेन्द्र पाल सिंह और मनोज सिंह इंजीनियर है। दोनों के परिवार अक्सर बाहर रहते है। इन दिनों सुरेंद्र पाल की पत्नी यही घर पर ही थी। सोमवार की रात को कुछ अज्ञात चोर पीछे के दरवाजे से कर घर में घुस आए और दस हजार की नगदी समेत अलमारी के लाकर के ताला तोड़कर परिवार सहित घर में एक सोने का हार, दो जोड़ी पायल, चार सोने की अंगूठी माल के बर्तन, चार कीमती साड़ी व जैकेट लाखों का सामान चोरी कर ले गए।राजपाल सिंह को चोरी होने की जानकारी सुबह-सोकर उठने के बाद हुई। वही गांव के दूसरे अलोक सिंह के मकान में सेंध लगाने का प्रयास किया गया लेकिन दीवार कट न सकी इसलिए चोरी न हो सकी। परसेहरा बुजुर्ग गांव में दुर्गा मंदिर से दान पात्र चोरी हो गया है। परसेहरा बुजुर्ग गांव के ग्राम प्रधान प्रताप सिंह के भाई प्रमोद सिंह के यहां चोर घुसे थे लेकिन उनकी बड़ी आहट पाकर जाग गयी। जिससे चोर चोरी करने में सफल नहीं हुए। चोरी की सुचना पाकर पुलिस ने मौका मुआयना किया है। एसओ कौसल किशोर ने बताया पीड़ित राजपाल सिंह ने चोरी होने की सूचना दीं है। सुबह मौके पर जब पुलिस गयी थी तो केवल फल और ड्राई फ़ूड समेत कपडे चोरी होने की बात कही थी। लेकिन दोपहर बाद तहरीर दीं तब जेवर और नगदी की भी चोरी होने सूचना दे रहे है। मामला संदिग्ध लग रहा है इसलिए अभी मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। जाँचकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### प्रेमिका मौका पाकर प्रेमी संग फरार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बीती रात मौका मिलते ही एक प्रेमिका अपने घर के पास ही रहने वाले अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। जिसकी शिकायत थाना जैदपुर में करते ही पुलिस जांच पड़ताल व तलाश में जुट गई है।

मामला जैदपुर कस्बे के एक मोहल्ले का है जहां एक प्रेमीका बुधवार की बीती रात मौका मिलते ही अपने आशिक के साथ घर से फरार हो गयी। सूत्रों ने बताया कि ये दोनो एक ही मोहल्ले में रहते थे?। और दोनों में प्रेम था। आज मौका मिलते ही वादे के अनुसार दोनों? एक साथ फरार हो गये।जबकि पीड़ित पिता ने थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देते हुये लड़की को भगाने का आरोफ लगाया है। पुलिस द्वारा जांच पड़ताल व तलाश जारी है।

### रंगे हाथ पकड़े गए जुआरी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते रहे दो जुआरियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर गिरिफ्तार किया मौके से 1900 रूपए व ताश के पत्ते बरामद कर की गयी कार्यवाही। जानकारी के अनुसार कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय सिपाही रितुराज अरविन्द्र शैलेश सहित पुलिस बल के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सटीक सूचना पर कस्बे के मोहल्ला मोलवी कटरा की मस्जिद के पीछे जुआ खेलने रहे। इबरान उर्फ़ नियाज़ पुत्र इरशाद उर्फ निसार जाफर उर्फ़ मोनिस पुत्र जावेद अली मोहल्ला मोलवी कटरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को काफी मेहनत व घेराबंदी कर गिरिफ्तार कर लिया गया जहां 1900 रूपए नकद व ताश के 52 पत्ते बरामद कर जुआरियों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया दो जुआरियों को गिरफतार कर कार्यवाही की गयी है। आगे जुआ खेलने की जानकारी होने पर जुआरियों को किसी भी हालत पर बख्शा नहीं जायेगा।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रामनवमी

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** रामनवमी के अवसर पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ कस्बे के संगत मंदिर से राम जन्म महोत्सव प्रभातफेरी बैंड बाजे के साथ निकाली गयी। जहां भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। बताते चले कि हर वर्ष की इस वर्ष भी बुधवार को सुबह कस्बे के मोहल्ला संगत मंदिर से रामनवमी पर जन्म महोत्सव प्रभातफेरी बैंड बाजे के साथ शंख बजाते हुये छोटी बाजार छोटा इमामबाड़ा बाजार चमरहिया होते हुये जयकारे लगाते हुए वापस संगत मंदिर पहुंचा। जहां दोपहर 12 जन्म व पूजा पाठ सहित प्रसाद का वितरण किया गया। प्रभातफेरी में जय श्री राम जय श्री राम की सदाओं को बुलंद करते हुये अमरीश रावत दीपक निगम दिवेश कुमार जायसवाल श्यामू जायसवाल डीएम वर्मा जितेन्द्र डाक्टर जेपी वर्मा लालजी गुप्ता उमाकांत मन्नू पहलवान अनिल गुप्ता विशाल जायसवाल सहित भारी संख्या महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। सुरक्षा के मद्देनजर सुबह से ही थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय अरविंद रितुराज गुफरान खान सहित पुलिस बल समापन तक मौजूद रहा।

### पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को किया बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नवरात्र की नवमी के अवसर पर कस्बा लखना के पुराना नहर पुल पार से कन्या भोज में गयी एक ननिहाल आई 3 वर्षीय बालिका अचानक लापता हुई परिजनों ने इंतजार के बाद उसकी खोजबीन की तो कोई सुराग न लगने पर लखना चौकी पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत मुहाल दीक्षितान में भटक कर पहुंचने पर बरामद करके परिजनों को सौंपा।

लखना नहर पुल पार निवासी प्रताप सिंह चौहान कन्धेशीघार बाले की बेटी आरती तोमर पत्नी धर्मेंद्र तोमर की 3 वर्षीय पुत्री आराध्या सुबह 8 बजे पडोस में कन्या भोज ले लिए गयी तो खेलते खेलते अचानक लापता हो गयी जिस पर मां व नाना परेशान हो गये काफी खोजबीन करने के बाद जब घर नहीं आई तो सोशल मीडिया पर ग्रुपों पर खबर डाल दी इसके बाद लखना चौकी इंचार्ज ललित कुमार व हैड कान्सटेबिल विजय दीक्षित सक्रिय हुए तो उसको दीक्षितान मुहाल में बरामद करके आपरेशन मुस्कान के तहत परिजनों को सुपुर्द कर दिया तब परिजनों ने राहत की सांस ली।

# एसएसबी जवान ने खुद को सरकारी राइफल से मारी गोली

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी के निघासन इलाके के भारत-नेपाल सीमा पर स्थित डांगा एसएसबी कैंप में तैनात एक जवान ने मंगलवार की रात में खुद को सरकारी राइफल से गोली मार ली। गोली उसके चेहरे के पास गर्दन में लग गई, और वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे आनन फानन में निघासन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एस एस बी जवान ने मंगलवार की दोपहर अपनी पत्नी से फोन पर 15 मिनट पर बात की थी। पत्नी का कहना है



कि हम लोगों में सामान्य बातें हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामगढ़ क्षेत्र के न्यू रामगढ़ निवासी संजय सिंह यादव (33) पुत्र सतीश चंद्र यादव वर्ष 2012 से एसएसबी की तृतीय बटालियन में तैनात थे। वह चार भाई थे। जिनमें संजय के अलावा नीरज, अविनेंद्र, राहुल हैं। मंगलवार दोपहर 12 बजे संजय ने अपनी पत्नी मंजू देवी से फोन पर वीडियो कॉलिंग भी की थी, जिसमें आम दिनों की तरह सामान्य बातें हुई थीं। इसके बाद संजय के पिता को रात 9 बजे बेटे द्वारा आत्महत्या करने की खबर मिली। यह खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उनका शव लेने के लिए परिवार के लोग लखीमपुर के लिए रवाना हो गए हैं। बुधवार को उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ लगी रही।

सूचना पाकर तिकुनिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जवान ने आत्महत्या की है। लेकिन उसने आत्महत्या क्यों की, यह अभी तक साफ नहीं हो पाया है। साथी जवानों का कहना है कि वह पिछले काफी दिनों से परेशान रह रहा था। आत्महत्या के कारण का नहीं चला पता। सीओ निघासन प्रवीण यादव ने बताया कि आत्महत्या का कारणों की छानबीन की जा रही है। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा।

# चोरों ने धावा बोलकर एक घर की जेवर व नकदी किया साफ

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

थाना लोनी कटरा अंतर्गत लदई का पुरवा गांव स्थित एक घर में धावा बोलकर चोरों ने लाखों रुपए कीमत के जेवरों का नदी पर हाथ साफ कर दिया और चंपत हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी संजय वर्मा पुत्र शिव शंकर वर्मा के आवास पर बीती रात खिड़की उखाड़ कर घुसे अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखें लगभग रुपये 300000 कीमत के सोने चांदी के जेवरों के अलावा रुपये 7000 की नगदी पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गया सुबह 5:00 बजे जगहट होने पर चोरी का पता चला। गृह स्वामी द्वारा इसकी सूचना तत्काल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची 112 पुलिस द्वारा छानबीन के बाद पीड़ित को थाना लोनीकटरा में शिकायत करने की सलाह दी गई। संजय वर्मा ने बताया कि थाना में लिखित सूचना दिए जाने के बाद से अभी तक कोई पुलिस कर भी जांच करने नहीं पहुंचा और न ही कोई कार्यवाही हुई है।

# 298 कुन्तल खाद्यान्न गमन के आरोप में पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार पर दर्ज कराया मुकदमा

धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र धौरहरा के कोटेदारों द्वारा किए जा रहे कृत्यों से परेशान होकर एस डी एम,नायब तहसीलदार व पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा जांच के उपरांत पूर्ति निरीक्षक धौरहरा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के एक कोटेदार पर पिछले तीन माह से शेष राशन की कालाबाजारी करने के आरोप में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादी पूर्ति निरीक्षक ललित कुमार पाठक



ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत जुगुनूपुर के उचित दर विक्रेता राजेश कुमार पुत्र बाबूराम द्वारा फरवरी मार्च-अप्रैल में प्राप्त खाद्यान्न ने भारी गड़बड़ी की। तहरीर के अनुसार लगभग तीन दर्जन लोगों को विक्रेता द्वारा राशन कार्ड धारकों को बहाने से अंगूठा लगवाया गया व चीनी गेहूं व चावल आदि उपलब्ध नही कराया गया। ग्रामीणों की

> जन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उच्चाधिकारियों द्वारा जांचोपरांत निर्देश मिलते ही कोटेदार पर सरकारी राशन गमन करने की तहरीर दी जिस पर धौरहरा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दिया है।
> **ललित पाठक, पूर्ति निरीक्षक धौरहरा**

शिकायत पर राशन दुकान का स्थलीय निरीक्षण व सत्यापन करने पर दर्ज चौहद्दी से अलग व 173 कुन्तल चावल व 115.17 कुन्तल गेहूं कुल 298 कुन्तल खाद्यान्न कम मिलने पर कार्रवाई हुई।

# अंबेडकर और बुद्ध की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने किया क्षतिग्रस्त, पुलिस ने कराई मरम्मत

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी के फरधान थाना क्षेत्र के गांव परसेहरा बुजुर्ग में अराजक तत्वों ने अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। घटना की जानकारी ग्रामीणों को सुबह हुई।

सूचना पाकर गांव में आनन फानन में भारी फोर्स पहुंच गयी और क्षतिग्रस्त प्रतिमाओ का मरम्मत कार्य शुरू करा दिया गया है। वही एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा ने मौका मुआयना आवश्यक जानकारी।



फरधान थाना क्षेत्र के परसेहरा बुजुर्ग पुर गांव में वर्षों पुरानी लगी अंबेडकर और गौतम बुद्ध की प्रतिमा को सोमवार की रात को अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। वही पर पानी पीने के लिए लगे हैंडपम्प को भी उखाड़ लिया दोनों मूर्तियों के पास डाल दिया।अनुमान लगाया जा रहा है उसी नल से मूर्तियों को क्षति ग्रस्त किया गया है। अम्बेडकर मूर्ति का दाया हाथ और कमर के नीचे का कोट टूटा मिला जबकि गौतम बुद्ध की प्रतिमा का दाया हाथ टूटा है। घटना को लेकर गांव में मामला शांत है। पुलिस के अनुसार कुछ अराजक तत्वों ने क्षति पंहुचाई है। घटना की सूचना क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। गांव के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी।

सूचना मौके पर एसपी, सीओ, तहसीलदार समेत मौके पर पहुचें। पुलिस ने गांव पहुंचकर क्षतिग्रस्त प्रतिमा की मरम्मत शुरू करा दी।

# पति-पत्नी में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मिलेगी राहत

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

दम्पत्ति कार्मिकों की समस्या को लेकर गंभीर शिक्षक संगठन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर के मांग पत्र के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पति-पत्नी दोनों में से किसी एक को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त किए जाने हेतु समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

> यूटा की पहल पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पूर्वानुसार कार्यवाही के दिए निर्देश

उक्त जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया है कि संगठन की पहल पर गत लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 एवं विधानसभा चुनाव 2022 में ऐसे पति-पत्नी जो दोनों ही सरकारी सेवा में है उनकी बच्चों के देखभाल की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उनमें से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने हेतु निर्देश दिए गए थे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने अपने पत्र के माध्यम से चुनाव आयोग के संज्ञान में लाया गया था कि चुनाव में पोलिंग ड्यूटी हेतु कार्मिकों को एक दिन पूर्व ही पहुंचना होता है और रात्रि प्रवास पोलिंग स्टेशन पर ही करना होता है ऐसे में यदि पति-पत्नी दोनों की ड्यूटी लग जाती है तो उनके बच्चों की देखभाल का गंभीर संकट उनके समक्ष रहता है। ऐसे में उन दोनों में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त किया जाना चाहिए ताकि वे बच्चों के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाह कर सकें। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग को दिए गए पत्र के क्रम में प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी को पूर्ववत कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। शिक्षक संगठन यूटा के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, जिला महामंत्री सत्येंद्र भास्कर, जिला कोषाध्यक्ष पुर्णेश प्रताप सिंह, जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, मोहित सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने चुनाव आयोग के निर्देशों के क्रम में ऐसे कार्मिकों के प्रार्थनापत्रों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर पति-पत्नी में से किसी एक को ड्यूटी से मुक्त करने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी से मांग की है।

# पेट्रोल पंप कर्मी वाहनों पर चस्पा करेंगे मतदाता जागरूकता स्टीकर

> स्टीकर अभियान के तहत 5 लाख वाहनों एवं 7 लाख एलपीजी कनेक्शन धारकों को जागरूक करने का लक्ष्य

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने आज अपराह्न 12 बजे स्वास्तिक ट्रेडर्स पेट्रोल पंप पर आयोजित मतदाता जागरूकता स्टीकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के संयोजक पेट्रोल पंप के मालिक दीपक जैन ने मुख्य अतिथि जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम सदर श्री विजय कुमार त्रिवेदी, जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश कुमार तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय, उप जिलाधिकारी श्वेता मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीवी सिन्हा सहित अन्य अधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। जिला पूर्ति अधिकारी डॉ राकेश कुमार तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारी और समाजसेवी मिलकर एक टीम के रूप में कार्य करते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, जिसका प्रभाव आगामी 20 मई को मतदान दिवस पर अवश्य दिखाई पड़ेगा।

इसके पश्चात जिलाधिकारी श्री



सत्येंद्र कुमार ने विभिन्न वाहनों पर प्रचार के लिए बनाए गए मतदाता जागरूकता स्टीकर का अनावरण करते हुए स्वयं एक दिव्यांग मतदाता के वाहन पर स्टीकर लगाकर इस अभियान का शुभारंभ किया तथा जनपद के लगभग 5 लाख रजिस्टर्ड वाहनों पर स्टीकर लगाने का सभी पेट्रोल पंप मालिकों से आवाहन किया।इसके बाद उपस्थित जन समूह को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई तथा प्रत्येक दशा में मतदान दिवस को पर्व के रूप में मनाने के लिए आग्रह किया।

कार्यक्रम के संयोजक दीपक जैन द्वारा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट से आग्रह किया गया जिसमें सभी अधिकारियों ने एक स्लोगन के साथ अपने हस्ताक्षर किये। अन्त में समाज सेवी दीपक जैन ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया और जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की प्रशंसा की और मीडिया के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर सरदार भूपेंद्र सिंह, सुनील झुनझुनवाला, सरदार हरपाल सिंह, संजय जैन, आनन्द जैन, निहाल अग्रवाल, शुभ अग्रवाल सहित जनपद के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया श्री रामनवमी का उत्सव

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

हिन्दू युवा वाहिनी हैदरगढ़ के तत्वाधान में बुधवार को भगवान श्री राम जी की सप्तम भगवामय विशाल शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई।

गत वर्षों की भांति प्रातः विजयी हनुमान मन्दिर पर युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारियों ने सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। सुंदरकांड के पाठ के बाद दोपहर 12:00 बजे भगवान राम का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात शाम 5:00 बजे केशव मैरिज हाल से भव्य शोभायात्रा का शुभारम्भ हुआ। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों द्वारा प्रभु पर पुष्पवर्षा कर आरती उतारी गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तो दूसरी ओर महिला शक्ति भी पीछे न रहते हुए अपने घरों के द्वार पर रंगोली सजाकर दीप प्रज्वलित कर कर प्रभु की यात्रा का अभिनंदन किया। हिंदू युवा

> हिंदू युवा वाहिनी हैदरगढ़ द्वारा निकाली गई विशाल शोभायात्रा

वाहिनी के अध्यक्ष आनंद पांडे ने बताया कि इस बार निकाली गई शोभायात्रा में सभी भक्तों को भगवान श्री राम के बाल रूप के दर्शन होंगे और बाहरी कलाकारों द्वारा आयोजित भस्म आरती और तांडव नृत्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा और नगर के मुख्य चौराहे पर भगवान श्री राम की 10 फुट की ऊंची प्रतिमा भी स्थापित की गई।

जय श्री राम के जय घोष के साथ रामेश्वरम शिवाला मन्दिर पहुंची यात्रा का मन्दिर समिति द्वारा आरती कर स्वागत किया गया। साथ चल रहे युवा भक्तों के हाथों में भगवा ध्वज माथे पर त्रिपुण्ड सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय करता प्रतीत हो रहा था युवा वाहिनी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष आनन्द पाण्डेय (मनु) ने स्थानीय शासन प्रशासन एवं नगरवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यात्रा मार्ग में विभिन्न प्रकार के मांगलिक आयोजन होते रहे ध्वज नृत्य,देवी देवताओं की मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति, भगवा होली,लोक नृत्य आदि भव्य रथ पर अपने अत्यंत लाडले भक्त हनुमंत लाल जी संग विराजमान मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की अदभुत छटा देख मन प्रफुल्लित होता जा रहा था।

### प्रसाद का हुआ वितवरण

युवा नेता रोहित मिश्रा आशीष साहू द्वारा श्री राम शोभायात्रा में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में बूंदी लईया और पानी का वितरण किया गया इसी तरह नगर में अन्य श्रद्धालुओं द्वारा भी जगह-जगह पर स्टाल लगाकर श्री राम शोभा यात्रा में आए हुए भक्तों को प्रसाद के रूप में पूरी सब्जी छोला चावल बूंदी आदि का वितरण किया गया।

### आग से ढाई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत रामपुर व कादीपुर गांव के बीच गेहूं की खड़ी फसल में आग लग जाने से तीन किसानों की लगभग ढाई बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना पाकर अग्निशमन दल के समय से पहुंच जाने के कारण अन्य किसानों की फसल जल जाने से बच गई।

बुधवार की शाम लगभग 4:00 बजे अज्ञात कारणों के चलते लगी आग ने सबसे पहले रामपुर मजरे बहादुरपुर गांव निवासी रामचंद्र पुत्र राम आधार के खेत में खड़ी फसल को अपनी चपेट में लिया, और देखते ही देखते आग ने पड़ोसी गांव कादीपुर मजरे शाहपुर डेहवा निवासी ताराचंद एवं चंद्रभान के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। खेतों में आग लगते ही आसपास के खेतों में मौजूद ग्रामीणों द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। आग लगने की सूचना ग्राम प्रधान रामनिवास त्रिवेदी द्वारा तत्काल अग्निशमन दल को दी गई जिसकी वजह से भीषण अग्निकांड की घटना को टाला जा सका। अग्निकांड में रामचंद्र की आठ विश्वा एवं ताराचंद्र एवं चंद्रभान की एक-एक बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई।

# एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लखनऊ के तत्वावधान में 3 से 18 अप्रैल तक मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लखनऊ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नीरज पुनेठा के नेतृत्व 3 अप्रैल से 18 अप्रैल 2024 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत ग्रुप मुख्यालय के तमाम बटालियनस के एनसीसी कैडेट्स जोश व उत्साह के साथ प्रतिभाग कर रहे है, जिसमे 20 यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन, 19 यूपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन, 63 यूपी एनसीसी बटालियन, 64 यूपी एनसीसी बटालियन व 67 यूपी एनसीसी बटालियन के कैडेट्स बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

इसके आलावा सीतापुर, लखीमपुर व रायबरेली के भी एनसीसी कैडेट्स बढ़-चढ़ कर स्वच्छता पखवाड़ा में योगदान दे रहे है। ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनेठा के निर्देशानुसार शहर के तमाम विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय जिसमे मुख्य रूप से भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, महिला महाविद्यालय, नेताजी सुभाष महाविद्यालय, एपी सेन महाविद्यालय, महामाया महाविद्यालय तथा दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं आर्मी पब्लिक स्कूल ने प्रतिभाग किया। पखवाड़ा के अंतर्गत पार्क व सड़क की सफाई की गयी, शैक्षिक संस्थानों की सफाई तथा मूर्तियों की सफाई व रंगाई की गयी और कैडेट्स ने आम लोगों को भी अपने घर के साथ साथ सार्वजनिक स्थानों की सफाई रखने के लिए बताया व शपथ दिलायी।

# लोकसभा चुनाव के दौरान यूपी में तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस

### यूपी शासन की ओर से एयर एंबुलेंस व हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग लोकेशंस पर डेप्लॉय किया गया है।

ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव सभी सात चरणों में होना है। इसके लिए किसी भी संकट की स्थिति का सामना करने के लिए इन एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को हायर किया गया है। प्रत्येक चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर को डेप्लॉय किया गया है। उदाहरण के रूप में 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में यूपी के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है।

इसके लिए हेलिकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में तैनात किया गया है, जबकि एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में डेप्लॉय किया गया है। इसी तरह दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलिकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण में हेलिकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में लोकेट किया गया है। 13 मई को चौथे चरण में हेलिकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में तैनात रहेगा।

वही पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलिकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलिकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में तैनात रहेगी। अंतिम चरण यानि एक जून को हेलिकॉप्टर गोरखपुर और एयर एंबुलेंस वाराणसी में तैनात होंगे। आकस्मिक परिस्थितियों में मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही फोर्सेज को लाने व ले जाने में यह हेलिकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार साबित होंगे।

इसके माध्यम से प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि किसी आपात स्थिति में बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपए के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से इस पर कुल 39.20 लाख रुपए का खर्च आएगा। प्रदेश शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है।

## खबरें एक नजर में

### 18 को पश्चिमी विक्षोभ के आने के बाद बदलेगा मौसम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में पिछले कुछ दिनों से तेज धूप के साथ मौसम साफ रह रहा है। इसके साथ चल रही तेज हवाएं लोगों के लिए परेशानी खड़ा कर रही हैं। धूप के कारण लोग दिन में चेहरे को ढक कर सड़क पर आवाजाही कर रहे हैं। बुधवार को लखनऊ में अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के बीच में रहा। पिछले दो दिनों से लखनऊ में सुबह तेज धूप से मौसम गर्म होना शुरू हो जाता है, लेकिन शाम के समय में हल्की ठंडी हवाएं भी चल रही हैं। इससे रात के समय में लोगों को राहत भी मिल रही है। देर रात तक न्यूनतम तापमान 25 डिग्री तक दर्ज किया गया है। सुबह से निकली तेज धूप से आज का भी मौसम गर्म रहेगा। ऐसे में लोग गर्म हवाओं से बचने के लिए जरूरी उपाय करने के बाद ही सड़क पर निकल रहे हैं। सिर पर गमछा, टोपी, दुपट्टा रखकर लोग आवाजाही कर रहे हैं। इस दौरान धूप से बचने के लिए जरूरी एहतियात बरता जा रहा है। दोपहर के समय में 30-35 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले दो दिनों तक बारिश की उम्मीद नहीं है। इसके बाद धीरे-धीरे मौसम में 2-3 डिग्री तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में भी मौसम सामान्य बने रहने की उम्मीद है।

### सपा नेता मनोज सिंह पटेल भाजपा में शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी छोड़ भाजपा ज्वाइन करने वाले मनोज सिंह ने कहा कि सपा में वह कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उन्होंने अपने स्तर पर पार्टी को मजबूत किया, जिला कमेटियां बनाई। लेकिन सच्चे और कर्मठ लोगों को सपा में कोई पूछ नहीं, जिसके चलते आज वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने श्री सिंह को भाजपा का पटका पहना कर स्वागत किया। श्री पाठक ने कहा कि मनोज सिंह के पार्टी में शामिल होने से पूर्वांचल खासकर मिर्जापुर में पार्टी संगठन को ताकत मिलेंगी। मिर्जापुर में पटेल समाज बहुतायत है और मनोज सिंह भी पटेल समाज के बड़े नेता हैं।

### 51 शक्ति पीठ में मां सिद्धिदात्री का पिंडी पूजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नंदन बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र की नवमी मां सिद्धिदात्री का पूजन और पिंडी स्वरूप मे पूजन किया गया। आज के पिंडी पूजन का सौभाग्य समीर निगम और भावना निगम को प्राप्त हुआ। बाद में हवन हुआ। शाम को मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी की अगुवाई मे भजन कीर्तन कार्यक्रम हुआ।

# श्रीराम धर्म के प्रतीक व आदर्श परमपुरुष

### सीएम योगी ने रामनवमी पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में किया यज्ञ

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के अवसर पर बुधवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में यज्ञ किया। इस अवसर पर आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे। श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र व श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मां भगवती के अलग-अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ संपन्न हुआ। नवरात्र प्रकृति और परमात्मा से जुड़ाव की अद्भुत परंपरा है। उन्होंने आदिशक्ति मां भगवती से चराचर जगत के कल्याण की कामना की। योगी ने कहा कि वासंतिक नवरात्र की महत्वपूर्ण नवमी तिथि समाज को मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाले व मानवीय जीवन मूल्यों का उच्च आदर्श प्रस्तुत करने वाले प्रभु श्रीराम के जन्मदिन की भी तिथि होती है। हजारों वर्षों पूर्व अयोध्या के महाराजा दशरथ के पुत्र के रूप में सृष्टि के पालक भगवान विष्णु ने धर्म, सत्य और न्याय की स्थापना के लिए अवतार लिया था। आज भगवान राम का जन्मोत्सव देश दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में इस बार रामनवमी बेहद उमंग और आस्था के साथ मनाई जा रही है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं और इसका अलग ही उल्लास आज वहां के रामजन्मोत्सव में देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण कर हम सभी समाज और देश के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करें, यही भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा का प्रतीक होगा। कन्या पूजन अनुष्ठान और श्रीरामजन्मोत्सव मनाने के पहले सुबह आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में विधि विधान से मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना की। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि का हवन अनुष्ठान किया। मुख्यमंत्री ने खुद मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ किया और लोकमंगल की कामना की।

### योगी ने कन्या पूजन कर की मातृ शक्ति की आराधना

**गोरखपुर।** मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया।
नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।
नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, द्वारिका तिवारी, वीरेंद्र सिंह, दुर्गेश बजाज, विनय गौतम आदि उपस्थित थे।

# दंपति ने आत्महत्या का किया प्रयास पति की मौत, पत्नी का चल रहा इलाज

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में पत्नी से झगड़ा करने के बाद पति और पत्नी ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे काम करने पहुंचे युवक ने दरवाजा खुला देखा तो उसके होश उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया तो वहीं पत्नी का इलाज केजीएमयू में चल रहा हैं।

पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बंथरा थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर में रामभजन परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा नितिन विश्वकर्मा 38 वर्ष पत्नी पूनम के साथ रहता था। नितिन सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर काम करके परिवार का पालन पोषण करता था। बीते तीन दिनों से उसकी बहु पूनम के साथ किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बीती मंगलवार रात को घर पर दोनों में विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद नितिन ऑफिस पर चला गया, कुछ देर बहु भी बिना बताए घर से चली गई। बुधवार सुबह उन्हें फोन पर जानकारी मिली कि बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली हैं। बहू अस्पताल में भर्ती है, जहां पर उसका इलाज जारी हैं। वहीं, शुरु वाती जांच पड़ताल में सामने आ रहा है कि ऑफिस में भी काफी विवाद हुआ, जिसके बाद नितिन ने पहले पूनम को दुपट्टे से फांसी लगाकर मारने का प्रयास किया लेकिन वह बेहोश हो गई। नितिन ने उसे मृत समझकर खुद को भी दुपट्टे से फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पूनम की दूसरी शादी नितिन के साथ हुई थी, पूनम के पहले पति और पिता ने भी आत्महत्या कर ली थी। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि नितिन का शव कब्जें में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। पूनम का केजीएमयू में इलाज चल रहा हैं। स्वास्थ में सुधार आने के बाद सही कारणों का पता चल सकेगा।

# वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाकर मतदान कर सकेंगे मतदाता : रिणवा

समृद्धि न्यूज

### वोटर कार्ड के अतिरिक्त 12 अन्य विकल्प भी मान्य


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान प्रथम चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों विधायकों विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों पोलिंग बूथ पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे। श्री रिणवा ने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा वितरित मतदाता सूचना पर्ची को पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। मतदाताओं को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए उपर्युक्त में से कोई एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा।

प्रवासी निर्वाचकों को केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जाएगा। मतदाता, मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने एवं पोलिंग बूथ जानने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट तथा अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी यूपी की वेबसाइट के साथ वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग कर सकते हैं।

# जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यकीन : भूपेंद्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी यूपी में फ्लॉप थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च हैं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में।

दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी, क्योंकि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर यकीन है। ये बातें प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहीं। भाजपा अध्यक्ष ने साफ किया कि जो दल मिलकर एक साझा मैनिफेस्टो तक नहीं बना सके, वो मिलकर देश चलाने की बात करते हैं। उनके मैनिफेस्टो में सिर्फ वादे ही वादे हैं, इन वादों को पूरा करने का कोई मास्टर प्लान नहीं। प्रदेश और देश की जनता उनकी बातों में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि दो नवयुवकों को पार्टी देश में संयुक्त रूप से भी 50 सीटों का आकड़ा नही छूने वाली है। उत्तर प्रदेश में दोनो ही दलों को जनता शून्य पर आउट करने वाली है। जिन्होंने संविधान में बार-बार संशोधन किए उन्हें आज संविधान की चिंता हो रही है। जिनकी सरकारों के समय काम कम और भ्रष्टाचार टूजी, सीडब्ल्यूजी, कोल घोटाला ज्यादा हुआ वो दूसरों को सर्टिफिकेट दे रहे हैं। जिनकी सरकारों में राजस्थान जैसे राज्य पेपर लीक के नए अड्डे बन गए थे, बोर्ड की परीक्षाओं में खुलेआम नकल कराई जाती थी, पैसे के दम पर सेंटर के सेंटर बुक कर लिए जाते थे, सामूहिक नकल के लिए ठेके उठते थे, नकल माफिया सरकारी धन पर पोषित किए जाते थे और पुलिस-प्रशासन मूक दर्शक बने रहते थे, वो नकल विरोधी कानून क्या बनाएंगे?

आज केंद्र और भाजपा की प्रदेश सरकारें पेपर लीक पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही हैं और दोषियों को ऐसी सजा दिलाई जा रही है जो एक सबक बनेगी। भूपेंद्र चौधरी ने कांग्रेस के गरीबी हटाने के वादे पर भी तंज करते हुए कहा कि जिनके खुद के अकाउंट फ्रीज हो चुके हैं वो दूसरों के अकाउंट में क्या पैसा डालेंगे? कांग्रेस का घोषणा पत्र पहले के घोषणा पत्र जैसा ही है। वे गरीबी हटाने की बात 70 साल से करते आ रहे हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई भ्रष्टाचार आ रहें हैं, लेकिन जनता की गरीबी तो दूर नहीं हुई। इसके विपरीत भ्रष्टाचार के दलदल में डूबकर इनके नेता जरूर करोड़पति हो गए। कांग्रेस का गरीब महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा चुनावी हथकंडे से ज्यादा कुछ नहीं। किसानों को लीगल एमएसपी के वादे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, क्या वहां पर किसानों को लीगल एमएसपी मिल गया है, क्या वहां किसानों का कर्ज पूरी तरह माफ हो गया है।



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अवतरण दिवस श्री रामनवमी पर एकल ग्राम संगठन ने कपूरथला से निकली शोभा यात्रा

### युवाओं में भी तेजी से फैल रही पार्किंसन बीमारी : डॉ. सुनील प्रधान




**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** पार्किंसन बीमारी को लेकर अक्सर कई तरह की बातें सुनने को मिलती हैं जिनका सच आम आदमी खुद से नहीं जान पाता है ऐसे में इस बीमारी को लेकर अधिक जागरूकता फैलाने के लिए डॉ प्रधान न्यूरोलॉजिकल क्लीनिक ने बुधवार को एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में वह तमाम जरूरी बातें बताई गईं जिनसे इस बीमारी की पहचान समय रहते की जा सकती है। कुछ बीमारियां वयस्कों को अधिक प्रभावित करती हैं इन्हीं में से एक है पार्किंसन। यह बड़े लोगों को अपनी चपेट में जल्दी लेती है हालांकि अब यह परेशानी युवाओं में भी देखने को मिल रही है जो की बहुत चिंताजनक विषय है। यह जानकारी एसजीपीजीआई के न्यूरोलॉजिकल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ सुनील प्रधान ने दी। डॉ प्रधान ने कहा कि इस वर्ष विश्व पार्किंसन दिवस को इंटीग्रेटेड हेल्थ केयर थीम के तहत सेलिब्रेट किया जा रहा है। इस बीमारी में दिमाग की विशिष्ट मस्तिष्क कोशिकाओं में नुकसान होने के कारण मूवमेंट प्रभावित होने लगता है। हाथ-पैरों में कंपन होता रहता है, मांसपेशियां सख्त हो जाती हैं, शारीरिक संतुलन बनाने में मुश्किलें आती हैं। इस बीमारी को संतुलन में रखने के लिए विभिन्न तरह की दवाइयां दी जाती हैं जिनका सेवन बिना डॉक्टर के सलाह के बिल्कुल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डाइट में कुछ बदलाव लाकर भी इस बीमारी को मैनेज किया जा सकता है। कई तरह की खाद्य सामग्री जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, फिश ऑयल, विटामिन बी 1, सी, डी से भरपूर चीज इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को खाने मे देना चाहिए जिससे पार्किंसन के लक्षणों को कंट्रोल किया जा सकता है। साथ ही इन लोगों को अधिक चीनी, नमक, प्रोसेस्ड फूड, हाई कोलेस्ट्रॉल, सैचुरेटेड फैट आदि बिल्कुल भी खाने के लिए नहीं देना चाहिए।

निर्देश

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया

# लोस चुनाव सम्पन्न कराने के लिए कानून व्यवस्था दुरुस्त

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 16 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 487 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4275 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,94,541 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 18,14,807 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 6744 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 6822 कारतूस, 2853.5 किलोग्राम विस्फोटक व 357 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2528 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 129 केन्द्रों को सीज किया गया। 16 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 02 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 42 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 53,693 लोगों को पाबन्द किया गया।

### प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने जब्त की अवैध शराब

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 16 अप्रैल तक कुल 15739.29 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये।

### हटाये जा रहे पोस्टर, बैनर व अन्य प्रचार सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,02,63,795 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 62,10,131 तथा निजी स्थानों से 40,53,664 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,66,957, पोस्टर के 29,09,078, बैनर के 17,64,067 एवं अन्य 8,70,029 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,34,633, पोस्टर के 18,52,442 बैनर के 9,88,283 एवं अन्य 6,78,306 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1254 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2190 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 68 एफआईआर दर्ज, 05 एनसीआर सहित 73 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# मिशन 80 आसान नहीं, कमजोर भले हो विपक्ष मगर शून्य नहीं, ट्रैंगुलर फाइट बनाने की कोशिश में जुटी बीएसपी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर यूपी सबसे अहम राज्य एक बार फिर साबित होता दिख रहा है। यूपी वह राज्य है जो कि देश को सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री दे चुका है। यूपी में अभी तक लड़ाई एनडीए बनाम इंडिया थी लेकिन बीएसपी ने ट्रैंगुलर फाइट बनाने की कोशिश कर दी है। क्या होगा, मतदाता तय करेंगे लेकिन सर्वे बीजेपी यानि एनडीए के 80 में 80 का लक्ष्य तो पूरा होता नजर नहीं आ रहा है।

उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि दिल्ली की सल्तनत की चाबी यूपी ही सौंपता है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में तो बीजेपी को यूपी ने छप्पर फाड़ कर दिया था। पीएम नरेन्द्र मोदी यूपी की ही बदौलत हैट्रिक लगाना चाहते हैं। यूपी ही लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सांसद भेजता है। ऐसे में बीजेपी की यूपी को लेकर खास प्लानिंग है और पार्टी का टारगेट यह है कि वह 2014 के लोकसभा चुनाव के 71 सीटों की जीत रिकॉर्ड को तोड़ना चाहती है लेकिन पार्टी के इस सपने को झटका लग सकता है, क्योंकि हालिया सर्वे बता रहा है कि बीजेपी का यह सपना पूरा नहीं हो पाएगा और इस चुनाव में सपा को फायदा देखने को मिल सकता है।सर्वे के मुताबिक बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन यूपी में 68 सीटें ही जीत सकता है। यह सर्वे टीवी 9 भारतवर्ष का है, जो बता रहा है कि बीजेपी यूपी में इतनी मेहनत के बावजूद महज 64 सीटें ही जीत सकती है जबकि बसपा को लेकर अनुमान है कि उसे एक भी सीट नहीं मिल सकेगी। इस सर्वे के मुताबिक यूपी में इंडिया गठबंधन को 12 सीटें मिल सकती हैं। एनडीए की पार्टियों की बात करें तो बीजेपी यूपी में 64, आरएलडी दो और अपनादल दो सीटें जीत सकते हैं। ऐसे में एनडीए गठबंधन यूपी की 80 में 68 सीटें जीत सकती है। पिछले चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी को 5 सीटें मिली थीं, लेकिन यह सर्वे बता रहा है कि इस बार पार्टी करीब 11 सीटें जीतने में सफल हो सकती है जबकि कांग्रेस के खाते में महज एक ही सीट आती हुई दिख रही है। ऐसे में यह जानना भी अहम है कि कौन-कौन सी सीटें कौन सा गठबंधन जीत सकता है। सर्वे के मुताबिक बीजेपी और उसका गठबंधन, गाजियाबाद, एटा, मिश्रिख, इटावा, फूलपुर, गोरखपुर, झांसी, जालौन कानपुर, जैसी महत्वपूर्ण सीटें जीत सकती है।

# शासन के दावों की पोल खोल रही गड्ढों में तबदील सड़क

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार की गड्ढामुक्त सड़कों की हकीकत क्या है अगर जानना चाहते हैं तो इस खबर के साथ लगी तस्वीर जरूर देखिए। अगर फिर भी यकीन न आए तो एक बार उत्तर प्रदेश की गोण्डा जिले कि सड़कों से सफर कीजिए तब यकीनन जुमलेबाजी और हकीकत का फर्क साफ-साफ नजर आ जाएगा। सूबे के मुख्यमंत्री योगी के दावों के विपरीत कुछ ऐसी ही हकीकत बयां करती है।



उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के मनकापुर, और मुजेहना ब्लॉक के ग्राम पंचायत पेड़ारन से झिलाही जाने वाली सड़क पांच किलोमीटर की इस सड़क पर गड्ढों के अलावा क्या है एक बार आप भी देखिए और योगी सरकार को बताइए कि उन्होंने सड़कों को गड्ढामुक्त नहीं युक्त कर दिया।पेडारन गाँव से लेकर तुर्काडीहा,,खजुरी, झिलाही को जाने वाली ऐसी सड़क है जिस पर ड्राइवर जाने का नाम नहीं लेते हैं।पीडब्लूडी की सड़क कई गाँव के किनारे गाँव के होते हुए झिलाही निकलती है, इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है.हल्की सी बरसात में यह सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने दावा और वादा किया था कि वह 15 जून 2017 तक राज्य की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त कर देंगे, मगर हकीकत और जुमलों का फर्क रोड पर नजर आ जाता है। उसके बाद योगी सरकार की तरफ से दावा किया गया था कि नवंबर 2021 तक तो पूरी तरह गड्ढे भर दिए जाएंगे। लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी सड़क जस की तस बनी हुई है। योगी सरकार 2 में भी पेडारन से झिलाही की सड़क का हाल तालाब में तब्दील है।आंकड़े बताते हैं कि दावों के विपरीत सड़कों पर गड्ढे मौत को दावत देते नजर आ रहे हैं। इन्हीं गड्ढों के चलते उत्तर प्रदेश में हादसों में उत्तर प्रदेश में सैकड़ों लोगों ने अपनी जान गंवाई।वर्ष 2017 से 2022 तक उत्तर प्रदेश में हजारों की संख्या में लोगों की जान सड़क पर गड्ढों की वजह से हुए हादसों में गई, जो देश में किसी भी राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटना की घटनाओं में सर्वाधिक थीं।रोड एक्सीडेंट की खबरें बताती हैं कि गड्ढों में तब्दील हो चुकी सड़कें जानलेवा साबित हो रही हैं। पूरे देशभर में गड्ढों की वजह से हमारे देश में औसतन रोजाना सैकड़ो लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

## घर से निकला किशोर लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

करनैलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर से खेत जाने के लिए निकला चौदह वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

ग्राम परसा गोंड़री निवासी इंद्रमणि शुक्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनका पुत्र विनीत शुक्ला उर्फ भोला 12 अप्रैल को खेत देखने गया था।काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## तृप्ति सिंह ने यूपीएससी में हासिल की सफलता, मिल रही बधाइयां

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

तहसील क्षेत्र के परसपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम धनौरा निवासी तृप्ति सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने गांव, क्षेत्र सहित पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम धनौरा के भया पुरवा निवासी नवरंग सिंह किसान परिवार से हैं।जो डेहरास चौराहे पर एसबीआई की फ्रेंचाइजी चलाते हैं। संघर्ष के पर्याय माने जाने वाले नवरंग सिंह ने अपनी बेटी तृप्ति को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से उसका दाखिला फातिमा इंटर कालेज गोण्डा में कराया और फिर तृप्ति को



तैयारी हेतु दिल्ली भेज दिया।संस्कार से सुसज्जित बेटी तृप्ति ने अपनी कठिन मेहनत और ध्येय के साथ पढ़ाई कर यूपीएससी की परीक्षा में 199 वां स्थान प्राप्त कर गांव क्षेत्र के अन्य प्रतिभागियों के लिए मिशाल पेश की है। तृप्ति सिंह की इस सफलता पर क्षेत्रवासियों द्वारा शुभकामनाएं देने का दौर जारी है।

## हिन्दू नवयुवक सेवा समिति ने तेरहवां विशाल मां भगवती जागरण का किया आयोजन



गोंडा, समृद्धि न्यूज, कटरा बाजार। नगर पंचायत कटरा बाजार में मंगलवार को हिन्दु नवयुवक सेवा समिति द्वारा तेरहवां विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन रामलीला मैदान के हनुमान गढ़ी मन्दिर तिराहे के प्रांगण में आयोजित किया गया। मुख्य आयोजक सचिन रस्तोगी व निकेश रस्तोगी ने शेरावाली की आरती के साथ कलाकारों को चुनरी भेंट कर जागरण के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के यजमान ननकऊ गुप्ता रहे। गोंडा के सांई म्यूजिकल ग्रुप के वैभव सक्सेना ने गणेश जी की झांकी के साथ माता रानी व प्रभु श्री राम के भजन से कार्यक्रम की शुरूआत की। अवध धाम से आए रिजूराज ने राम आएगें तो अंगना सजाऊंगा दीप जलाकर दीवाली मैं मनाऊंगा भजन से पूरे पंडाल को भक्तिमय कर दिया। लखनऊ से आई दीपिका मिश्रा ने हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है जीतूगीं एक दिन मेरा दिल यह कहता है खाटू श्याम भजन ने लोगों में जोश भर दिया भजन सुनकर पंडाल में बैठे लोग झूम उठे। वही कानपुर की मास्टर मिंटू एंड झाँकी ग्रुप ने शिव पार्वती, हनुमान जी, महाकाली, श्री राम, सीता, लक्ष्मण सहित अन्य झाकियां प्रस्तुत की। मंच संचालन करुणा शंकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद तिवारी, प्रधान धनलाल पांडेय, नपां अध्यक्ष प्रतिनिधि मुजीबुल हसन सुबराती, राजेश निगम, राजू रस्तोगी, सुमित, बब्लू जायसवाल, रजत, शुभम, हर्षित सोनी सहित हजारों की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## दूसरे गांव के मजदूरों से कराया जा रहा सुंदरीकरण, हुई शिकायत

गोंडा, समृद्धि न्यूज। मुख्य विकास अधिकारी लगातार गांव में हो रहे विकास कार्य पर नजर बनाई हुई है, लेकिन कुछ ऐसे ग्राम प्रधान है जो अपने मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं और धड़ल्ले से दूसरे गांव के मजदूर को रखकर कम दाम में नरेगा का कार्य करा कर सरकारी धन का गलत उपयोग कर रहे हैं, पूरा मामला पिपरा पदुम गांव से जुड़ा हुआ है, जहां के रहने वाले उदय यादव ने जिला अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि पिपरा पदुम के मजरा कृपारामपुरवा में स्थित तालाब में दूसरे गांव बेसिया चैन के रहने वाले, मजदूर, सिपाही लाल चौहान,रसीले चौहान, हीरालाल चौहान, अजय चौहान, विनोद चौहान, पवन चौहान से तालाब का सुंदरीकरण ग्राम प्रधान द्वारा कराया जा रहा है तथा सुंदरीकरण के नाम पर ग्राम प्रधान द्वारा सरकार के धन का बंदर बांटकर मनमानी तरीके से पैसा निकाल कर गबन किया जा रहा है, ग्राम प्रधान अनिल कुमार यादव ने बताया कि कुछ मजदूर गांव के हैं कुछ मजदूर दूसरे गांव के हैं, उन्हीं से तालाब का सुंदरीकरण कराया जा रहा है।

# धूमधाम के साथ मनायी गई सम्राट अशोक की 2328वीं जयंती

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत विजय पुर बौरिहा में चक्रवर्ती प्रिया सम्राट अशोक जी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया आपको बताते चले कि जम्बू द्वीप के आन-बान-शान थे सम्राट अशोक। सभी प्राणियों के दुखहर्ता थे सम्राट अशोक महान। विश्व के एकमात्र ऐसे महान सम्राट थे जिन्होंने पशु-पक्षी,पेड़-पौधे और मानव जगत को दुखमुक्त करने के लिए सभी सुख-सुविधाओं को उपलब्ध कराया और जन-मानस को संदेश दिया की कोई भी फरियादी अपना दुख-दर्द मुझे कभी भी बता सकता है चाहे मैं जहां भी होऊॅ। मैं हर समय जनता के कल्याण के लिए समर्पित रहूँगा, यही मेरे जीवन का रहस्य और यथार्थ है।

सम्राट अशोक को महान और बौद्ध धम्म का दायाद इसलिए कहा गया क्योंकि विश्व के इकलौते ऐसे चक्रवर्ती सम्राट थे जिन्होंने अपने प्रिय पुत्र महेन्द्र और पुत्री संघमित्रा को बुद्ध धम्म के लिए समर्पित कर दिया और बुद्ध धम्म की पताका सम्पूर्ण विश्व में फहराया। उक्त विचार मास संगठन के राष्ट्रीय संगठक ए.के.नन्द ने विजयपुर बौरिहा में व्यक्त किया। घनश्याम मौर्य ने कहा कि सम्राट अशोक ने धम्म को विश्व के अधिकांश देशों में स्थापित किया।आरके मौर्य ने कहा कि उनके शासन में सम्पूर्ण जम्बू द्वीप की राजधानी पाटलिपुत्र (पटना) होती थी। उनके शासन में किसी देश के शासक को उनके राष्ट्र पर हमला करने की हिम्मत नहीं हुयी। काशी राम मौर्य ने कहा कि विश्व विजेता बौद्ध सम्राट अशोक महान थे।

अशोक संविधान विनय पिटक के विचारों से ओत-प्रोत था। जनता मालामाल और खुशहाल थी। आत्मा राम मौर्य ने कहा कि उनके शासन में हरितक्रांती का बोलबाला था और नारी सम्मान और अधिकार से युक्त नारी सशक्तिकरण का चहुंओर ख्याति प्राप्त



थी।श्रवण कुमार मौर्य ने कहा कि विश्व स्तर की प्राकृतिक चिकित्सा और चिकित्सक और विश्व में सबसे अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नालंदा,तक्षशिला जैसे आवासीय निशुल्क विश्वविद्यालय स्थापित थे। जिसकी तारीफ चीनी यात्री फाहियान और ह्वेनसांग ने भी की है।

गौरव कुमार नन्द ने कहा कि सम्राट अशोक महान ने जनहित में संदेश को शिलालेख, स्तम्भ लेख, भित्ति लिपि में इसलिए प्रचार-प्रसार किया जिससे हर जन-मानस को जानने समझने का अवसर प्राप्त हो और उसे मिटाने की किसी में साहस न हो।

पवन कुमार मौर्य ने कहा कि ऐसी लोकप्रिय प्रचलित राजाज्ञायें लिपिबद्ध करायी गयीं, जिससे आमजन लाभान्वित हो सके। कामता प्रसाद पाल ने कहा कि सम्राट अशोक के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण युद्ध कलिंग युद्ध था मोहन यादव ने कहा कि जिसने सम्राट अशोक को नया बौद्ध जीवन प्रदान किया। काली प्रसाद यादव ने कहा कि सम्राट अशोक को धम्म दीक्षा देने वाले भिक्खु मोग्गलिपुत्त तिस्स थे। सुनील कुमार सोनकर ने कहा कि विश्व के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट अशोक सीलवान रहकर अखण्ड जम्बू द्वीप के शासक बने रहे। कुलदीप कुरील ने कहा कि सम्राट अशोक ने समता, करुणा, प्रज्ञा, प्यार, बंधुता, मैत्री और न्याय को अपने जीवन की आधारशिला बनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा.श्रीनिवास मौर्य का व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव प्रासंगिक रहेगा। जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रदीप कुमार, आशीष यादव, राम कुमार यादव, पारसनाथ मौर्य, उदयराज यादव, मोहन यादव, अरविंद सिंह, दुर्गेश कुमार, सुजीत सिंह,घनश्याम सिंह, राम कुमार मौर्य, दयाशंकर, हरिश्चंद्र, शिव बहादुर, सचिन कुमार भारती, संत लाल प्रजापति, दीपक मौर्य, मुकेश मौर्य, प्रदीप मौर्य, मनीराम, सोनू, पप्पू, मोनू, चंदन मौर्य, लल्लन, गौरव कुमार, महेन्द्र प्रताप मौर्य और हुकुम दास सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में


### धूमधाम से मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव





गोन्डा, समृद्धि न्यूज। रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में बुधवार को भगवान श्री राम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 8:00 बजे से सुंदरकांड का पाठ शुरू हुआ उसके बाद भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने भजनों की हाजिरी लगाई उसके बाद 12 बजते ही भगवान श्री राम का जन्म उत्सव मनाया गया भगवान के राम जन्मोत्सव पर भक्तों खूब झूमे । उसके बाद छप्पन प्रकार के मिष्ठान से भगवान श्री राम को भोग लगाया गया ।उसके बाद सभी भक्तों को चरणामृत और छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया।ये आयोजन श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला ट्रस्ट एवं श्री राम जानकी महिला मंडल द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष अनिल मित्तल, सचिव संजय अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक श्याम केडिया,दीपक मोदी ,मुकेश अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट, सुशील जालान, महिला मंडल से सीमा अग्रवाल,सरिता नेवटिया, नीलम जैन, गुंजन शाह,सरोज अग्रवाल,पूनम मित्तल, प्रीति अग्रवाल, शारदा गर्ग, संतोष अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सोनम केडिया, मीनू पचेरिया, रेनू अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, कविता काबरा, नीतू गर्ग, सरिता महेश्वरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सड़क के किनारे मिला युवक का शव, हत्या का आरोप



बहराइच, समृद्धि न्यूज। राजापुर कला गांव निवासी एक युवक बाइक से बहन के यहां आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए गया था। बाइक से वापस जाते समय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, उसका शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। पुलिस की सूचना पर परिवार के लोग पहुंचे। भाई ने गले पर निशान होने पर हत्या की आशंका जताई है।पयागपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गला गांव निवासी जमुना प्रसाद चौहान (29) पुत्र उदय राज चौहान की बहन अनीता चौहान की ससुराल कोतवाली देहात के मोहरना गांव में है। बहन के चचेरे देवर का तिलक समारोह मंगलवार को था। जिस पर यमुना प्रसाद अपनी मां के साथ बहन की ससुराल बाइक से गया। मां को बहन की ससुराल छोड़ने के बाद यमुना प्रसाद बाइक से रात 12 बजे के आसपास अपने घर के लिए रवाना हुआ। पयागपुर थाना क्षेत्र के गोंडा बहराइच मार्ग पर खुटेहना स्थित अशोक स्मारक महाविद्यालय के सामने युवक का शव मिला। पयागपुर पुलिस शव लेकर जिला अस्पताल पहुंची तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस पर पयागपुर पुलिस ने मृतक के पास मिले मोबाइल और अन्य कागजात से यमुना की पहचान की। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। मृतक के चचेरे भाई यज्ञाराम चौहान ने बताया कि मृतक के गले पर दबाव के निशान हैं। ऐसे में उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। उसने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या का केस दर्ज करने की मांग की है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# बदलते मौसम के साथ बढ़ने लगे डायरिया के मरीज

- दूषित भोजन , पानी से होता है डायरिया
- स्वस्थ और स्वच्छता व्यवहार को अपनाकर करें दस्त रोग की रोकथाम

राहुल सोनी

बहराइच समृद्धि न्यूज। डायरिया यानि दस्त रोग पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। ऐसे तो यह किसी भी मौसम में हो सकता है लेकिन गर्मी और बरसात में इसकी संख्या बढ़ जाती है। जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में भर्ती नए 31 बच्चों में 25 बच्चे डायरिया से पीड़ित हैं ।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ एसके त्रिपाठी के अनुसार डायरिया दूषित भोजन व पानी के सेवन से होने वाला आंत में संक्रमण का एक लक्षण है, जो विभिन्न प्रकार के जीवाणु, वायरल और परजीवी जीवों के कारण होता है। समय रहते इसकी रोकथाम न की जाय तो यह जानलेवा हो सकता है।



### इन लक्षणों में तुरंत अस्पताल ले जाएँ

एक घंटे में दो या तीन बार दस्त होना,
बच्चा सुस्त या बेहोश हो, बुखार हो,
बच्चा कुछ भी पीने या स्तनपान करने में असमर्थ हो, मल में खून आता हो
बहुत अधिक प्यास लगना

### पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है डायरिया

प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश कुमार ने बताया डायरिया पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है। बीमारी की शुरुआत में छह माह से अधिक उम्र के बच्चों को जिंक व ओआरएस घोल के साथ घर पर मौजूद तरल पदार्थ जैसे छाछ , नीबू पानी , दाल या सब्जी का सूप, ताजे फलों का रस , सादा स्वच्छ पानी पिलाना चाहिए। इस दौरान बच्चे को स्तनपान ज्यादा बार कराना चाहिए। उन्होंने बताया दस्त होने पर किसी प्रकार की भ्रांतियाँ न पालें बल्कि स्वस्थ और स्वच्छता के व्यवहार को अपनाकर दस्त का उपचार करना चाहिए।

### दस्त रोग से जुड़ी भ्रांतियाँ

बच्चे को नज़र लगना
बच्चे की नाल खिसक जाना
बच्चे के दाँत निकलते समय
गर्मी से आकार बच्चे को स्तनपान कराने से
माता द्वारा बदपरहेजी करने से

### छोटे बच्चों का रखे ख्याल

छह माह तक की आयु के बच्चों को सिर्फ माँ का दूध दें, ऊपर से पानी भी नहीं
बोतल निपुल से ऊपरी दूध न पिलाएँ
छह माह से अधिक आयु के बच्चों को कटोरी चम्मच से ऊपरी आहार दें

### दस्त रोग के कारण

डॉ एसके त्रिपाठी ने बताया ज्यादातर मामलों में दस्त रोग दूषित पेयजल के उपयोग से होता है। ऐसे नल , हैंडपंप, तालाब या अन्य पानी के स्रोत जो खुले में शौच या दूसरी गंदगी की वजह से प्रदूषित हो गए हों उनका उपयोग हाथ धोने, नहाने, पीने या खाना बनाने से दस्त होने की पूरी संभावना रहती है। इसके अलावा आस-पास गंदा वातावरण या खुले में शौच पर बैठी मक्खियों के माध्यम से दूषित भोजन व पानी के उपयोग व शौच के बाद बच्चे का मल साफ करने के बाद हाथों को अच्छी तरह साबुन पानी से न धोने पर भी दस्त रोग हो सकता है ।

### ओआरएस घोल से करें उपचार

बीमारी की शुरुआत में छह माह से छोटे शिशु को ओआरएस घोल के साथ सिर्फ स्तनपान कराते रहें
छह माह से अधिक उम्र के बच्चे को ओआरएस घोल के साथ 14 दिन तक ज़िंक की गोली दें
ज़िंक और ओआरएस नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, आशा या एएनएम के पास उपलब्ध है।

# कविता में आंचल व गौरव गाथा में अपर्णा रही प्रथम

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

शहर के बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कालेज में अध्ययनरत् छात्राओं के मध्य साहित्यिकी काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला महाविद्यालय की प्रोफेसर डा मनीषा खन्ना रहीं।प्रधानाचार्या अर्चना मराठे द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य शीर्षक प्रेरणादायक काव्य व ऐतिहासिक गौरव गाथा रखा गया।विद्यालय की छात्राओं ने शीर्षक पर स्वलिखित रचनाओं का बहुत ही सुन्दर एवं रोचक तरीके से प्रस्तुतीकरण किया। प्रेरणादायक कविता शीर्षक में ऑचल मिश्रा प्रथम, अवंतिका मिश्रा द्वितीय एवं नित्या श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं। ऐतिहासिक गौरव गाथा शीर्षक में अपर्णा मिश्रा प्रथम, श्रीजल सिंह




- बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कालेज में साहित्यिकी काव्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

द्वितीय व आराध्या शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। मंच का संचालन शशीप्रभा अवस्थी ने किया व डिजिटल प्रस्तुतीकरण अजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक रवि कोठारी ने सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये एवं प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।प्रबंधक द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।

## किसानों की मेहनत पर आग ने फेरा पानी

- 150 बीघा गेहूं की फसल राख

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के ग्राम पंचायत सोहरियांवा में बुधवार सुबह नौ बजे किसानों के खेत में लगी गेहूं की फसल में आग लग गई। जिसमें 30 एकड़ से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।पयागपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरियांवा में किसानों के खेत मे गेहूं की फसल तैयार लगी हुई थी। बुधवार सुबह नौ बजे अज्ञात कारणों से किसान के खेत में आग लग गई। आग ने धीरे धीरे विकराल रूप ले लिया। गांव निवासी किसान पहाड़ी, राजेंद्र प्रसाद, रामगोपाल, विजय, राम भजन, राजेश, अनूप वर्मा, सहज राम वर्मा, उमाशंकर, शुभम शुक्ला, हरीश पासवान, अक्षय तिवारी, काली प्रसाद, अमृतलाल, दद्दन श्रीवास्तव, अजय चौहान, राम मूरत चौहान, पृथ्वी पाल चौहान, तिलक राम, मनोज तिवारी समेत अन्य की 150 बीघा फसल जलकर राख हो गई। पयागपुर और जिला मुख्यालय से भेजे गए दमकल वाहन ने लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया। दो दर्जन से अधिक किसानों की 150 बीघा फसल जलकर राख हो गई है। लेखपाल सौरभ शर्मा की अगुवाई में टीम क्षति का आंकलन कर रही है।

# नगरपालिका की जमीन का करा लिया बैनामा

## शहर की जमीन का राजस्व विभाग की मिलीभगत से हुआ चकबंदी

- अध्यक्ष और ईओ ने प्रमुख सचिव को भेजा शिकायती पत्र, जांच की मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

नानपारा नगर पालिका की जमीन का राजस्व विभाग की टीम से मिलीभगत कर कुछ भू माफियाओं ने बैनामा करवा लिया। जब कब्जे को लेकर कार्यवाई शुरू हुई, तब नगर पालिका अध्यक्ष को पता चला। जिस पर उन्होंने सीएम, प्रमुख सचिव और डीएम को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की है। साथ ही शहर की जमीन को बैनामा और चकबंदी में शामिल करने वाले लोगों पर कार्यवाई की मांग की है।

नगर पालिका परिषद नानपारा के अध्यक्ष अब्दुल वहीद व अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह ने नगर पालिका की 31 संपत्तियों का हवाला देते हुए राजस्व विभाग में जेड ए दर्शाकर कथित भू माफियाओं ने साजिश के तहत कई व्यक्तियों के नाम हस्तानांतरित करवा लिया पालिका की संपत्ति को हड़पने की जांच कराने एवं संपत्ति को पूर्व राजस्व आकार पत्र 41 के अनुसार नान जेड ए दर्ज कराने के संबंध में कार्रवाई करने के लिए अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवेन्यू राजस्व परिषद सहित प्रमुख सचिव नगर विकास व





### जेड ए दिखाकर जमीन का कराया बैनामा

नगर पालिका की ओर से बताया कि नगर पालिका नानपारा 1901 में स्थापित हुई है उस समय नगर पालिका की जो भूमि संपत्ति अभिलेखों में अंकित थी। उसका खसरा, खतौनी तथा नक्शा भी नगर पालिका में उपलब्ध है। लेकिन राजस्व विभाग की मिलीभगत से शहरी क्षेत्र की जमीनों को चकबंदी के दौरान तहसील के अभिलेखों में दर्ज कर लिया गया। इसका भू माफियाओं ने फायदा उठाकर नान जेड ए की जमीन नगर पालिका नानपारा की संपत्ति है। उसे जेड ए दिखाकर कथा कथित रूप से बैनामा कर कब्जा कर रहे हैं।

जनपद के अधिकारियों को पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद नानपारा की सीमा के अंदर गाटा संख्या 4237 क रकबा 1.340 एकड़ आकार पत्र 41 में नाम जेड ए नाला अंकित है। जो नाला संपूर्ण शहर व उसके संलग्नक अन्य क्षेत्रों का पानी नगर पालिका स्थापना से कायम है। इस नाला को आकार पत्र 45 में सोची समझी साजिश एवं राजस्व विभाग तहसील तहसील नानपारा को त्रुटि पूर्ण कार्यशैली के कारण किशन लाल पुत्र रामनारायण निवासी जुबलीगंज नानपारा के आकार पत्र 45 में खाता संख्या 242 पर उक्त नान जेड ए नाला का नंबर 4237 क रकबा 1.340 एकड़ का अंकन कर दिया गया है। जबकि नगर पालिका के अभिलेख खसरा व खतौनी सर्वे सन 1964 65 में खसरा संख्या 4810 साबिक नंबर 8068 रकबा 71 डिसमिल नाला तथा उसी के बगल पूरब खसरा संख्या 4811 साबिक नंबर 8068 रब्बा 53 डिसमिल रास्ता के रूप में अंकित है। जो नगर पालिका संपत्ति को क्षति पहुंचाने की भू माफियाओं की सोची समझी साजिश है। उक्त अंकन का लाभ उठाकर किशन लाल के वारीसान पंजीकृत दस्तावेज के आधार पर नामांतरण प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है ऐसी स्थिति में नगर पालिका की सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त नगर क्षेत्र की नान.जेड.ए. की अन्य संपत्तियां जो लगभग 31 है जिसमे अलग-अलग नंबरों पर मजरूआ, बंजर पिछवाड़ा क्लब, क्लब घर, बंजर.तालाब तथा बालक क्रीड़ा स्थल सहित नाला, रास्ता व तालाब,कुआं, आदि के रूप में संपत्तियों नगर पालिका के अभिलेखों में दर्ज हैं ।जिसकी सूची अभी तक राजस्व अभिलेखों में नान जेड ए अंकित कराने की कार्रवाई करने का निर्देश करें।

नगर पालिका नानपारा के अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल वहीद ने प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश शासन तथा जिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय व उप जिलाधिकारी नानपारा को भी पत्र भेजकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

नगर पालिका की जमीनों पर अवैध कब्जा होने से नगरीय क्षेत्र में आने वाली सरकारी योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिससे नगर का विकास बाधित हो रहा है।

# जिलाधिकारी ने नामांकन स्थल का लिया जायजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 लोकतन्त्र के महापर्व के नामांकन प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मोनिका ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर नामांकन कक्ष तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत की गई बैरीकेटिंग कार्य तथा वाहनों एवं भीड़ के नियंत्रण के लिए बैरियर इत्यादि का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-



- सम्पूर्ण परिसर की होगी 16 सीसीटीवी कैमरों से निगहबानी
- कलेक्ट्रेट के गलियारों में बिछायी गई रेड कार्पेट
- कलेक्टर का न्यायालय होगा नामांकन कक्ष
- सुरक्षा के होंगे माकूल बन्दोबस्त

2024 में इस जनपद के 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 18 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक नामनिर्देशन-पत्र प्राप्त करने से लेकर अभ्यर्थिता वापस लेने तक की कार्यवाही सम्पन्न करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर बहराइच स्थित कक्ष संख्या-02 न्यायालय कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट बहराइच नियत स्थल होगा। यह जानकारी देते हुए 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर/जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-बहराइच (अ.जा.) हेतु नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के अन्दर एवं बाहर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारियों की तैनाती की गयी है।

नामांकन के समय प्रत्याशी के लिए 03 वाहन अनुमन्य हैं, जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की दूरी तक आ सकेंगे। जबकि नामांकन कक्ष में अधिकतम 05 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।

# निःशुल्क शीतल जल की व्यवस्था मानवता का धर्म : राजा हर्षेन्द्र सिंह

- श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मुकेश कम्प्यूटर्स संस्थान में निःशुल्क प्याऊ का किया शुभारम्भ
- श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मानव कल्याण की अनेक योजनायें संचालित : ओपी यादव



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मानव सेवा के लिए विश्व विख्यात संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम के संयोजन में शहर के कोतवाली रोड स्थित मुकेश कम्प्यूटर्स के पास निःशुल्क प्याऊ का संचालन महान औघड़ सन्त अवधूत भगवान एवं पूज्य गुरुपद सम्भव राम जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर समूह के उपाध्यक्ष राजा हर्षेन्द्र सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्मी से व्यथित व्यक्ति को निःशुल्क शीतल जल, गुड़ की व्यवस्था के साथ आपूर्ति करने से व्यथित व्यक्ति की आत्मा को शांति मिलती है, यह मानवता का सबसे बड़ा धर्म है।

समूह के व्यवस्थापक बृजेश सिंह ने कहा कि पूज्य अघोरेश्वर की कृपा से इसी स्थान पर निःशुल्क प्याऊ की स्थापना का यह ग्यारहवाँ वर्ष है। संयुक्त मन्त्री अभिषेक विक्रम सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा जाड़े के मौसम में ठंड से निजात दिलाने हेतु कम्बल व रजाई का वितरण भी किया जाता है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा मानव कल्याण की अनेक योजनायें संचालित की जाती है। विशेष बात यह है कि संस्थान में किसी प्रकार का सरकारी सहयोग नहीं लिया जाता है। इस अवसर में मुख्य रूप से शिवलखन सिंह, रमेश सिंह, राजन रस्तोगी, शैलेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह, विमल सिंह, पूर्व सभासद एस.पी. सिंह, सचिन सोनकर, निवेदिता रस्तोगी, जानकी रस्तोगी, रामशरन यादव, महेन्द्र सिंह भदौरिया, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, ध्रुव देव सिंह, जितेन्द्र सिंह, मनीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## चलती मैजिक बनी आग का गोला



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली सलोन मार्ग पर उसे समय हड़कंप मच गया।जब एक चलती मैजिक वाहन में आग लग गई।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सलोन कोतवाली क्षेत्र के रेवहारा गांव के पास टाटा मैजिक में भीषण आग लग गई। रायबरेली से सवारियां लेकर सलोन जा रही थी। गाड़ी से धुआं उठता देख सवारिया कूद कर अपनी जान बचाई। स्थानी लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक मैजिक वाहन जलकर राख हो गई।

## खबरें एक नजर में

### भक्तों के लिए किया गया भंडारे का आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** करबा इकदिल के मोहल्ला कायस्थान में स्थित माँ शीतला देवी मन्दिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजा अर्चना के साथ हवन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने भाग लिया मन्दिर पर राम नवमी के उपलक्ष्य में सुबह से ही महिलाओं की कतार लगना शुरू हो गयी थी व सर्व प्रथम कन्या भोज कराया गया उसके उपरांत सभी को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया व इस मौके पर पूर्व प्रवक्ता राम अवतार तिवारी, अखिलेश तिवारी, सुधीर तिवारी, डॉ.सुशील सम्राट, अभिनंदन, अगम, सुयश, सुरुचिका आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व चेयरमैन ने माँ दुर्गा की उतारी आरती

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जगत जननी माँ दुर्गा की आरती उतारकर पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज पोरवाल ने सर्वकल्याण की कामना की। भरथना नगर के मोहल्ला पुराना भरथना में चैत्र नवरात्रि की उपलक्ष्य में जय माँ वैष्णो ग्रुप सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्रीनव दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान बतौर अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष व भाजपा नेता मनोज पोरवाल आदि ने पहुँचकर जगत जननी माँ दुर्गा की आरती उतारकर सर्व कल्याण की कामना की और गुणगान किया। महोत्सव के दौरान प्रत्येक दिवस वार जगत जननी माँ दुर्गा के नव स्वरूपों के भव्य दर्शन व भोग आरती का क्रम बना हुआ है। इससे पहले मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज पोरवाल समेत विशिष्ट अतिथि दलवीर सिंह यादव,बलवीर सिंह नीरज का समिति अध्यक्ष दर्शनलाल बाथम आदि पदाधिकारियों ने पट्टिका व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान महामंत्री गिरीश चंद्र शाक्य,कोषाध्यक्ष अम्बा प्रसाद शाक्य व अतुल यादव आदि समेत कई देवी भक्तों की मौजूदगी रही।

### वृद्ध महिला से की मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम कुंदनपुर में घर में घुसकर वृद्ध महिला से मारपीट करने का आरोप लगाकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की पुलिस जांच में जुटी। ग्राम कुंदनपुर थाना बकेवर निवासी राजा बेटी उर्फ सुलानिया उम्र 80 वर्ष पत्नी सीताराम ने गुरुवार की दोपहर में बकेवर थाने में पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र में देते हुए बताया है। कि 5 दिन पूर्व उनकी भांजी उनके घर आई हुई है। घर के बाहर खड़ी थी। गांव का एक व्यक्ति उसने देखकर हंस रहा था। जिसको लेकर मना करने पर उक्त व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट कर पटक दिया। जिससे वृद्ध महिला घायल हो गयी। उस समय उनके परिजन रिसतेदारी में गये हुए थे।जब परिजन घर आए उसके बाद उपचार के लिए महेवा सीएचसी अस्पताल ले गए जहां घायल होने के चलते जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस ने पैदल गश्त कर चेकिंग की

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं जनपदीय कानून/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की गयी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं जनपद की कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष, थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

### ट्रेन से गिरकर औरैया के युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदोई ओवर ब्रिज के नीचे से गुजर रही ट्रेन से गिरकर बीती देर रात युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव की शिनाख्त के बाद परिजनों को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की है। औरैया थाना ऐरवापुर क्षेत्र के भैदपुर गांव के रहने वाले सुखवीर सिंह के 19 वर्षीय बेटे शिवम यादव किसी काम को लेकर बीती रात कानपुर से लखनऊ ट्रेन से जा रहा था। इसी दरमियान हरदोई ओवरब्रिज के पास ट्रेन से गिर जाने से शिवम की मौके पर मौत हो गई। आसपास के लोगों ने डाउन ट्रैक पर युवक का शव पड़ा देखा तो जीआरपी पोस्ट को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस अभिलेखों के माध्यम से शव की पहचान की और भाई को घटना की सूचना दी है। जीआरपी थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। परिजनों के आने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। युवक किस ट्रेन से सफर कर रहा था इसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है।

### एचटी लाइन की चिंगारी से दस बीघा गेहूं की फसल राख

**उन्नाव,समृद्धि न्यूज।** जिले में बिजली विभाग के झूलते तारों से गेहूं की फसल जलकर राख हो रही है। दही थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में बुधवार के दोपहर एचटी लाइन की चिंगारी गिरने से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगने से दस बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कारक पर काबू पाया है। जानकारी के अनुसार मुख्य शमन अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि पुणे कंट्रोल रूम के जरिए सूचना मिली कि दही थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में गेहूं के फसल में आग लगी है। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियों को लेकर मौके पर पहुंचे। जहां फायर स्टेशन अफसर शिवराम यादव ने दमकल कर्मियों के साथ करीब दस बीघा गेहूं की फसल में लगी आग को बुझाने का काम शुरू किया। एहतिहात के तौर पर फसल के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन को बंद कराया गया। दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार से घंटो मशक्कत के बाद आप पर काबू पाया। इस दौरान खेत में मौजूद किसानों ने भी आग बुझाने में मदद की। सीएफओ अनूप सिंह ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है एचटी लाइन की चिंगारी लगने से अंदेशा जताया जा रहा है। सडीएम सदर प्रज्ञा पांडे ने बताया कि आग लगने की सूचना मिली है किन किसानों की फसल जली है इसकी जानकारी कराई जा रही है। लेखपाल को भेज कर नुकसान का आकलन कराकर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।



## रामनवमी पर स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** स्वामी दयानंद कॉन्वेंट इंटर कॉलेज घूराडीह रायबरेली में रामनवमी के पर्व पर बच्चों द्वारा स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं शगुन शुक्ला आभास सिंह यश सिंह पुष्पराज मौर्य श्रद्धा सिंह साक्षी मौर्य वेदिका ठाकुर प्रिंस प्रजापति पूर्वी सिंह आदि छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह सीमा सिंह शिवांशी सिंह खान प्रशांत पांडे अभिजीत सिंह गायत्री सिंह पूजा यादव आदि शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बच्चे मौजूद रहे।

## श्री राम जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

- चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व्यापार मंडल अध्यक्ष व्यापारी सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त रहे मौजूद

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



श्री राम जन्मोत्सव पर महराजगंज नगर में निकली गई भव्य शोभायात्रा जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं पुरुष और बच्चे यात्रा में शामिल हुए। यात्रा श्री राम जयसवाल ठाकुर द्वारा महराजगंज से निकली गई जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए रंधावा रोड हनुमानगढी पूरे सुखई का पुरवा चंदापुर चौराहा पुलिस चौकी तिराहा होते हुए दानेश्वर मंदिर पर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया और व्यापारियों द्वारा श्री राम की शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था भी कराई गई। वही रामनवमी जन्मोत्सव समिति अतरेहटा द्वारा शोभा यात्रा निकली गई जो पूरे रानी का पुरवा गरीब का पुरवा सहित महराजगंज कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए संपन्न हुई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू रिंकू जायसवाल डॉक्टर मातादीन पासी लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव संदीप वैश्य विनीत वैश्य सुर्य प्रकाश वर्मा कंचन वर्मा शिव कैलाश वर्मा घनश्याम चौरसिया विजय धीमान आंसू त्रिपाठी गोलू सहित सैकड़ो की संख्या में यात्रा में लोग शामिल रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में बारह बीघा फसल जलकर राख



**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अग्नि देव के उग्र रूप से लगातार किसानों की फसलें जल रही है। प्रतिदिन कहीं ना कहीं बिजली की शार्ट सर्किट व अज्ञात कारणों के चलते गेहूं की फसले जलकर स्वाहा हो रही हैं ।सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत तिवारीपुर गांव में अज्ञात कारणों से गेहूं के खेतों में आग लग गई ।जिससे लगभग 12 बीघा गेहूं जलकर स्वाहा हो गया। तेज हवाओं के झोंकों से आग ने विकराल रूप धारण कर गेहूं की पकी फसल को अपनी आगोश में ले लिया ।ग्रामीण की मदद से पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।आग लगने का कारण पता नही चल पाया ।राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने कहा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## रामजन्म उत्सव पर राममय हुआ बछरावां नगर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लगभग 500 वर्षों की प्रतिक्षा के पश्चात जब प्रभु श्री राम अपने भव्य मंदिर में पधारे तो उनके जन्मउत्सव के पावन अवसर पर अवधपुरी ही नहीं है अपितु पूरे राष्ट्र में एक विशेष प्रकार का उत्सव एवं हर्षोउल्लास देखने को मिलाद्य इसी कड़ी में बछरावां नगर के खंड विकास कार्यालय में स्थित शिव मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में अखंड श्री रामचरितमानस पाठ के उपरांत एक विशाल श्री राम शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त, नगरवासी एवं अन्य लोग उपस्थित रहेद्य यह शोभायात्रा संपूर्ण नगर भ्रमण के पश्चात यथास्थान पर संपन्न हुईद्य इस संबंध में अधिक जानकारी देते



हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुंदर सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रभु श्रीराम के इस पावन जन्म उत्सव के अवसर पर यह शोभा यात्रा संपूर्ण नगर में भ्रमण कर रही है और संपूर्ण नगर ही नहीं अपित पूरे जनपद में राम जन्म उत्सव के पावन पर्व पर एक विशेष प्रकार का उत्सव मनाया जा रहा हैद्य इस शोभायात्रा में राम भक्त डीजे के धुन पर राम के भजनों पर थिरकते हुए भी नजर आएद्य इस मौके पर मिथुन सिंह, श्रेयांश सोनी, अरुणदास, सचिन, विकास चौरसिया, लालजी मिश्रा, सचिन, अनुभव, हरिओम चतुर्वेदी, संदीप शुक्ला, मनीष गुप्ता, आशुतोष रावत सहित अन्य हिंदू संगठनों के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहेद्य वही शोभा यात्रा को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखा।

## पेयजल की पाइप फटने से सड़क पर पानी ही पानी साफ दिख रही है जल निगम की नादानी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

एक तरफ जहां जल को लोगों ने जीवन कहा है बिना जल के जीवन संभव नहीं है ।वही जल निगम की लापरवाही कहें या फिर उदासीनता मऊ बाजार में लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए अंडरग्राउंड पाइप की व्यवस्था है जो टंकी से कनेक्ट है वही आज मऊ बाजार में पाइप लीकेज और टूटने की वजह से सड़क पर पानी ही अपनी नजर आ रहा था।

जैसे लग रहा था कि सावन का महीना आ गया हो मऊ बाजार के निवासियों ने बताया कि आए दिन यह समस्या बनी रहती है और जल निगम इस और कोई ध्यान नहीं देता जहां एक-एक बूंद पानी के लिए लोग



तरस रहे हैं वहीं पानी इस तरह बर्बाद हो रहा है की पूरी सड़क ही लबालब हो गई है।

## देवी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

वसंतिक नवरात्रि में नवमी के दिन कस्बे के विभिन्न देवी मंदिरों पूजा पंडालों एवं घरों में भक्तों द्वारा कन्या भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया मुराई बाग कस्बे में पिछले करीब 35 वर्षों से नवरात्र के दोनों पक्षों में चल रही नव दुर्गा पूजा में श्री नवदुर्गा जन कल्याण समिति द्वारा मां दुर्गा स्वरूप कन्याओं कन्याओं के चरण धोकर अक्षत पुष्प धूप दीप आदि से पूरे विधि विधान से आरती पूजन कर दही जलेबी हलवा पूरी चना फल आदि पकवानों से भोग लगाकर यथाशक्ति दक्षिणा दी गई नवरात्रि का आखिरी दिन होने के चलते कस्बे के विभिन्न घरों



में भी कन्या भोज का कार्यक्रम पूरे विधि विधान से किया गया मान्यता है कि नवरात्रों में देवी स्वरूप कन्याओं की पूजा अर्चना कर कन्या भोज कराने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वही नवरात्र के अंतिम दिन पूजा पंडालों एवं घरों में हवन पूजन किया गया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अमावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

काम की तलाश के लिए निकल दो युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मारी जोरदार टक्कर। हादसे में दो पहिया सवार एक युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई वही दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

आप को बता दे कि मृतक का नाम उमेश कुमार पुत्र स्वरामसजीवन निवासी ग्राम धुरन डीह मजरे फतेहपुर मवाइया थाना जायस जनपद अमेठी का बताया गया है।हादसे में घायल सोनू पुत्र रज्जन गंभीर रूप से घायल हो गया जहा उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।यह दुर्घटना (रायबरेली ड्डअयोध्या मार्ग पर




दुसौती, घुराडीह पेट्रोल पंप के पास दिन के 12 बजे आस पास घटना घटी।

जानकारी के अनुसार जायस थाना क्षेत्र के ग्राम घुरनडीह मजरे फतेहपुर मवईया निवासी सोनू दोनो युवक मोटरसाइकिल से गाड़ी संख्या यूपी 33/CA/9974 से रायबरेली जिला के महमदपुर के लिए निकले थे। इस बीच महमदपुर पेट्रोल पंप के पास मोहनगंज की तरफ से रायबरेली की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दोपहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दोपहिया सवार उमेश की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया है।

घटना की जानकारी मिलते मीलएरिया पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जबकि घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया।इस घटना को लेकर फरियादी घुरन निवासी सुरेश के रिपोर्ट पर मीलएरिया पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में मिला शव, मचा हड़कंप



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के पहुरावां गांव का रहने वाला दशरथ लाल उम्र 45 वर्ष पुत्र रतीपाल घर से बुधवार सुबह 5ः00 बजे के करीब गेहूं की फसल काटने को कह कर गया था। सुबह जब ग्रामीण उधर पहुंचे तो दशरथ लाल का शव खेत पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा था। ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो दशरथ लाल की मौत हो चुकी थी। घर पर सूचना देने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला किसी जहरीले जंतु के काटने से प्रतीत हो रहा है ।उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

## डीएम ने गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण

- स्ट्रांग रूम के लिए चयनित कक्ष-कक्षों का लिया जायज़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पोलिंग पार्टियों की रवानगी, पोलिंग पार्टियों के वाहनों की पार्किंग, कार्मिकों तथा इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों को सुरक्षित रखे हेतु स्ट्रांग रूम के लिए चयनित किए गए कक्ष-कक्षों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, सचिव मण्डी धनंजय सिंह व अन्य अधिकारियों के



साथ नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर का निरीक्षण करते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सभी व्यवस्थाएं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम मोनिका रानी ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें और इस बात का विशेष ख्याल रखा जाय कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर मतगणना तक के कार्य सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके।

## चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष ने न्यू प्रिया ज्वैलर्स का फीता काटकर किया उद्घाटन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट जहां व्यापारियों के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करवाता है, जनपद में लावारिश शवों का निशुल्क अंतिम संस्कार करवाता है, सभी धर्मों को एक साथ लेकर चलता है। आज उसी का परिणाम है जो जनपद में व्यापारी ऑल इण्डिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट को अपने सुख दुख का साथी समझते हैं और हर शुभ कार्य में बुलाकर सम्मान भी करते हैं।

इसी कड़ी में आज जनपद रायबरेली के कस्बा खीरों में न्यू प्रिया ज्वैलर्स के शुभारंभ के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष व पदाधिकारियों को आमंत्रण मिला। जिस पर चौहान गुट टीम ने व्यस्तता के बावजूद समय निकाल कर खीरों पहुंचे जहां पर सभी पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने न्यू प्रिया ज्वैलर्स का शुभारंभ फीता काटकर किया और उपस्थित लोगों का धन्यवाद भी किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो0 उमर, प्रदेश संगठन मंत्री राजेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश सचिव हाजी सन्ने, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, जिला सचिव भोला शुक्ला, राजेश कुमार सोनी, निलेश आदि मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन के लोग गले तक भ्रष्टाचार में डूबे : ब्रजेश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बुधवार को उन्नाव के नवाबगंज क्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने बूथ सम्मेलन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान सांसद साक्षी महाराज, विधायक मोहान, बृजेश रावत समेत अन्य नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधा। अखिलेश के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह सब सनातन धर्म के विरोधी हैं और उनका एक समूह है।

बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इंडि गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह लोग जब गांव में जाएंगे तो लोग इन्हें भिंडी गठबंधन कहेंगे। इंडि गठबंधन के लोग गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं खूब रुपया कटा है माल काटा है, जब कांग्रेस की



सरकार थी तब यूपीए 1 यूपीए 2 और इस बार इंडि गठबंधन नाम रख दिया। नेता वही हैं नेता कोई नहीं बदला है, वहीं राहुल गांधी हैं वहीं सोनिया गांधी हैं भाई अखिलेश यादव है वहीं ममता बनर्जी हैं। अब नाम बदल दिया है। कभी-कभी देखा जाता है की सड़ी हुई मिठाई का डब्बा बदल दिया जाता है। लेकिन जनता सब जानती है वह जान रही है कि माल वही है। 2004 से 2014 तक जब कांग्रेस की सरकार थी तो 2ळ स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ। मोबाइल को बेचने के लिए कांग्रेस के नेताओं ने पैसा खा लिया और घोटाला कर दिया था। तब कांग्रेस के मंत्री जेल चले गए थे। उसके बाद कोयला घोटाला हुआ उसमें भी सब जेल गए। आकाश में भी घोटाला पाताल में भी घोटाला जनता सब जानती है। आने वाले दिनों में इसका जवाब देगी।

वहीं अखिलेश यादव के राम मंदिर न जाने के सवाल पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह सब सनातन विरोधियों का एक समूह है। इन्होंने भगवान राम के अस्तित्व को ही मानने से इनकार कर दिया। मैं आभार प्रकट करना चाहूंगा पीएम मोदी जी का, जिन्होंने प्रयास करके अयोध्या में भव्य राम के मंदिर का लोकार्पण भी किया और शिलान्यास भी किया। रामनवमी के पावन पर्व पर देशवासियों को बधाई देता हूं।

## सरकारी अस्पताल की संवेदनहीनता

आये दिन छोटे–बड़े शहरों के सरकारी अस्पतालों में ऐसे किस्से उजागर होते हैं, जो चिकित्सा–तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाते हैं। लेकिन लुधियाना के सिविल अस्पताल में एक मरीज के साथ एक ही बैड में शव रखना वाकई परेशान करने वाली घटना है। हालांकि, पहले कहा गया कि अज्ञात मरीज का शव एक अन्य मरीज के बिस्तर पर दो घंटे से अधिक समय तक रहा, बाद में विभागीय जांच में अवधि को 37 मिनट बताया गया। बहरहाल, घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले में प्रशासनिक जांच के आदेश दिये गए हैं, लापरवाही की जवाबदेही तय करके कार्रवाई की बात कही जा रही है। निश्चित रूप से घटना परेशान करती है। निस्संदेह, उस मरीज की मनः स्थिति को समझा जा सकता है जो शव के साथ लेटा रहा होगा। यह घटना हमारे सरकारी अस्पतालों की बदहाली को बताती है, जिसके चलते कि एक बैड पर दो–दो मरीजों को लिटाया जाता है। ऐसे में रोगियों को अन्य संक्रमण होने की भी प्रबल संभावना बनी रहती है। विडंबना ये है कि इन अस्पतालों में वे ही मरीज आते हैं, जो मजबूरी के मारे होते हैं। वे प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने में सक्षम नहीं होते। मरने वाले मरीज को नौ अप्रैल को लुधियाना के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी जांघ की हड्डी टूटी थी। इस अज्ञात मरीज के साथ कोई तीमारदार भी नहीं था। लगता है कि उसे समय रहते पर्याप्त उपचार नहीं मिल पाया। बताया जाता है कि बारह अप्रैल को किसी डॉक्टर ने मरीज की फाइल में नोट लिखा कि मरीज बिस्तर पर नहीं पाया गया, जबकि मरीज चलने–फिरने में सक्षम नहीं था। उसकी फाइल में कुछ और नोट्स भी हैं लेकिन लिखने वाले डॉक्टर का नाम उसमें नहीं था। चौदह अप्रैल को मरीज को दूसरे अस्पताल में रैफर किया गया, लेकिन रैफर करने वाले डॉक्टर का उसमें उल्लेख नहीं है। कालांतर 15 अप्रैल को मरीज की सुबह ग्यारह चालीस पर मौत होना बताया गया है। शव को सवा बारह बजे के बाद मोर्चरी में शिफ्ट किया जाना बताया गया। मामले के तूल पकड़ने के बाद लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर ने मामले की जांच शुरू की है। मामले की हकीकत जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। लेकिन घटना ने एक बार फिर सिविल अस्पतालों में प्रबंधन की खामियों को उजागर ही किया है। बताते हैं कि नौ अप्रैल को भर्ती अज्ञात मरीज को ग्यारह अप्रैल तक उपचार नहीं मिला। कहना कठिन है कि उस मरीज के साथ क्या हादसा हुआ जिससे उसकी जांघ की हड्डी टूटी। क्या वो कोई राहगीर था जो किसी वाहन से हुई दुर्घटना का शिकार हुआ? यदि वह स्थानीय था तो उसके तीमारदार क्यों नहीं आए? क्या वह किसी आपराधिक साजिश का शिकार हुआ? बहरहाल, एक बात तो तय है कि दुर्भाग्य का मारा अज्ञात मरीज सिविल अस्पताल में कोताही का शिकार हो गया। बहुत संभव है कि समय रहते उसे उपचार मिलता तो शायद उसकी जान बच जाती। सवाल यह है कि गरीबों की अंतिम उम्मीद बने सरकारी अस्पतालों की बदहाली सुधारने के प्रयास क्यों नहीं किये जाते? लुधियाना जैसे बड़े व समृद्ध शहरों में तमाम व्यक्ति व समाजसेवी संगठन जनसेवा हेतु सक्रिय रहते हैं, क्यों नहीं इन अस्पतालों में पर्याप्त बैड उपलब्ध कराने के प्रयास होते हैं? तमाम राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में पैसा पानी की तरह बहाया जाता है, क्यों नहीं समाज के अंतिम व्यक्ति के उपचार के लिये आखिरी आश्रय स्थल सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिये योगदान दिया जाता? हमारे जनप्रतिनिधि क्यों नहीं इस दिशा में पहल करते?

# भाजपा की झोली कितनी भरेगी पूर्वोत्तर से



**बीजेपी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। पूर्वोत्तर की सेवन सिस्टर्स या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है।**

**आर.के. सिन्हा**

जिस पूर्वोत्तर भारत में सूरज की किरणें सबसे पहले पहुंचती हैं वहां की जनता तैयार है, एकबार फिर लोकसभा चुनाव में अपना फैसला सुनाने के लिए। बेशक, भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, तो 25 सीटें पूर्वांचल प्रदेशों की भी उसमें शामिल हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में आगामी 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। अगर बात पिछले यानी 2019 के लोकसभा चुनाव की करें तो पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी ने जो झंडे गाड़े थे, उसे इस बार भी थामे रखने का पूरा भरोसा है। इस भरोसे के पीछे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह विश्वास है कि उन्होंने जिस तरह से पूर्वोत्तर की विकास की योजनाएं सिरे चढ़ाई हैं, उसके बाद वहां की जनता उनकी पार्टी और सरकार को कभी नहीं भूलेगी। इसमें एक पक्ष यह भी है कि प्रधानमंत्री मोदी की तरह ही गृहमंत्री अमित शाह ने भी पूरे पूर्वोत्तर भारत में विभिन्न शांति समझौते के तहत एक स्थायी शांति का माहौल बनाया है।

चुस्त आंतरिक सुरक्षा के कारण ही पूर्वोत्तर के पूरे इलाके में कोई बड़ी हिंसक वारदात सुनाई नहीं पड़ रही है। हां मणिपुर इसका एक अपवाद अवश्य है और वहां भी गृह मंत्रालय ठोस समाधान की तरफ बढ़ रहा है। पूर्वोत्तर की सेवन सिस्टर्स या सात बहनें कही जाने वाली राज्य इकाइयों समेत क्षेत्र के सभी आठ राज्यों को मिलाकर कुल 25 लोकसभा की सीटें हैं। असम में सबसे ज्यादा लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को 25 में से 21 सीटें मिलीं थीं। भाजपा अबकी बार पिछला आंकड़ा पार करना चाहती है। अभी तक इंडी गठबंधन ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि उनका कोई बहुत बड़ा स्टेक पूर्वोत्तर के राज्यों में लगा है। ममता बनर्जी की टीएमसी और शरद पवार की एनसीपी पिछले चुनाव में यहां कुछ करने की एक अलग कोशिश की भी थी, लेकिन इस बार वह कोशिश भी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शरद पवार खुद अपनी पार्टी और अपनी वजूद के लिए अपने भतीजे से लड़ रहे हैं तो ममता बनर्जी अपने घर में ही भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक उपद्रवियों को बचाने के कारण घिरी हुई हैं।

पूर्वोत्तर में भाजपा पर विश्वास की वजह पिछले दस साल में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की सक्रिय रूप से विकास पर फोकस और शांति स्थापना की कोशिश है। इसके अतिरिक्त पूर्वांचल प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी डॉ. संबित पात्रा और राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा के लगातार प्रवासों और दिन - प्रतिदिन की मॉनिटरिंग ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा के संगठन को मजबूत ही किया है।

मणिपुर में हालांकि केवल दो लोकसभा की सीटें है, लेकिन मोदी सरकार के लिए वहां के जनजातीय संघर्ष को खत्म करना बहुत जरूरी है, क्योंकि मणिपुर हिंसा इस समय एक राष्ट्रीय मुद्दा बना हुआ है, जो एक तरह से पिछली कांग्रेसी सरकारों की देन ही मानी जाती है । पुरानी समस्या के किसी सर्वमान्य निर्णय की लगातार कोशिश गृहमंत्री अमित शाह कर भी रहें हैं।

हाल ही में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र समूह यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता सामान्य रूप से उत्तर पूर्व और विशेष रूप से मणिपुर में शांति के एक नए युग की संभावना को जन्म देता है। पहली बार है कि घाटी स्थित एक मणिपुरी सशस्त्र समूह हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने और भारत के संविधान और देश के कानूनों का सम्मान करने पर सहमत हुआ है। यह समझौता न केवल यूएनएलएफ और सुरक्षा बलों के बीच शत्रुता को समाप्त करेगा, जिसने पिछली आधी शताब्दी से अधिक समय से हजारों लोगों की जानें लीं, बल्कि समुदाय की दीर्घकालिक चिंताओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करेगा। यूएनएलएफ 1964 से ही सक्रिय था और यह भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह अपना ऑपरेशन चला रहा था।

पूर्वोत्तर में स्थायी शांति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अपने पहले कार्यकाल से ही तत्पर और सक्रिय हैं। गृहमंत्री अमित शाह कहते हैं कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों की नीतियां समस्याओं से ध्यान भटकाने और सत्ता का आनंद लेने की रही थी। जिसके कारण क्षेत्र में हजारों लोगों की मौत हुई। मोदी सरकार ने न केवल इन समस्याओं के स्थायी निदान के लिए पहल की, बल्कि उग्रवादी गुटों को भी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए ईमानदारी से कोशिश की। असम में पिछले 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर कायम है। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की एक ईमानदार कोशिश हुई।

मोदी सरकार के आने के बाद असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर पूर्णतः सहमत हुआ। अमित शाह कहते रहे हैं कि उग्रवादी बहकाये हुए अपने ही लोग हैं। इन्हें अगर रोजगार के अवसर और सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए तथा नए भारत की तस्वीर दिखाई जाए तो यह हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आगे आएंगे। उल्फा के कैडरों का आत्मसमर्पण इसी विश्वास का परिणाम है। शाह की नीतियों की यह सफलता ही है कि पूरे नॉर्थ ईस्ट में 9000 से ज्यादा उग्रवाद पर चल रहे कैडरों ने समर्पण किया है। पूर्वोत्तर के राज्यों में लोगों की समस्याओं का तुरंत निदान नहीं हो पाने की बड़ी वजह संचार की सुविधा की कमी रही। मोदी सरकार ने इस पर एक बहुत बड़ी पहल की। उन्होंने पूरे देश के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सुदूर कोनों को भी 5जी कनेक्टिविटी से जोड़ना शुरू किया। मोबाइल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सैकड़ों टावर गांवों में लगाए गए। पूर्वोत्तर की स्ट्रेटेजिक लोकेशन को देखते हुए मोदी सरकार इस क्षेत्र को आर्थिक संबंधों के लिए पूरब के द्वार के रूप में विकसित कर रही है। भारत के विकास में यहां के लोगों की आकांक्षाएं भी जोड़ रही है। इस समय पूर्वोत्तर में इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी में जबरदस्त काम हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में, पूर्वोत्तर में कई चीजें पहली बार हुई हैं।

## विचार

# मुरादाबाद में कलह के चलते ढह सकता है सपा का दुर्ग

**अजय कुमार**

लोकसभा चुनाव के लिये प्रथम चरण के मतदान में गिनती के दिन शेष बचे है, ऐसे में मुरादाबाद लोकसभा सीट की लड़ाई दिन पर दिन और दिलचस्प होती जा रही है। कहानी में ताजा मोड़ तब आया जब समाजवादी पार्टी (सपा) जो पहले उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस से जूझ रही थी। मुरादाबाद में मौजूदा सांसद एसटी हसन की जगह रुचि वीरा को लेने के बाद सपा के भीतर भड़क उठी थी, जिन्हें जेल में बंद पार्टी नेता और कद्दावर नेता आजम खान की पसंद के रूप में देखा जाता है।

पार्टी द्वारा तिरस्कृत किए जाने के बाद हसन ने स्वयं को वीरा के अभियान से अलग कर लिया है। हसन यदि वीरा के समर्थन में सामने आते हैं तो इससे मतदाताओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। सपा नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि मुरादाबाद के पूर्व महापौर हसन, जो अपनी चिकित्सा पद्धति के कारण क्षेत्र में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं, की जगह वीरा को लाना मुस्लिम मतदाताओं के एक वर्ग को पार्टी से दूर बसपा की ओर ले जा सकता है, जिसने ठाकुरद्वारा नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष और स्थानीय ओबीसी मुस्लिम नेता इरफान सैफी को मैदान में उतारा है। मुस्लिम सपा का एक प्रमुख वोट बैंक है। मुरादाबाद लोकसभा सीट के 17 लाख मतदाताओं में से लगभग 47 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा पसमांदा मुसलमानों का है। भाजपा द्वारा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने पर जोर देने के साथ, मुस्लिम वोटों में विभाजन की भी संभावना है, जिससे भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार को मदद मिलेगी। 2014 में, कुमार ने एसटी हसन को 87,000 से अधिक वोटों से हराकर मुरादाबाद जीता था। 2019 में, परिणाम बिल्कुल विपरीत था, कुमार इस बार हसन से लगभग 97,000 वोटों से हार गए, संभवत मुस्लिम वोटों के एकीकरण के कारण क्योंकि एसपी और बीएसपी गठबंधन में थे।

**पार्टी द्वारा तिरस्कृत किए जाने के बाद हसन ने स्वयं को वीरा के अभियान से अलग कर लिया है। हसन यदि वीरा के समर्थन में सामने आते हैं तो इससे मतदाताओं में एक अच्छा संदेश जाएगा। सपा नेताओं के एक वर्ग का मानना है कि मुरादाबाद के पूर्व महापौर हसन, जो अपनी चिकित्सा पद्धति के कारण क्षेत्र में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं, की जगह वीरा को लाना मुस्लिम मतदाताओं के एक वर्ग को पार्टी से दूर बसपा की ओर ले जा सकता है, जिसने ठाकुरद्वारा नगर पालिका के वर्तमान अध्यक्ष और स्थानीय ओबीसी मुस्लिम नेता इरफान सैफी को मैदान में उतारा है। मुरादाबाद लोकसभा सीट के 17 लाख मतदाताओं में से लगभग 47 फीसदी मुसलमान हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा पसमांदा मुसलमानों का है। भाजपा द्वारा पसमांदा मुसलमानों को लुभाने पर जोर देने के साथ, मुस्लिम वोटों में विभाजन की भी संभावना है, जिससे भाजपा उम्मीदवार कुंवर सर्वेश कुमार को मदद मिलेगी।**

बहरहाल, 1992 में अपनी स्थापना के बाद से, सपा ने हमेशा इस सीट से मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि बनिया वीरा को मैदान में उतारने से उसे कुछ उच्च जाति के वोट हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे मुस्लिम समर्थकों के बीच विभाजन की संभावित हानि को रोका जा सकेगा। सपा को वीरा से हसन की नाराजगी और मुस्लिम वोटों के बंटवारे के अलावा मुरादाबाद में अपनी सहयोगी कांग्रेस से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद रिज़वान ने वीरा पर खराब रवैया रखने का आरोप लगाया है और कहा है कि वह चुनाव से तटस्थ रहेंगे।

उन्होंने बताया कि मुझे लगता है कि वह (वीरा) चाहती थी कि मैं उसकी गुलामी करूं। मुझे वह पसंद नहीं आया. हालाँकि मैं उसका विरोध नहीं कर रहा हूँ, लेकिन मैं उसका समर्थन भी नहीं कर रहा हूँ। उधर, वीरा के प्रतिनिधि सुनील भारद्वाज ने कहा कि सपा और कांग्रेस संगठनों के बीच अच्छा समन्वय है। ÷मुरादाबाद एक बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है और चुनाव प्रचार जारी है। हर किसी को समय देना कठिन है। हो सकता है कि किसी को ठेस पहुंची हो लेकिन यह उसकी ओर से पूरी तरह से अनजाने में हुआ होगा। उन्होंने डॉ हसन से भी संपर्क करने की कोशिश की और उनके आवास पर गईं, लेकिन वह उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस नेताओं का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है, जिसमें प्रचार के दैनिक कार्यक्रम पहले से साझा किए जाते हैं।

बहरहाल, कांग्रेस नेता रिज़वान का वीरा के खिलाफ खुला ऐलान ज़मीन पर सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और संवाद की कमी वाली तस्वरी पेश कर रहा है। कांग्रेस के एक नेता ने इस बात से इनकार किया कि उनकी ओर से कोई विरोध हुआ है, उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रमों के बारे में एसपी की ओर से कोई सूचना नहीं होने के बाद भी पार्टी नेता खुद को अभियान में शामिल कर रहे हैं। हालाँकि, हसन के नर्सिंग होम से बमुश्किल एक किलोमीटर दूर शहर के कचहरी इलाके में राय विभाजित है। एक व्यापारी मोहम्मद जमील ने कहा कि वह हसन को हटाने के एसपी के फैसले से खुश हैं। वह बहुत विनम्र हैं लेकिन पुलिस मामलों में गरीब लोगों की मदद करने के लिए अपने रास्ते से बाहर नहीं जाते हैं। वहीं वीरा भी इस सिलसिले में एक्टिव हैं।

पिछले शुक्रवार को वह मुसलमानों से मिलीं, जो अलविदा-की-नमाज़ (रमज़ान के आखिरी शुक्रवार की प्रार्थना) अदा करने के बाद जामा मस्जिद से बाहर आ रहे थे और उन अधिकारियों से भिड़ गईं जो हमें चुनाव प्रचार करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। वह हमारे लिए लड़ सकती हैं।

स्थानीय लकड़ी व्यापारी शमशुद्दीन ने दावा किया कि हसन ने विकास के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए कभी भी निर्वाचन क्षेत्र में यात्रा नहीं की। वह चाहते हैं कि मुरादाबाद में (आम आदमी पार्टी सुप्रीमो और दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल जैसा कोई नेता हो, जो हमें सस्ती दरों पर बुनियादी सुविधाएं दिलाने में मदद कर सके। शम्सुद्दीन ने कहा कि उन्हें भाजपा सरकार से कोई वास्तविक समस्या नहीं है। मैं सुरक्षित महसूस करता हूं क्योंकि यह कानून व्यवस्था पर अच्छा काम कर रहा है, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ को सस्ती बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बारे में भी सोचना चाहिए।

# प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता ही देश का उज्जवल भविष्य

**संजीव ठाकुर**

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता हैस राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा, अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता हैस स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था।

जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आईआईटी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगे। वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैस इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन, विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया। भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया है वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय, संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता हैस आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैंस यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता, प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें।

आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं। किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों, कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन, करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा, कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल, हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता, अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय, बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है। वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण, अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार, लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता, पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे।



## राशिफल

**मेषः–** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**बृषभः–** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः–** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः–** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः–** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः–** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः–** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः–** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः–** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः–** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः–** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः–**किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# असत्य को स्वीकार्यता दिलाने के चक्कर में मोदी के बड़े झूठ

**डॉ. दीपक पाचपोर**



**महंगाई, बेरोजगारी, डॉलर के सामने रुपये की गिरती कीमत, पाकिस्तान व चीन की सीमाओं पर उठती समस्याओं के उनके पास तैयार नुस्खे हुआ करते थे। यह अलग बात है कि अपने दो कार्यकालों के दौरान सतत चुनावी मोड में रहने तथा पूरा फोकस ऑपरेशन लोटस जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में उलझे रहने के कारण उन्हें उपरोक्त उल्लिखित अपेक्षाकृत गौण विषयों की ओर ध्यान देने का वक्त नहीं मिल पाया। शायद इसीलिये अब उन्हें तीसरे टर्म की सख्त दरकार है। मुद्दा तो यह है कि पूरे 10 वर्षों तक मीडिया से दूरी बनाये रखने वाले मोदी को ऐसा क्योंकर महसूस होने लगा कि उन्हें मीडिया से उन विषयों पर बात करनी चाहिये जिसका सरोकार वर्तमान सन्दर्भों से है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मोदी अपनी प्रचार सभाओं में तो क्या संसद के भीतर भी बात करना पसंद नहीं करते, जो कि उनका संवैधानिक कर्तव्य ही नहीं जवाबदेही भी है।**

18 वीं लोकसभा के चुनावों का आगाज होने में दो ही दिन रह गये हैं। 7 चरणों में होने जा रहे आम चुनाव के लिये मतदान का पहला चरण शुक्रवार को होगा। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धुआंधार प्रचार सभाएं तो कर ही रहे हैं, वे पिछले करीब 10 वर्षों से जारी अपनी कार्यपद्धति से हटकर कुछ नया तरीका अपना रहे हैं- वह है मीडिया से मुखातिब होना। वे वर्तमान परिस्थितियों एवं घटनाक्रमों पर बाकायदे जवाब भी देते नजर आ रहे हैं। कम से कम ऊपर से तो यही दिखाई देता है कि वे ठोस तथ्यों पर आधारित सवालों का जवाब दे रहे हैं।

ये वे प्रश्न हैं जो उनके आम खाने के तरीके से परे हटकर हैं, उनके चेहरे की चमक का राज जानने से भी अलग हैं। ये सवाल ऐसे भी हैं जिनमें उनके 18-18 घंटे काम करने के बावजूद न थकने की जिज्ञासा भी नहीं है। हालांकि उनके हाल के साक्षात्कारों को लेकर पूरी सम्भावना है कि प्रश्नावली उनकी सहमति से तैयार हुई होगी। जो हो, मान लिया जाये कि उनके हालिया तीन साक्षात्कार जो तमिल चौनल थांती, असम ट्रिब्यूनल एवं सोमवार को प्रसारित समाचार एजेंसी श्एएनआईश् में प्रसारित-प्रकाशित हुए हैं, वे पत्रकारों द्वारा पेशेवरना ईमानदारी से लिये गये और मोदी ने भी बतौर पीएम खुले मन से तथा सवालों की सूची से छेड़छाड़ किये बिना आये प्रश्नों के जवाब दिये हैं। थांती व असम ट्रिब्यूनल का प्रभाव क्षेत्र एएनआई के मुकाबले सीमित है। इसलिये मोदी को लगा होगा कि इससे काम नहीं चलने वाला है, सो उन्हें एक ऐसे चौनल में इंटरव्यू की आवश्यकता महसूस हुई होगी जिसकी उपस्थिति देशव्यापी प्रतीत होती हो। वैसा है भी। उनके मीडिया के प्रति विलम्ब से उपजे अनुराग को देखते हुए यह भी सम्भावना व्यक्त की जा सकती है कि आने वाले समय में कुछ और प्रकाशन या चौनल उनके इंटरव्यू प्रकाशित-प्रसारित करें। देश का मुखिया अगर यह नयी आदत विकसित करे तो इसका स्वागत होना चाहिये। वैसे भी जब मोदी पीएम नहीं थे तो तमाम अखबारों व चौनलों से लम्बी-चौड़ी वार्ताएं कर यह बतलाते ही रहते थे कि कैसे डॉ. मनमोहन सिंह एक कमजोर पीएम हैं। महंगाई, बेरोजगारी, डॉलर के सामने रुपये की गिरती कीमत, पाकिस्तान व चीन की सीमाओं पर उठती समस्याओं के उनके पास तैयार नुस्खे हुआ करते थे। यह अलग बात है कि अपने दो कार्यकालों के दौरान सतत चुनावी मोड में रहने तथा पूरा फोकस ऑपरेशन लोटस जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में उलझे रहने के कारण उन्हें उपरोक्त उल्लिखित अपेक्षाकृत गौण विषयों की ओर ध्यान देने का वक्त नहीं मिल पाया। शायद इसीलिये अब उन्हें तीसरे टर्म की सख्त दरकार है। मुद्दा तो यह है कि पूरे 10 वर्षों तक मीडिया से दूरी बनाये रखने वाले मोदी को ऐसा क्योंकर महसूस होने लगा कि उन्हें मीडिया से उन विषयों पर बात करनी चाहिये जिसका सरोकार वर्तमान सन्दर्भों से है। ये ऐसे मुद्दे हैं जिन पर मोदी अपनी प्रचार सभाओं में तो क्या संसद के भीतर भी बात करना पसंद नहीं करते, जो कि उनका संवैधानिक कर्तव्य ही नहीं जवाबदेही भी है। पिछले दस वर्षों में उन्होंने यही किया है कि संसद में मुद्दों पर पूछे गये सवालों को कांग्रेस के परिवारवाद, विपक्षियों के भ्रष्टाचार, सबको जेल भेजने, अगले 25 वर्षों का रोड मैप बनाने, 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे विकसित देश बनाने जैसे आधारहीन विषयों से जोड़ देते हैं। संसद के भीतर पूछे गये सवालों के जवाब वे सत्र के दरम्यान भी बाहर होने वाली पार्टी रैलियों और सभाओं में देने का हौसला व महारत संजोये हुए हैं। यहां असली बात है मोदी के सभी पैंतरों के नाकाम होने का भय और उनकी सरकार द्वारा लाये गये इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिये हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफ़श होना जिसमें केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जमकर दुरुपयोग किया गया है। घोटालों के नाम पर विपक्षियों को थोक के भाव से जेल भेजने के उनके षड्यंत्र सहित कई-कई कृत्यों का उजागर होना मोदी को परेशानी में डाल रहा है। फ़िर, पूरे समय व्यक्तिवादी व आत्मकेन्द्रित राजनीति करने के कारण मोदी अब पूरी तरह से अकेले हैं। अधिक से अधिक केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उनके साथ हैं। उनका बचाव अब कोई दूसरा नेता भी करता नहीं दिख रहा है। ऐसे में उन्हें इस मीडिया की शरण लेनी पड़ी है। दूसरा सवाल यह भी है कि इतने वक्त के बाद भी अगर मोदी ने थांती, असम ट्रिब्यूनल व एएनआईई से खुलकर बातें की हैं तो क्या उन्होंने सब कुछ सच-सच कहा है? कई बातों की परतें तो तब खुलतीं अगर मोदी से पत्रकारों द्वारा पूरक सवाल किये जाते।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जिले में निकाली गई रामनवमी की भव्य शोभायात्रा



▸ शहर के गल्ला मंडी स्थित रामजानकी मंदिर से निकाली गई यात्रा

▸ शोभायात्रा में शामिल रामभक्तों का जगह-जगह किया गया भव्य स्वागत



महोबा, समृद्धि न्यूज।

शहर के गल्ला मंडी स्थित रामजानकी मंदिर में रामजन्मोत्सव के बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर से रामभक्तों द्वारा पालकी उठाई गई। इसी के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह भव्य शोभायात्रा यात्रा गल्ला मंडी, परमानंद तिराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक, मलकपुरा, राठ चुंगी, मुख्य बाजार होते हुए डाकबंगला मैदान में समाप्त हुई। यहां आतिशबाजी के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। रामभक्तों में इसे लेकर खासा जोश और उत्साह देखा गया। सभी धर्मों के लोगों ने रामभक्तों का स्वागत किया। पूरे शहर को भगवाध्वज से पाट दिया गया था। जगह-जगह भंडारे का आयोजन चल रहा था और राम के प्रति रामभक्त अपनी आस्था अर्पित कर रहे थे। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के बाद विधि विधान से निकली शोभायात्रा में शामिल रामभक्त जयश्री राम के जयकारे लगाते जा रहे थे। बच्चे और महिलाएं राम के गीतों पर थिरकती जा रही थीं। शहर के आल्हा चौक, मुख्य बाजार, मगरियापुरा, ऊदल चौक, मलकपुरा सहित दर्जन भर से अधिक स्थानों पर भक्तों द्वारा जलपान, शर्बत, हलवा आदि की व्यवस्था की गई थी। आल्हा चौक में भंडारे का आयोजन किया गया। जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल भक्तों के ऊपर पुष्प वर्षा हुई।शोभायात्रा देखने के लिए लोग घरों की छतों से लेकर सड़कों तक डटे रहे।इसमें शामिल झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। हर ओर एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम..तो वहीं श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में आदि गीतों की गूंज सुनाई दे रही थी। मुख्यालय के साथ ही पनवाड़ी, कबरई, चरखारी, कुलपहाड़, श्रीनगर सहित पूरे जिले में रामनवमी की धूम रही और शोभायात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा था। शोभायात्रा में रामजन्म की पालकी, विभिन्न स्वरूपों में सजे बच्चे लोगों के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। शहर के डाकबंगला मैदान में शोभायात्रा का समापन हुआ और यहां प्रसाद वितरित किया गया। उधर घरों में भी रामनवमी पर भक्तों ने धार्मिक अनुष्ठान किए और पूरा जिला जयश्रीराम के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंजता रहा और हर ओर भगवाध्वज फहराता नजर आया। सभी भगवान श्रीराम की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

## चहुओर दिखा उत्साह



**चरखारी।** चरखारी में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर्व श्री राम नवमी पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारों के बीच उत्साह के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा का शुभारम्भ मंदिर रायनपुर से प्रारम्भ होकर संतोषी माता के मंदिर पर समापन हुआ। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न झांकियां राम दरवार, रानी लक्ष्मीबाई, राधा कृष्ण, हनुमान आकर्षण का केन्द्र रहीं। नगर में रामनवमी जुलूस एवं शोभायात्रा का शुभारम्भ रामनवमी आयोजन समिति व पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि राम पाल कुशवाहा ने पूजन करते हुए रायनपुर मंदिर से प्रारम्भ किया तथा जुलूस वी पार्क' सदर बाजार' डयोढ़ी' बस स्टेशन होते हुए संतोषी माता मंदिर पहुंचा जहां जुलूस का समापन हुआ। शोषायात्रा में भगवान श्री राम की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं शोभा यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने जगह जगह पर जल पान कराकर तथा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराए जाने के लिए प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबन्ध किए गए जिसकी बागडौर उपजिलाधिकारी डा0 प्रदीप कुमार सीओ रविकान्त गोंड प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता ने संभाली साथ ही भारी संख्या में पुलिस व पीएसी बल चप्पे चप्पे पर तैनात रहा। नगर पालिका परिषद द्वारा जुलूस आयोजन स्थल की सफाई एवं धुलवाई कराई गयी साथ ही जगह जगह स्टाल लगाकार पानी व मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान नगर पालिका लेखाकार अय्यूब खां संजीत कुमार' सौरभ सक्सेना' राजेन्द्र दिहुलिया व्यवस्थाएं करते नजर आए। शोभायात्रा में सचल मंच पर सुन्दरकाण्ड व भजन आकर्षण का केन्द्र रहे। जुलूस के दोरान अश्वनी द्वद्विदी युवराज सिंह पूर्व पालिका अध्यक्ष मूलचन्द्र अनुरागी पूर्व पालिका अध्यक्ष अरविन्द सिंह चोहान योगेश मिश्रा, नीरज अशोक महाराज प्रदीप पंसारी' रमन किशोर गोस्वामी' रविन्द्र पाठक' नरेन्द्र नायक कुलदीप भटनागर सहित हजारों की संख्या में महिला पुरूष व बच्चे मौजूद रहे। जुलूस के दौरान युवाओं एवं बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा तथा बैण्ड बाजों डीजे पर जय श्रीराम के नारों के साथ लोग उत्साह के साथ भगवान श्री राम के प्रकटोत्सव पर्व श्री राम नवमी को मनाते नजर आए।

# जिले के देवी मंदिरों में भंडारे का आयोजन भक्तों ने घरों में कराया कन्या भोज

▸ शहर के शक्तिपीठ मां बड़ी चंद्रिका माता मंदिर में उमड़े भक्त



महोबा, समृद्धि न्यूज।

चैत्र नवरात्र के सभी नौ दिनों तक भक्तों ने मां के प्रति अपनी आस्था अर्पित की। हवन पूजन किया और सुख समृद्धि की कामना के साथ भंडारे का आयोजन भी कराया गया। जिले के सभी देवी मंदिरों में जहां भंडारे का आयोजन किया गया तो वहीं भक्तों ने घरों में कन्या भोज का आयोजन कर धार्मिक अनुष्ठान कराए। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन देवी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए सुबह से रात तक भक्तों की कतारें लगी रही। नवमी होने के चलते लोग परिवार सहित मंदिर पहुंचे और माता रानी की आरती कर प्रसाद अर्पण किया। नौ दिनों तक घरों से लेकर मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे। हवन पूजन और भजन कीर्तन भी हुए। नवरात्र की नवमी को जगह-जगह भंडारे आयोजित हुए। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमीं को भोर से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचने लगी थी। शक्तिपीठ मां बड़ी चंद्रिका मंदिर, ऐतिहासिक छोटी चंद्रिका, बड़ी काली माता, शारदा माता, मां विध्यवासिनी, चकौटा देवी, संकटा माता, चामुंडा देवी, चरखारी को मां मदारन देवी मंदिर, कुलपहाड़ के मां बघराजन मंदिर सहित सभी देवी मंदिर में नवरात्र के आखिरी दिन भक्तों की भारी भीड़ पहुंची। जगह जगह कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया। घरों में भी श्रद्धालुओं ने कन्या भोज कराया। कुल मिलाकर हर ओर माता रानी के जयकारे गूंजे और भक्त मां के चरणों में अपनी आस्था अर्पित करने को आतुर दिखाई दिए। चैत्र नवरात्र के सभी नौ दिनों तक भक्तों ने मां के प्रति अपनी आस्था अर्पित की। जिले के सभी देवी मंदिरों में जहां भंडारे का आयोजन किया गया तो वहीं भक्तों ने घरों में कन्या भोज का आयोजन कर धार्मिक अनुष्ठान कराए। पूरा जिला मातारानी के जयकारों और देवी गीतों से गुंजायमान रहा। हर ओर जय माता दी के जयकारे सुनाई देते रहे।

## खीर अठवाई चढ़ाकर भक्तों ने की माता सिद्धिदात्री के नौवें रूप की आराधना



**पनवाड़ी महोबा।** चैत्र नवरात्र के नौ वें दिन राम नवमी पर भक्तों ने दुर्गा मां की खीर-अठवाई चढ़ाकर पूजा-अर्चना की देवी मंदिरों में सुबह चार बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ मन्दिरों मे आना शुरू हो गई थी तो वहीं घरों में भी धार्मिक अनुष्ठान कराए गए अधिकांश लोगों ने नौ कन्याओं की देवी स्वरूप में पूजा आराधना कर चुनरी पहनाई और कन्या भोज, भण्डार कराया चैत्र नवरात्रि पर्व पर देवी मंदिरों में नौ दिवसीय भंडारों का आयोजन किया गया जय बड़ी माता मन्दिर पनवाड़ी में विद्वान पंडित सुरेश चन्द्र तिवारी जी द्वारा विधि विधान से हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के भरवारा गांव स्थित मडियन बड़ी माता मंदिर, काली माता मंदिर, माहेश्वरी माता मंदिर, जागेश्वर महादेव मन्दिर, संतोषी माता आदि देवी मंदिरों में भक्तों के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा मडियन बड़ी माता मंदिर में भक्तों ने मां के नवमी स्वरूप की खीर अठवाई चढ़ाकर विधि विधान से पूजा अर्चना की इस दौरान महिलाओं ने सुख समृद्धि के साथ अखंड सौभाग्य की कामना की नवमी होने के चलते मंदिरों व घरों में हवन-पूजन व कन्या भोज के आयोजन किए गए।

## खबरें एक नजर में

### पति-पत्नी को गाली-गलौज कर पीटा, मुकदमा दर्ज

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** युवकों ने बालक को कीचड़ में गिर दिया और यह देखकर उसके दादा ने विरोध किया। दबंगों ने उसके साथ मारपीट कर दी और बीच बचाव को आयी उसकी पत्नी को भी पीट दिया। पुलिस ने सूचना के आधार पर सगे भाईयों के खिलाफ धारा 325, 323, 504 के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चरखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रिहुनिया निवासी मूलचंद्र पुत्र मन्नी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 26 मार्च की शाम करीब साढ़े 4 बजे उसका 8 वर्षीय नाती रवि कुमार अपनी दुकान के सामने खेल रहा था। तभी गांव के ही रहने वाले रामनारायण ने उसके ऊपर रंग डाल दिया। इसके बाद उसने हाथ पकड़कर उसे कीचड़ में गिरा दिया। जब उसने मना किया तो गाली गलौज की गई। इसके बाद उसका भाई गंगा भी आ गया और मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आयी उसकी पत्नी रानी को भी इन लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने रामनारायण व उसके भाई गंगा के खिलाफ धारा 325, 323, 504 के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवैध शराब के साथ महिला सहित तीन गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रभारी निरीक्षक कबरई वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा टीमों का गठन किया गया। गठित टीम के उपनिरीक्षक रामकिशन यादव द्वारा आरोपी प्रेम प्रजापति पुत्र स्व. रामनाथ को वर्मा तालाब के पास मुहल्ला विवेकनगर से दो प्लास्टिक की पिपिया मे 15-15 लीटर (कुल 30 लीटर ) अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा गया। वहीं मंजा पत्नी राजकुमार कबूतरा व लक्ष्मी पत्नी सुजीत कबूतरा को वर्मा तालाब कबूतरा डेरा से गिरफ्तार किया गया। महिलाओं के कब्जे से क्रमशः 15 व 16 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई । बरामदगी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई रामकिशन यादव, एसआई प्रशान्त दीक्षित आदि शामिल रहे। पुलिस के अभियान से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### आग से बचाव के बारे में किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत आग से संबंधित होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर लोगों को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने व जिले में अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह (14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक) के तहत प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा अग्निशमन सुरक्षा सेवा सप्ताह के तहत जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित मैरिज़ हॉल, होटल इत्यादि स्थानों में जाकर वहां मौजूद होटल संचालकों एवं स्थानीय लोगो एवं श्रमिक वर्ग को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया एवं आग से बचाव हेतु मॉकड्रिल का आयोजन कर आग पर काबू पाने के विभिन्न तरीकों को बताया गया व अग्निसुरक्षा से संबंधित पम्पलेट वितरित किए गए। इस प्रकार अग्निशमन टीम द्वारा किये जा रहे अग्निसुरक्षा के विभिन्न प्रयासों से निश्चित रुप से क्षेत्र में अग्नि से होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं में व्यापक स्तर पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

### कार्रवाई की मांग

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** पति की प्रताड़ना की शिकार पत्नी ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी पति के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।कस्बे की फत्तेपुर निवासी रजिया बानो ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मेरे पति के किसी अन्य महिला के साथ संबंध होने के कारण घर में आए दिन आरोपी महिला को घर लेकर आता है और पीड़िता के उत्पीड़न करने के साथ बच्चों को खर्च भी नहीं दे रहा है।इस सम्बंध में कहीं शिकायत करने पर देवर को फर्जी फंसाने की धमकी दे रही है जिससे आहत होकर पीड़िता ने कोतवाली में न्याय की गुहार लगाई है।

# फातिमा ने जामिया की प्रवेश परीक्षा में हासिल की 35वीं रैंक

▸ पांच छात्रों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर उस्मानिया कैरियर इंस्टीट्यूट का बढ़ाया मान



मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 9वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा में मौदहा के पांच छात्रों ने परचम लहराया है। उस्मानिया कैरियर इंस्टीट्यूट में तैयारी करते हुए सभी ने सफलता पाई है।

कस्बे के हैदरगंज स्थित उस्मानिया कैरियर इंस्टीट्यूट कोचिंग संस्थान के पांच छात्रों ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के 9वीं की प्रवेश परीक्षा में सफलता पाकर अध्यापक सहित परिवार को गौरवान्वित किया है। जिसमे फातिमा पौत्री छिद्दू प्रधान निवासी मुटनी ने 9वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा में आल इंडिया रैंक 35 वीं हासिल कर परिवार सहित कोचिंग का नाम रौशन किया है। इसी तरह मोहम्मद फैसल, सैफुल हसन, सिदरा फातिमा व अरबिया इस्लाम ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार का गौरव बढ़ाया है। उत्तीर्ण सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के साथ-साथ अपने अध्यापक सद्दाम सर को दिया है। छात्र छात्राओं की इस कामयाबी पर उस्मानिया कैरियर इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं संचालक सद्दाम खान ने सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं बताया की निरंतर ऐसे ही प्रयासों को लेकर हमारी संस्था काम कर रही है, जिससे समाज में एक शिक्षा की अलख जाग सके।

# ईद हो या तीज त्यौहार मनरेगा में चलेगा कागजों में फर्जी काम

▸ मनरेगा में फर्जीवाड़ा काम कराने का मामला फिर आया सामने,बीडीओ ने कहा करायेगी जांच





मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

मनरेगा में फर्जी काम करने का मामला अक्सर शासन व प्रशासन में छाया रहता है,यहां पर ज्यादातर काम धरातल में कम कागजों में दिखायी देते है। यहाँ मुर्दो को काम में लगाने का मामला उजागर हो चुका है। लेकिन कार्यवाई के नाम पर जांच तक ही सीमित हो जाता है। जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है।

इस समय किसानी का कार्य फसल कटाई का काम जोरो पर चल रहा है। जहां अधिकतर मजदूर फसल कटाई में लगे है। लेकिन मनरेगा को तो निरंतर चलना है इसलिए ज्यातर गांवो में कही दो सौ तो कही चार सौ तो कही पांच सौ मजदूर कागजो में काम करते नजर आ रहे है विकास खंड में छब्बीस जनवरी हो या ईद का त्यौहार काम कागजों में निरंतर चलता रहता है। ग्राम पंचायत विगहाना में दो कार्यो में ढाई सौ से अधिक मजदूर कागजो में फर्जी काम कर रहे थे धरातल में नहीं, जलरोक बंध कार्य श्यामू के खेत से मइयादीन के खेत तक में 103 मजदूर सिर्फ कागजों में काम करते दिखाए गए जिसमें से 36 मुस्लिम मजदूर है। और फर्जी एम एम एस कर फोटो से ही हाजरी भर कर मजदूर काम करते दिखाए गए है वही दूसरा काम जिसमें 155 मजदूर लगे है। जिसमें 42 मजूदूर मुस्लिम है। गब्बू वर्मा के खेत से पारा बंधा तक है। फर्जीवाड़ा का आलम यह है कि यहा पर ईद में भी मुस्लिम मजदूरों द्वारा काम करना दिखाया गया है। विगहाना ग्राम पंचायत में दो कार्यो 258 मजदूर काम पर दिखाए गए है। जिसमें एक दिन की एक मजदूर की मजदूरी 237 रूपये के हिसाब से 258 मजदूरों की मजदूरी 61146 रूपये होती है। जो प्रति दिन फर्जी तरीके से कागजों में काम दिखा कर डकार रहे है।

सरकारी धन और जिम्मेदार अधिकारी डिमांड जीरो करने का हवाला देकर बार बार पवित्र हो जाते है किसानों ने बताया कि जहां काम दिखाया जा रहा है वह सरकारी बंधा दूसरे मौजे में है उसी के बगल में काम कराया है। सचिव गिरीश कुमार इस मामले में गोलमोल बात करते है। खण्ड विकास अधिकारी दुर्योधन ने बताया कि वह इस मामले जांच करायेगे।

उनका कहना है कि ईद 26 जनवरी व 15 अगस्त को भर काम नहीं होता है बाकि दिन हो सकता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक घायल



राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। मंगलवार की देर रात दोस्त के साथ राठ आ रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पीछे बैठे एक युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज मेडिकल कालेज झांसी में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक कोतवाली के टूंका गांव निवासी स्वामीदीन अहिरवार ने बताया कि उसके चार पुत्र संजू, गौतम, वीरेंद्र, विवेक है। वह परिवार सहित दिल्ली में रहता है। बड़े पुत्र की शादी होने पर वह 15 दिन पहले परिवार सहित गांव आया था। गुरुवार को उसके पुत्र संजू की बारात नोएडा जानी थी। घर में बारात की तैयारियां चल रही थी। तभी मंगलवार की रात गांव का जीतेन्द्र उसके छोटे पुत्र 20 वर्षीय वीरेंद्र को बाइक से शराब पिलाने के बहाने ले गया। तभी कुर्रा गांव की नहर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई। जीतेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज झांसी में चल रहा है।

# मृतक के पिता ने दो युवकों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

▸ सोमवार को दलितों की मारपीट से आहत होकर युवक ने फांसी लगाकर दी थी जान

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।

चिकासी थाने के बिलगांव डांडा में दलितों की मारपीट से आहत होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। स्वजनों शव को कूड़े रख दिया था। चिकासी पुलिस ने पिता की तहरीर पर दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।बिलगांव डांडा गांव निवासी विजय राजपूत ने पुलिस को बताया कि सोमवार की शाम उसका पुत्र प्रिंस राजपूत(22) के साथ गांव के पान सिंह पासवान के रिश्तेदार रामू निवासी गढ़हर कोतवाली उरई जनपद जालौन, आकाश पासवान निवासी बैरागढ़ कोतवाली उरई जनपद जालौन ने मारपीट कर दी। उसकी पत्नी रामरती पान सिंह के यहां पूछने गई। इसी बीच उसके पुत्र ने नशे की हालत में कमरे में पंखे से गमछे से फंदा डालकर आत्महत्या कर ली थी। बताया कि विचार विमर्श कर शव को उतार कर सड़क किनारे रख दिया था। चिकासी थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर रामू, आकाश के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

### देवर भाभी की लोडर की टक्कर से मौत, मासूम घायल





**बिवाँर (हमीरपुर)।** बच्चे का इलाज कराकर हमीरपुर से वापस लौट रहे देवर भाभी की लोडर की टक्कर से दर्दनाक मृत्यु हो गयी मासूम बच्चा बुरी तरह घायल हो गया पुलिस के मुताबिक बुधवार को ललपुरा थाना क्षेत्र के बजेहटा निवासी रोहित(25) पुत्र जगभान साहू और उसकी भाभी रितु(25) पत्नी रवि बाइक से बच्चों का इलाज करा कर गाँव लौट रहे थे ,जिन्हें राठ की ओर से आ रहे लोडर ने कुचल दिया जिनकी मौके पर ही मौत हो गई लेकिन उनके साथ रीति का सात माह का बच्चा रिहाल बच गया ,हालाँकि उसे भी चोटें आईं। घटना के बाद लोडर का चालक फरार मृतका रितु ,उसका पति रवि और देवर रोहित (मृतक) सभी दिल्ली में मजदूरी करते थे ,अभी लगभग एक सप्ताह पहले ही सभी लोग किसी शादी में शामिल होने दिल्ली से आए थे।मृतक रोहित भी शादीशुदा बताया गया जिसने गाँव की ही लड़की से प्रेम विवाह किया था जिनके भी एक बच्चा है।

### क्षय रोग से पीड़ित वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज। कोतवाली के रौरौ गांव में क्षय से पीड़ित वृद्धा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। रौरौ गांव निवासी अलखराम रैकवार ने बताया कि उसकी मां रामकुमारी (62) क्षय रोग से पीड़ित थी। जिनका इलाज चल रहा था। पिछले तीन माह से बच्चेदानी में शिकायत आ गई थी। हर अस्पतालों में उनका इलाज कराया। लेकिन उन्हें कुछ आराम नहीं मिला। बताया कि उनकी मां को कुछ दिनों से बहुत दर्द रहता था। जिससे वह परेशान रहती थी। बताया कि कोई भी डॉक्टर वृद्धावस्था व कमजोरी के कारण बच्चेदानी का ऑपरेशन करने को तैयार नहीं थे। मंगलवार देर रात उनकी मां ने कमरे में रस्सी का फंदा डाल आत्महत्या कर ली।



### राम नवमी पर्व पर निकाली भव्य शोभायात्रा राम दरबार की झांकी रही आकर्षक का केंद्र

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे में राम नवमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया है। पूरा कस्बा भगवा रंग में दिखाई दिया। वहीं भक्ति गीत से पूरा कस्बा गुंजायमान रहा।बुधवार को राम नवमी पर्व पर रामलीला मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जुलूस में राम दरबार की झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रही। जुलूस में जय श्रीराम के जयघोष के साथ लोग डीजे में बज रहे भक्ति गीत पर थिरकते रहे। शोभायात्रा रामलीला मैदान से स्टेट बैंक तिराहा, रानीगेट पड़ाव, कोट बाजार, प्रीतम चौराहा, उरई बस स्टैंड, अंबेडकर चौराहा से होते हुए बजरिया, काजीपुरा से रामलीला मैदान में समाप्त हुआ। शोभायात्रा में राम भक्त भगवा ध्वज फहराते हुए चल रहे थे। पीछे ट्रैक्टरों में झांकियां चल रही थी। जो आकर्षक का केंद्र बनी हुई थी। इस मौके पर विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, राकेश मिश्रा, महेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र कोष्टा, सूर्य मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# अमरनाथ यात्रियों का हुआ सफल परीक्षण



इटावा, समृद्धि न्यूज।

आगामी 29 जून से 19 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को अमरनाथ यात्रा मेडिकल कराने में 400 से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की वजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में गठित अमरनाथ परीक्षण बोर्ड मंगलवार और शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं का परीक्षण करता है इसी के तहत 400 से अधिक श्रद्धालु आ जाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ा कुछ डॉक्टर इमरजेंसी में लगे होने के कारण देर से आए जिससे अमरनाथ यात्रियों का पारा स

सातवे आसमान पर रहा बार-बार अस्पताल प्रशासन के विरुद्ध नारे बाजी होती रही भारी शोर शराबी के बावजूद फिजिशियन विकास राजपूत हड्डी रोग विशेषज्ञ दीपक गुप्ता डिप्टी सीएमओ बलराज सिंह राजू, कुलदीप, विष्णु, दीक्षा आदि ने 262 अमरनाथ यात्रियों का सफल परीक्षण किया। इस अवसर पर अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, उपाध्यक्ष जय सिंह चौहान, अमन कश्यप, सृष्टि चौहान, ध्रुव अग्निहोत्री, बंटी यादव, अभय कश्यप, रमेश यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जायन्ट्स ग्रुप ने पूजन कर की सुख समृद्धि की कामना

इटावा, समृद्धि न्यूज।





जगत जननी शक्ति स्वरूपा मां जगदंबिका के नव संवत के अवसर पर जायंट्स ग्रुप दतावली डायमंड ग्रुप द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रांगण में शक्ति स्वरूपा मां का कन्याओं के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू श्री और दातावली डायमंड की अध्यक्ष रीना यादव ने कन्याओं को चुनरी पहना कर पूजन किया और सभी के सुख समृद्धि की मंगल कामना की।

इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने कन्याओं के लिए विभिन्न प्रकार की आवश्यक सामग्री गिफ्ट के रूप में उपलब्ध कराई।

सभी कन्याएं टिफिन, टूथब्रश, साबुन, हेयर ऑयल, मैगी नमकीन, रियल जूस, बिस्किट्स, पानी की बोतल, पेंसिल बॉक्स, आलू भुजिया, नटखट, केला, संतरा इत्यादि फल पाकर बेहद प्रसन्न हुई। इस अवसर पर निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव, यूनिट 2 की डायरेक्टर राखी मित्तल, नीलम भदौरिया, दतावली डायमंड की उपाध्यक्ष वाह्य स्नेह अग्रवाल, आंतरिक अध्यक्ष श्रद्धा अवस्थी, निदेशक निधि द्विवेदी, निदेशक पूनम सहाय, पूर्व अध्यक्ष मनीष सहाय, अमित कुमार पाण्डेय, सुमति यादव, करुणा वन्सल, अनीता यादव, मिताली शुक्ला, सुमिता श्रीवास्तव, एवं खुशबू त्रिपाठी ने इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता देकर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव किया और भविष्य में इस प्रकार के और कार्यक्रम करने का आश्वासन दिया ग्रुप की अध्यक्षा रीना यादव द्वारा कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों का दिल से आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या अंजू श्री ने कन्याओं को मां दुर्गा की तरह निर्भीक, धैर्यवान, शक्तिशाली और बुद्धिमान होने के लिए दिन रात पढ़ाई में मेहनत करने की प्रेरणा दी।

# उद्योग व्यापार मंडल ने मां भगवती शोभायात्रा का किया स्वागत





इटावा, समृद्धि न्यूज।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी जी के प्रतिष्ठान पचराहा पर विशाल मां भगवती शोभा यात्रा का भव्य स्वागत व्यापार मंडल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन, जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान, महिला जिला अध्यक्ष मीना सिंह राजपूत, महिला जिला महामंत्री पूर्वी सक्सेना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, डॉक्टर संतोष राठौर, जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाह, युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास शाक्य, सर्राफा एसोसिएशन मंत्री श्याम, अवनीश राजपूत सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल बरसा कर आइसक्रीम एवं पानी की बोतल बाटकर शोभा यात्रा का स्वागत किया और भव्य आरती की।

### सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे कल करेंगे नामांकन



इटावा, समृद्धि न्यूज। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे का कल 19 अप्रैल को कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरू ने बताया कि 41 लोकसभा क्षेत्र इटावा से इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे 19 अप्रैल को 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक यादव अंशुल अध्यक्ष जिला पंचायत इटावा उपस्थित रहेंगे। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू एवं जिला महासचिव वीरभान सिंह भदोरिया वीरू व मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की ने समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन जनपद के समस्त वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, मतदाताओं से अपील की है कि वह साथियों सहित 19 अप्रैल को 11 बजे जिला पंचायत पहुंचकर नामांकन में भाग लेकर प्रत्याशी जितेंद्र दौहरे को अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

# 12 वां स्थान पाकर अनिकेत ने बढ़ाया कोटरा का गौरव

उरई (जालौन) समृद्धि न्यूज


अनिकेत शांडिल्य।

मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का परिणाम घोषित हुआ जिसमें देश भर के 1016 अभ्यर्थियों का सिलेक्शन हुआ जिसमें जनपद जालौन के कस्बा कोटरा निवासी अनिकेत शांडिल्य ने परीक्षा में 12 वीं रैंक हासिल कर न केवल जनपद का नाम रोशन किया बल्कि बेटे की इस कामयाबी पर उनके माता-पिता भी गर्व महसूस कर रहे हैं। गौरतलब हो कि अनिकेत शांडिल्य उरई तहसील क्षेत्र के कस्बा कोटरा के निवासी हैं। उनके दादा राधारमन शांडिल्य केंद्रीय विद्यालय में प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुये थे। इसके बाद उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में कदम रखा था। अनिकेत के पिता आलोक शांडिल्य भी जनपद झांसी में दतिया रोड स्थित राजकीय इंटर कालेज में उप प्रधानाचार्य है जबकि उनकी मां अर्चना शांडिल्य झांसी जनपद में ही परिषदीय विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। यूपीएससी में 12 वीं रैंक हासिल करने वाले अनिकेत शांडिल्य की शुरूआती शिक्षा केडी क्रिश द किंग कालेज झांसी में जहां उन्होंने 12 वीं तक की पढ़ाई की इसके बाद वह नोएडा के जेएसएस कालेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की और वहीं पर रहकर जॉब करने लगे लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और फिर उन्होंने यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। शुरूआत में उन्होंने पांच माह तक कोचिंग की लेकिन बाद में सेल्फ स्टडी करते हुये यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी की। इस दौरान उनका 2023 में आईबी में चयन हो गया था।

लेकिन उन्होंने यूपीएससी की तैयारी करनी नहीं छोड़ी और पांचवें अटेम्प्ट में उन्होंने यह परीक्षा पास कर ली। अनिकेत के पिता आलोक और मां अर्चना ने बताया कि अनिकेत पहले चार अटेम्प्ट में केवल प्रारंभिक परीक्षा में ही पास हो पाये थे। मगर परिवार के सभी लोगों ने और खासतौरपर उरई में रहनेवाले अनिकेत के नाना चंद्रभूषण पाठक ने उन्हें लगातार हौसला बढ़ाते रहे। बताते चलें कि कोटरा नगर में शांडिल्य परिवार का अलग रसूख और मान सम्मान है। इस परिवार में जन्मे पंडित मोहनलाल शांडिल्य प्रसिद्ध रीतिकालीन कवि रहे हैं। उनकी अनेकों रचनाएं आज भी लोग गुनगुनाते हैं। इस परिवार पर मां सरस्वती की ऐसी अनुकंपा है पूरा वंश वृक्ष पुष्पित एवं पल्लवित है। अनिकेत की सफलता पर कभी टीम आलोक के सिपाही रहे राधावल्लभ चतुर्वेदी, नादिर बक्श, महेंद्र स्वामी क्रिटल, रागिब बख्श, दिनेश शांडिल्य, इशाक मोहम्मद, सरल शर्मा, सुरेश वर्मा, शमीम सिद्दीकी, वाजिद बॉक्स, मकबूल खान, सीताराम भारती, यक्षण खान, देवेश व्यास, इंदल सिंह यादव, बृजमोहन विश्वकर्मा सहित अनेकों कस्बावासियोंने खुशी जाहिर कर बधाई दी।

## नवरात्रि के अंतिम दिन शक्तिपीठों में दर्शनार्थियों का लगा रहा तांता

जालौन (उरई)। नवरात्र के अंतिम दिन देवी भक्तों ने मंदिरों में मां सिद्धदात्री की पूजा-अर्चना की और घरों में बोए गए जवारों को भी चढ़ाया। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में देवी मंदिरों में देवी भक्तों की विशाल भीड़ उमड़ी। पहाड़पुरा में मां कामाक्षा देवी मंदिर पर व नगर की शक्तिपीठ बड़ी माता मंदिर एवं छोटी माता मंदिर पर सुबह से शाम तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। नवरात्र के नवें दिन श्रद्धालु देवी भक्तों द्वारा नगर के प्रसिद्ध छोटी माता मंदिर व बड़ी माता मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों पर सुबह से ही मां सिद्धदात्री की पूजा-अर्चना प्रारंभ कर दी गई। इस दौरान श्रद्धालु देवीभक्तों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस दिन नगर का वातावरण पूर्णतः देवीमय हो गया। विशेष पूजा-अर्चना के कारण नवरात्रि का अंतिम दिन इसे विशेष स्वरूप प्रदान करता है।

# ढोल, नगाड़ों के धुनों के साथ निकाला गया रामनवमी का जुलूस

> सन् 2002 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीते डाक्टर अरुण मेहरोत्रा ने यह परम्परा शुरू कराई थी और यह परंपरा आज भी कायम है

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज

**सुरक्षा के भी रहे पुख्ता इंतजाम**


रामनवमी पर निकाले गये जुलूस में शामिल लोग।

कालपी। नगर के साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रति प्रशासन संतुष्ट नही है जिसके चलते प्रशासन की इस नगर की हर छोटी बड़ी धार्मिक गतिविधियों पर नजर रहती है। बुधवार को शोभायात्रा के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, एसडीएम हेमन्त कुमार, सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफके अलावा स्थानीय पुलिस बल के अलावा सर्किल एवं रिजर्व पुलिस बल के साथ पीएसी भी मौजूद रही।

बुधवार को रामनवमी के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न राजनैतिक दलों के लोगों के साथ बड़ी संख्या में आस्थावान भी शामिल हुए। नगर में रामनवमी की शोभायात्रा की परम्परा कई दशकों पुरानी है जो सम्पूर्ण जनपद की इकलौती शोभायात्रा थी जिसमे समूचे जनपद के हिन्दू संगठन के अलावा विभिन्न दलो के नेता एवं आस्थावान शामिल होते थे पर अब ऐसा नही है जनपद के कई जगहों में यह शोभायात्रा निकलने लगी है।

विदित हो कि सन 1989 में राम शोभायात्रा के दौरान नगर में राम बरात निकलना बंद हो गयी थी जिसे 13 वर्ष बाद सन 2002 में भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव जीते डाक्टर अरुण मेहरोत्रा ने यह परम्परा शुरू कराई थी और यह परंपरा आज भी कायम है।

इसकी जिम्मेदारी का दायित्व विश्व हिन्दू परिषद के पास है और इसी परंपरा के चलते बुधवार को लगभग 2 बजे रामजानकी मन्दिर में पूजा पाठ एवं श्री राम जन्मोत्सव के साथ शोभायात्रा की शुरूआत हो गयी जो मुख्य बाजार टरननगंज से बिजली घर रोड से होकर आनंदी देवी, फुलपावर चौराहा, हिन्दीभवन, बजरिया, स्टेशन, रायल गार्डन, गणेश मन्दिर चौराहे से होते हुये दुर्गा मन्दिर, काली मन्दिर, श्री दरवाजा होते हुये पाहूलाल देवालय में पूर्व भाजपा विधायक डॉक्टर अरुण मेहरोत्रा द्वारा पूजन अर्चन के साथ जुलूस का समापन हुआ।

जुलूस में मुख्य आकर्षण ढोल, नगाड़ा, डीजे, राम दरबार के अलावा अन्य झांकिया व बहुरुपिया तथा घोड़ा मुख्य आकर्षण का केन्द्र थे। इस दौरान सांसद भानुप्रताप वर्मा, विधायक विनोद चतुर्वेदी, उर्विजा दीक्षित, पूर्व विधायक डाक्टर अरुण मेहरोत्रा, पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन, पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह सरसेला, मनोज चतुर्वेदी, आचार्य मनीष महाराज, अरविन्द सोनी, दीपक शर्मा, सुबोध द्विवेदी, सुनील पटवा, राजू पाठक, रामकुमार तिवारी, अरूण चौहान, विवेक तिवारी, सज्जन महाराज आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### शोभायात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

कालपी। रामनवमी के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल आस्थावानों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए नगर के लोगों ने खास ख्याल रखा।

आलम यह रहा कि विभिन्न राजनैतिक दलो के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं अन्य लोगों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों को मिष्ठान्न, शीतलपेय शरबत आदि पिलाकर गलातर किया।

# हाईटेंशन से निकली चिंगारी से 15 बीघा गेहूं की फसल राख


खेत में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी।

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज

हाईटेंशन विद्युत लाईन से निकली चिंगारी से क्षेत्र के ग्राम उसरगांव में खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में 3 किसानों को भारी नुकसान हुआ है। अब विद्युत विभाग की जर्जर हाईटेंशन लाने किसानों के लिए समस्या बन गई है जिससे निकली चिंगारी से उनके खेतों में खड़ी पहले तबाह हो रही है। इसी सप्ताह ही क्षेत्र के ग्राम मसगाया में हाईटेंशन लाईन में हुए फाल्ट से किसानों की 15 बीघा गेहूं की फसल खाक हो गई थी और बुधवार दोपहर फिर उसरगांव मौजा में हाईटेंशन लाईन से निकली चिंगारी से खेतों में कटी रखी फसल में आग लग गयी थी। सूचना पर मौके पर पहुंचे अग्नि शमन दल ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया तब तक उसरगांव निवासी सियानंदन दुबे पुत्र लक्ष्मीकांत, गुलाब पुत्र प्रभुदयाल व रामजी पुत्र प्रेमदास की गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई। अग्निशमन दल के प्रभारी एसआई महेन्द्र वाजपेई के अनुसार किसानों की लगभग 6 बीघा गेहूं की कटी फसल के साथ लगभग 5 बीघा गेहूं की फसल के अवशेष जले है। उनके अनुसार दमकल को अगर जरा सी भी देर हो जाती तो किसानों को भारी नुकसान हो सकता था। टीम में चालक विनोद कुमार, रविकुमार के फायरमैन अमृतलाल के साथ होमगार्ड सुधीर दुबे, वीरेंद्र भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने किसानों को सचेत करते हुए कहा कि हाईटेंशन लाईन के नीचे फसलों को इकट्ठा न करें साथ ही जब तक खेतों में फसले खड़ी है तब तक विद्युत विभाग को भी दोपहर के समय आपूर्ति रोक देनी चाहिए।

# गल्ला मंडी, थोक फल, सब्जी मंडी में सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज

बंगरा मार्ग पर स्थित गल्ला मंडी व थोक फल व सब्जी मंडी में नियमित सफाई नहीं हो रही है। नियमित सफाई न होने के के कारण गंदगी फैली हुई है। नालियां गंदगी भरी पड़ी है तथा छनाई के बाद निकलने वाले खराब अनाज को नहीं हटाया जाता है जिससे बदबू आ रही है और मच्छर पनप रहे हैं। मंडी में फैली गंदगी से व्यापारियों में मंडी प्रशासन के प्रति नाराजगी पनप रही है।

कृषि उत्पादन मंडी समिति व थोक फल व सब्जी मंडी की सफाई व्यवस्था का काम ठेकेदार द्वारा कराया जाता है। ठेकेदार द्वारा मंडी की सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदार की हीलाहवाली के चलते मंडी में गंदगी फैली रहती है। गल्ला मंडी की अधिकांश नालियां गंदगी भरी हुई है। नियमित सफाई न होने के कारण गंदगी फैली हुई। मंडी के पिछले भाग में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। मंडी परिसर में फैली गंदगी के कारण बदबू आ रही है और मच्छर पनप रहे हैं और जानवर घूमते रहते हैं। अन्ना जानवरों के कारण गंदगी और बढ़ जाती है। गंदगी होने के जहां एक ओर दुकानदारों को दिक्कत होती है तो वहीं दूसरी ओर मंडी खरीदारी करने आने वाले ग्राहकों को परेशानी हो रही है। मंडी परिसर में चल रहे सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों के कारण किसानों की भीड़ रहा आ रही है। जिसके चलते परेशानी हो रही है। किसानरामकुमार, अनिल, मनोज आदि ने मंडी में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध अवस्था में खड़े युवक से छुरी बरामद

कालपी (जालौन)। ज्ञान भारती चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान युवक छुरी के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद के अनुसार मंगलवार शाम ज्ञान भारती चौकी प्रभारी जितेन्द्र सिंह हमराह पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए गश्त कर रहे थे इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी थी कि सरसेला रोड पर एस युवक अवैध शस्त्र के साथ मौजूद है जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना को संज्ञान में लेकर पुलिस बल ने बताए गए स्थान को देखा तो वहा खड़ा युवक पुलिस को देख भागने लगा थक शक होने पर पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा तो उसके पास से एक नाजायज छुरा मिला है। पूंछताछ में उसने अपना नाम हनुमंत पुत्र रामकिशोर खंगार निवासी शाजापुर थाना कोतवाली कालपी बताया था। पुलिस ने अवैध छुरी के साथ पकड़े गए युवक के खिलाफ आयुध अधिनियम की धारा 4/25 के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

### 12 बजते ही श्रद्धाभाव से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव, सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन


द्वारिकाधीश मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ करते भक्तजन।

जालौन (उरई)। बुधवार को भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव नगर में श्रद्धा व भक्ति भावना से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर में भगवान श्रीराम की विशेष पूजा अर्चना की गई और प्रसाद अर्पित कर उसका वितरण किया गया। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन जैसे ही घड़ी में 12 बजे वैसे ही शंख, झालर, ढोल, नगाड़े की ध्वनि के बीच 'भय प्रकट कृपाला, दीन दयाला, कौशिल्या हितकारी' की ध्वनि सुनाई देने लगी। रामनवमी के मौके पर नगर के प्रमुख श्रीराम मंदिर नाना महाराज मंदिर, श्रीवीर हनुमानजी बालाजी मंदिर देवनगर चौराहा, लालजी दास महंत आदि मंदिरों में भगवान श्रीराम का आज नये वस्त्रों के साथ विशेष श्रृंगार किया गया और पूजा अर्चना की गई। भारत विकास परिषद के तत्वावधान में द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मृत्युंजय श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, विनय माहेश्वरी, वीरेंद्र सोनी, पवन अग्रवाल, प्रेम कुमार गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, नानू श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता, सतीश सिंह सेंगर, विवेक अग्रवाल, अभय राजावत, पुनीत मित्तल, रामशरण विश्वकर्मा, रविशंकर पाटकार, प्रमोद माहेश्वरी, सौरभ अग्रवाल, पंकज गर्ग, बीनू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# कार चालक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, दोनों वाहन खंदक में गिरे

> ई-रिक्शा में सवार घायलों को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज




तेज रफ्तार कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में कार व ई रिक्शा दोनों खंदक में गिरे। कोतवाली पुलिस ने ई रिक्शा में सवार घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहीं, डस्टर चालक मौके से भाग निकला। कोतवाली क्षेत्र में छह पुला के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन पिवासी पप्पू कुशवाहा की मोपेड खराब थी।

जिसे सही कराने के लिए वह ई रिक्शा पर मोपेड को लादकर जालौन ला रहे थे। ई रिक्शा नगर के मोहल्ला रावतान निवासी विवेक कुमार चला रहे थे। जब वह ई रिक्शा से छह पुला के पास पहुंचे। तभी जालौन की ओर से बंगरा मार्ग पर तेज रफ्तार जा रहे कार के चालक ने अनियंत्रित होकर ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई रिक्शा छह पुला के पास खंदक में जाकर पलट गया। उधर तेज रफ्तार कार का चालक भी कार को नहीं संभाल सका और कार भी खंदक में जा गिरी। हादसे में ई रिक्शा पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार चालक मौके पर कार को छोड़कर भाग निकला।

हादसे की सूचना राहगीरों ने डायल 112 को दी। मौके पर पहुंचे एसआई ओंकार सिंह ने दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# पात्र व्यक्ति राशन कार्ड व यूनिट बढ़वाने के लिए दफ्तर के लगा रहे चक्कर

उतरौला,बलरामपुर,समृद्धि न्यूज।

> पूर्ति महकमे व कोटेदारों की मिलीभगत से सरेंडर किए कार्ड भी ई पॉस मशीनों में एक अरसे से जीवित हैं

दो सौ चालीस राशन कार्डों के सरेंडर के बाद भी नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों पात्र लोग अभी भी राशन कार्ड बनवाने से वंचित हैं। सरेंडर किए गए कार्ड के एवज में निर्गत अनाज कहां जा रहा है इसकी जांच करना भी अधिकारी उचित नहीं समझते है। पूर्ति महकमे व कोटेदारों की मिलीभगत से सरेंडर किए कार्ड भी ई पॉस मशीनों में एक अरसे से जीवित हैं। पिछले वर्ष अक्तूबर में क्षेत्र के आयकरदाता, लग्जरी वाहनों के स्वामी व अन्य सरकारी नौकरी कर रहे लोगों ने स्वेच्छा से अपने-अपने राशन कार्ड निरस्त करने के लिए पूर्ति निरीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। नगर क्षेत्र मे ऐसे कार्डधारकों की संख्या 240 थी। पूरे तहसील क्षेत्र में इनकी संख्या लगभग आठ सौ थी। आज तक किसी भी कार्ड को निरस्त नहीं किया जा सका है।

दूसरी तरफ नगर क्षेत्र मे सैकड़ों ऐसे निर्धन पात्र व्यक्ति हैं जो राशन कार्ड बनवाने या कार्डों में यूनिट बढ़वाने के लिए सप्लाई आफिस और कोटेदारों का चक्कर लगा रहे हैं। राशन कार्डों में गड़बड़ी का यह खेल अरसे से चल रहा है और पात्र व्यक्ति निःशुल्क खाद्यान्न योजना का लाभ पाने से वंचित हैं। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक मनमथ नाथ गुप्त का कहना है कि नगर क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य से 68 कार्ड अधिक बने हुए हैं इसलिए नया राशन कार्ड बनाने या यूनिट बढ़ाने में परेशानी हो रही है। सरेंडर किए गये कार्डों को अब तक पात्रता सूची से क्यों नहीं हटाया गया इस बाबत पूछे जाने पर उनका कहना था कि सभी सरेंडर किए गए कार्डधारकों की सूची को शीघ्र ही ऑनलाइन कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

## फांसी में झूलकर युवक ने जीवनलीला की समाप्त

कालपी (जालौन)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा खास में कथित घरेलू कलह से अजिज आकर युवक ने घर मे फांसी लगाकर युवक ने जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम गुढ़ा खास गांव में रहकर मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता था। ओमप्रकाश का विवाह मलिहानपुरवा में हुआ था, पत्नी एवं दो बच्चे मलिहानपुरवा में लंबे अरसे से रह रहे हैं। जबकि गुढ़ा खास में ओमप्रकाश अलग रहता था। बीती शाम को ओमप्रकाश की पत्नी से फोन पर बातचीत हुई थी। रात में घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर ओमप्रकाश ने जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह जब ओमप्रकाश के शव के फांसी में झूलने की खबर से गांव में हड़कम्प मच गया। मौत की खबर सुनकर ओमप्रकाश की पत्नी तथा घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# धूमधाम से मनाया श्री राम का जन्मोत्सव

उतरौला,बलरामपुर,समृद्धि न्यूज।



उतरौला बाजार में स्थित श्री जनेश्वर वीर हनुमान गढ़ी मंदिर में श्री राम नवमी के पावन अवसर पर प्रभु श्रीरामलला का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर बुधवार को दोपहर के बारह बजते ही श्री जनेश्वर वीर हनुमान गढ़ी मंदिर सहित दुखहरण नाथ मंदिर, पीपलेश्वर महादेव मन्दिर, ज्वाला महारानी मंदिर सहित नगर के सभी प्रमुख मंदिरों में श्री रामलला का जन्मोत्सव का कार्यक्रम शुरू हुआ।

श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़े बजाकर आतिशबाजी किया। श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के मंदिरों को फूलों व रोशनी से सजाया गया।सर्वप्रथम भगवान श्री राम का अभिषेक करके भव्य श्रृंगार किया गया व महाआरती करके भगवान श्री रामलला का पूजन अर्चन किया गया। पूजन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम जी का दर्शन, पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया व प्रसाद ग्रहण किया। भगवान श्री रामलला जन्मोत्सव के अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, विधायक पुत्र शशांक वर्मा, शिवकुमार कसौधन,लक्ष्मी रतन गुप्ता, फणींद्र गुप्ता, सीबी माथुर,अंकुर गुप्ता, हरीशचंद्र यादव,विकास कसौधन सहित भारी संख्या में महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे ।

# जयश्री राम उद्घोष के साथ निकाला गया रामनवमी का जुलूस

जालौन,उरई समृद्धि न्यूज

चैत्र शुक्ल नवरात्र में रामनवमी को भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा में उमड़े रामभक्तों के सैलाब ने पूरे वातावरण को राममय कर दिया। जुलूस मार्ग पर केसरिया झंडे से पटा पूरा मार्ग जय श्रीराम के नारों से गूंज रहा था। द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ हुआ जुलूस नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः आयोजन स्थल पर आकर समाप्त हुआ।

नवरात्र के बाद राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गुरूवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने मिलकर भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, आदि सहित भारत माता की झांकियां सजाकर नगर के विभिन्न मार्गों से होकर केसरिया व भगवा ध्वज के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से होकर जुलूस निकाला। जुलूस का शुभारंभ द्वारिकाधीश मंदिर से हुआ। जो छोटी माता मंदिर, बंबई वाला मंदिर, से सब्जी मंडी, नाना महाराज मंदिर, झंडा चौराहा होते हुए बस स्टैंड, तहसील, कांजी हाउस होकर कोतवाली रोड होते हुए देवनगर चौराहे से समाप्त हुआ। जुलूस में डीजे पर बज रही धुनें पर भक्तगण थिरकते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए पूरे नगर को राममय कर दिया।

# अभियान के तहत चार को किया गिरफ्तार



उतरौला,बलरामपुर,समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला प्रमोद यादव के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रेहरा बाजार के नेतृत्व मे थाना रेहरा बाजार पुलिस टीम उपनिरीक्षक राज कुमार रावत, उपनिरीक्षक सूर्याप्रकाश, हेडकांटेबल जियालाल यादव, हेडकांटेबल शिवपाल शर्मा, कांटेबल लालबहादुर द्वारा देखभाल क्षेत्र लोकसभा चुनाव व रामनवमी त्यौहार के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था ड्यूटी के अनुपालन प्रतिक्रिया सूचना अभियान के दौरान मु0अ0सं0-80/2024 धारा 147/352/ 436/ 452/323/ 427/ 506/ 380/ 504 आईपीसी के अभियुक्त अंजनी कुमार शुक्ला पुत्र हनुमान प्रसाद शुक्ला निवासी शुकुलगांव दा0 तेलिया रतनपुर थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर उम्र लगभग 25 वर्ष, मुकेश पुत्र दशरथ निवासी पांडेपुरवा दा0 बनकसिया शिवरतन सिंह थाना मनकापुर जनपद गोण्डा उम्र लगभग 33 वर्ष, रक्षाराम पुत्र बासू निवासी सकरी दा0 कोलुहा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा उम्र लगभग 30 वर्ष व रामजनम पुत्र मुनेशर निवासी सकरी दा0 कोलुहा थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा उम्र लगभग 26 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## अवैधानिकता के आरोपों से घिरी डीवीसी प्रबंध कार्यकारिणी में मचा घमासान

उरई (जालौन)। दयानंद वैदिक महाविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के निर्वाचन को लेकर जिस तरह से अवैधानिकता के आरोप जिस तरह से खुलकर सामने आए हैं उसको लेकर अब जहां एक ओर प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों में बेचैनी देखी जा रही है तो वहीं उनकी मुसीबतें बढ़ गई है। सूत्रों की माने तो मामले के उजागर होने के बाद भीतरी तौर पर हलचले तेज हो गई है अब इस मामले पर आगे क्या होगा इस बात को लेकर नगर के आम और खास सभी में कौतूहलता देखी जा रही है फिलहाल जो भी हो नगर के एक बड़े शैक्षणिक संस्थान में प्रबंध कार्यकारिणी का गठन और उसकी वैधानिकता पर लगे सवालों ने बुद्धिजीवियों को हैरत में डाल दिया है।

# खुले में शौच करने से स्वच्छ भारत अभियान को लग रहा धक्का

उतरौला,बलरामपुर,समृद्धि न्यूज।

उतरौला बाजार के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा पर शौचालय का प्रबंध न होने से यात्री व स्थानीय दुकानदार परेशान हैं। उनका कहना है कि विगत वर्ष नगर पालिका द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा स्थित पीडब्ल्यूडी व वन विभाग कार्यालय के पास मैदान में मोबाइल बायो टायलेट की व्यवस्था कराई गई थी। इस्तेमाल में होने के कारण मोबाइल टायलेट गंदा हो जाता था। समाजसेवियों, दुकानदार, राहगीर व अन्य लोग मोबाइल टायलेट की प्रतिदिन साफ सफाई, देखभाल व पानी की व्यवस्था की मांग स्थानीय प्रशासन के सामने समस्या उठा चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया। इससे सफाई व्यवस्था बिगड़ती गई। नगर पालिका परिषद द्वारा मोबाइल बायो टॉयलेट के साफ-सफाई एवं बेहतर रखरखाव का प्रबंध ना कर वहां से मोबाइल टॉयलेट ही हटवा दिया गया। मोबाइल बायो टॉयलेट को हटवा कर उसके स्थान पर महिला व पुरुष दो यूरिनल टॉयलेट रखवा दिया गया। उसको भी रखवाने के बाद नगर पालिका उसकी साफ सफाई कराना भूल गया। साफ सफाई ना होने से वह भी बेकार पड़ा हुआ है। मजबूरन लोग इधर-उधर गंदगी फैलाते हैं। लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने कहा कि चौराहे पर रोजाना सैकड़ों लोग जिला मुख्यालय, गोंडा, मनकापुर, डुमरियागंज, बस्ती, गोरखपुर, लखनऊ, आदि इलाकों के लिए बस पकड़ने का इंतजार करते हैं। और अन्य इलाकों से आने वाले इसी चौराहे पर उतरते हैं। तमाम क्षेत्रवासी अपने निजी कार्य हेतु थाना कोतवाली, तहसील, कचहरी, रजिस्ट्री कार्यालय आते हैं जो इसी चौराहे पर ठहरते हैं। लेकिन, यहां शौचालय का प्रबंध न होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। इस बीच मजबूरी में तमाम लोग आसपास खुले में गंदगी फैलाकर चले जाते हैं। इससे यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों को काफी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर कई बार स्थानीय लोगों ने शौचालय का प्रबंध करने की मांग की है, लेकिन अब तक इसको लेकर कोई उचित कदम नहीं उठाया गया है। इसलिए, उनकी मांग है कि प्रशासन इस समस्या को दूर करने के लिए जल्द ही नगर पालिका मोबाइल टायलेट की साफ सफाई करवा कर या नए मोबाइल बायो टॉयलेट पानी की व्यवस्था के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहा पर पुनः रखवाए। और प्रतिदिन इसके साफ सफाई के लिए सफाई कर्मीयों की ड्यूटी लगाई जाए। ताकि लोगों की परेशानी का समाधान हो सके, और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था भी बनी रहे। सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था न होना लोगों को परेशान कर रहा है। यहां पर हर दिन सैकड़ों की तादाद में आने वाले आम राहगीरों और दुकानदारों को खुले में शौच करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिस कारण बीमारी फैलने का अंदेशा है। वहीं खुले में शौच करने से स्वच्छ भारत को भी धक्का लग रहा है।

# नवरात्रि के अंतिम दिन कन्याभोज का हुआ आयोजन

**श्रीराम मंदिर में श्रद्धालुओं संग पूर्व राज्यमंत्री ने की पूजा**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**


सती माता मंदिर में हवन पूजन व कन्या भोज कराते समाजसेवी।

चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने घरों एवं देवी मंदिरों व श्रीराम मंदिर में पूर्व राज्यमंत्री को मंदिर के महंत पं. राकेश चन्द्र दुवे ने पूजन कराया। वहीं सती माता मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी नें पालिकाध्यक्षा के साथ हवन पूजन कर कन्याओं को भोज कराकर दान दक्षिणा भेंट की। इस दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। वही नगर में कई स्थानों पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिवस बुधवार कि सुबह से ही मंदिरों में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की कतारें लग गई। नगर के मोहल्ला आजाद नगर स्थित प्राचीन काली देवी मंदिर, तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर, रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर, पावर हाउस स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर, चकोर रोड स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, जीटी रोड स्थित प्राचीन राम मंदिर में पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाडेय ने भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर के साथ मॉ भगवती की पूजा अर्चना की। उधर नगर के सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता नें पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता के साथ विधि विधान से हवन पूजन व दान दक्षिणा भेंटकर कन्या भोज कराया। उधर नागरिकों ने अपने घरों पर पूजा बंदना कर कन्या भोज कराकर कन्याओं का आशीर्वाद लिया।

वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर के मंदिरों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर राकेश चन्द्र वर्मा, नीरज मिश्रा, विकास गुप्ता, मनोज गुप्ता, अजय दीक्षित, गंगासिंह, दीपक चक, नवल गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## ठाकुर केशवदेव ने धारण किया श्री रामरूप

**मथुरा।** रामनवमी को श्रीकृष्ण-जन्मस्थान पर श्रीराम-जन्म महोत्सव भाव, उल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान केशवदेवजी ने श्रीरामरूप में दर्शन दिये। भगवान श्रीरामजी का विशिष्ट मुकुट, धनुष, बाण, तीर एवं तरकस को धारण कर भगवान श्रीकेशवदेवजी का स्वरूप बहुत ही मनोहारी लग रहा था। श्रंगार के लिए विशिष्ट रूप से स्वर्ण मण्डित रजत धनुष, बाण, तीर, तरकस ठाकुरजी की छवि को और भी दिव्य बना रहे थे। श्रीराम जन्ममहोत्सव का मुख्य कार्यक्रम दोपहर 11 बजे श्रीगणेश-नवग्रह पूजन आदि से प्रारम्भ हुआ, तदोपरान्त भगवान का पुष्पार्चन किया गया। दोपहर ठीक 12 बजे भगवान के प्राक्ट्य के समय संपूर्ण मंदिर में ढोल-नगाड़े, झॉझ-मजीरे, मृदंग आदि बज उठे।

## नवरात्रि के समापन पर श्रद्धालुओं ने कराया कन्या भोज

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

**संतोषी माता के मंदिर मे पूजा के लिए श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता**

नवरात्र पर मां भगवती के नवमी पर स्वरूप मां महागौरी की पूजा अअर्चना कर भक्तो ने मां भगवती से सुख और समृद्धि की कामना की।

मां भगवती के नौवी स्वरूप मां महागौरी की पूजा अर्चना के लिए नगर के सौरिख रोड स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ कालिका देवी मंदिर, मोहल्ला छपटटी स्थित जय मां दुर्गा मंदिर, शान्ति पीठ गमा देवी मंदिर व ग्राम बहबलपुर स्थित संतोषी माता के मंदिर मे पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा नवरात्रि के नौवें पर सौरिख रोड स्थित मां कालका देवी मंदिर पर सुबह 4:00 बजे से पूर्वी ही भक्तों का ताता शुरू हो गया दोपहर के बाद तक श्रद्धालुओं का अपार भीड़ बनी रही।

मां का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने अपने-अपने भोज कराया शहर के गम देवी मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का भोग लगाने के लिए ताता लग रहा नवरात्रि के समापन पर श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर में ही कन्या भोज का आयोजन किया गया।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में किया जागरूक



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी व ग्राम प्रधान।

**मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करें नायब तहसीलदार**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के निर्देशन में अधिकारियों द्वारा नगर व क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

मझपुर्वा में नायब तहसीलदार नें कहा कि पहले मतदान करें बाद में करें जलपान। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा के पंचायत भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से छिबरामऊ नायब तहसीलदार राम प्रकाश ने उपस्थित आकर लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि सभी लोग निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर राष्ट्रहित में मतदान करें और मतदान के प्रति गांव के लोगों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर प्रधान बिलाल अहमद, प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी, काननूगो कौशलेंद्र दुबे, सचिन, शिवम पाठक, क्षेत्रीय लेखपाल कौशल पाण्डेय सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# घायल बच्चियों को चिकित्सालय देखने पहुंचीं पूर्व राज्य मंत्री



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सरकार की पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जीटी रोड पर ग्राम अकबरपुर की तीन बच्चियों की सड़क दुर्घटना में हताहत होने की सूचना प्राप्त होने पर घायल बच्चियों को देखने सौशैय्या अस्पताल पहुंची। दुर्भाग्य से एक बच्ची का निधन हो गया है तथा दो बच्चियां रिफर हुई हैं।ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत बच्ची कीआत्मा को शांति एवं घायल बच्चियों को शीघ्र स्वस्थ करें। पूर्व राज्य मंत्री सौ सैया संयुक्त चिकित्सालय मैं एक्सीडेंट में घायल हुई बच्चियों को देखने के लिए पहुंची और स्थानिक प्रशासन को निर्देशित किया कि चिकित्सा सुविधा बेहतर उपलब्ध कराई जाए शिक्षकों द्वारा एक बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया शेष बची दो बच्चियों को रेफर किया गया।

# अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तालग्राम, छिबरामऊसमृद्धि न्यूज।**



कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ड़ॉ0 संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के निर्देशन में थाना अध्यक्ष द्वारा गठित टीम में अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

आवेदिका द्वारा एक लिखित तहरीर बावत अभि0 प्रदीप द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार करना जिससे पीडिता का गर्भवती हो जाना व अभि0 प्रदीप द्वारा जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में दी गयी थी। जिसके आधार पर थाना हाजा पर पाक्सो एक्ट बनाम 1.प्रदीप पुत्र बृजलाल आदि निवासी ग्राम तिसौली थाना तालग्राम जनपद कन्नौज पंजीकृत किया गया। जिसमें त्वरित कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 17.04.2024 को थानाध्यक्ष पारुल चौधरी द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर तिसौली मोड़ के पास से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभि0 प्रदीप कुमार पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम तिसौली थाना तालग्राम जनपद कन्नौज उम्र करीब 29 वर्ष को गिरफ्तार किया जेल भेजा गया।

## खबरें एक नजर में

### पीएम मोदी और सरकार की कार्रवाई से डरकर विपक्ष ने इंडिया गठबंधन बनायाः साक्षी महाराज

**उन्नाव।** उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने कार्यालय में कहा कि विपक्ष ने डरकर इंडिया गठबंधन बनाया है। मोदी अभय का नाम है वो स्वयं भी अभय हैं, हिंदुस्तान के 140 करोड़ भाई बहनों को निर्भय करने का संकल्प लिया है। मोदी स्वयं में गारंटी हैं। मोदी का नाम लेने से लोग निर्भय हो जाते हैं, जो डर रहे हैं वह मोदी जी पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। 4 जून को तस्वीर खुद ही साफ हो जाएगी। जनता सब कुछ जानती है उसे कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की पीड़ा यह है कि हिंदू तो हिंदू हिंदुस्तान का मुसलमान अब मोदी जी का दीवाना हो गया है। कल मैं एक सभा में गया था इनायतपुर बर्रा औरास के पास तो मेरी सभा में केवल मुसलमान और एससी, यादव तीन ही कम्युनिटी के लोग थे। तीनों के तीनों सपा के होते हैं या कभी कांग्रेस के रहे होंगे, मुझे वहां पर खुले मंच से मुसलमान का धन्यवाद करना पड़ा। सांसद ने कहा कि सबसे बड़ी बात कि मैंने भारत माता की जय का नारा लगाया और मुसलमान सबसे ऊंचा हाथ उठा रहा था। वंदे मातरम के नारे पर हाथ उठा रहे थे। जय जय श्री राम कहा तब भी उन्होंने हाथ उठाएं मैं तो अभिभूत हो गया। वहां पर लोगों का धन्यवाद किया तो इनका दर्द यह है कि सारे हिंदुस्तान की 140 करोड़ की जनता मोदी के रास्ते पर क्यों चल पड़ी।

### अनुपस्थित कार्मिकों के लिए 19 अप्रैल को अंतिम अवसर

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का 18 अप्रैल को दूसरे दिन का प्रशिक्षण अकबरपुर डिग्री कॉलेज अकबरपुर में प्रातः 9 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें तीन पाली में प्रशिक्षण दिया जाएगा प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वालों के विरुद्ध निर्वाचन में सुसंगत धाराओं में आर0पी0 एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही जो कर्मचारी पहले दिन अनुपस्थित रहे हैं उनको एक मौका देते हुए 19 अप्रैल को दोबारा बुलाया गया है इसके पश्चात नियमानुसार उनके विरुद्ध एफआईआर कराई जाएगी मुख्य विकास अधिकारी कानपुर देहात ने निर्देश दिया कि जो कार्मिक निर्वाचन कार्यो में प्रशिक्षण में भाग नहीं ले रहे हैं असहयोग कर रहे हैं।

### रामनवमी की शोभा यात्रा में भक्तों ने किया प्रतिभाग

**पुखरायां कानपुर देहात।** कस्बे के मौहर देवी मंदिर मंदिर में 9 दिन तक चली दुर्गा पूजा के बाद रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा की शुरुआत मौहर देवी मंदिर पर राम दरबार रथ की आरती पूजन दिव्यांशू सिसौदिया के द्वारा किया गया। इसके बाद शोभायात्रा की शुरुआत की गई। शोभायात्रा मौहर देवी मंदिर से शुरू हो कर गणेश मंदिर तक नगर में भ्रमण किया। मां दुर्गा व राम दरबार के सुन्दर रथ पर जगह जगह लोगो ने फूल बरसा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया। वहां बजरंग दल गौ रक्षा दल के युवाओं ने राम नाम के जयकारों के साथ शोभा यात्रा की शुरुआत की शोभा यात्रा में डीजे की धुन पर युवा मस्त होकर नाचते हुए राम नाम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

# चेयरमैन ने फीता काटकर किया डेन्टल क्लीनिक का उद्घाटन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


क्लीनिक का फीता काटकर उद्घाटन करते चेयरमैन मोहसिन खॉन।


तालग्राम कस्वे के बरगदिया चौराहा पर चेयरमैन मोहसिन खॉन ने फीता काटकर जीएन ओरल डेन्टल क्लीनिक का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अब हमारे कस्वे में ही दांतों से जुड़ी समस्याओं का निदान मुनासिब दामों में मिल सकेगा।

बधवार को डेन्टल क्लीनिक का फीता काटकर प्रतिष्ठान का उदघाटन करने के उपरांत तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खॉन ने कहा कि कठिन परिश्रम से व्यापार में सफलता मिलती है। चिकित्सा एवं व्यापार के क्षेत्र में हमारा कस्वा काफी प्रगति कर चुका है। इसलिए नागरिकों को चिकित्सा सहित व्यापार के लिये दूर दराज के शहरों में नही जाना पडता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक पूरी ईमानदारी के साथ अपना कार्य करते हुए ग्राहकों को विश्वास में लेने का कार्य करें। इससे पूर्व क्लीनिक के डॉ. मो. इमरान मसूरी नें चेयरमैन को फूल मालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर अनुज कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रामनवमी पर विशाल जुलूस यात्रा में जय श्री राम का होता रहा उद्घोष

**पनकी कानपुर।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी के दिन बजरंग दल तथा अन्य संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा पनकी गंगागंज से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बच्चे बूढ़े व युवाओ एवं महिलाएं भी शामिल रही। शोभा यात्रा पनकी में पूरे गंगागंज की गलियों से होते हुए गणेश शंकर, सुंदर नगर एफ ब्लॉक बी ब्लॉक पावर हाउस होते हुए पनकी मंदिर में समापन की गई। जुलूस का प्रमुख उद्देश्य हिंदुत्व को बढ़ावा देना और नए युवाओं को संगठन से जोड़ कर सनातन धर्म को बचाना है। जुलूस का नेतृत्व नरेश सिंह तोमर द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता है। यह जुलूस रामनवमी के दिन निकाला जाता है।

# रामनवमी पर घर-घर देवी के रूप में पूजी गईं कन्याएं


कन्याओं को कन्या भोज कराती महिला

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

**कन्या लांगुरों को तिलक कर भोज कराया गया। तथा उन्हें भेंट देकर विदा किया गया। बच्चे सुबह से लेकर दोपहर तक भोजन करने के लिए एक से दूसरे घर दौड़ते रहे**

कस्वा समेत आस- पास क्षेत्र में राम नवमी के अवसर पर घर- घर कन्या लांगुरों को भोजन कराकर देवी को विदाई दी गयी। नौ दिनों के व्रत का समापन कर मातारानी का प्रसाद ग्रहण किया। बुधवार को राम नवमी पर घर- घर हवन, पूजन और माता के जयकारे सुनाई दिए। मां के नौवें स्वरूप सिद्धदात्री की विशेष पूजा-अर्चना की गयी।

कन्या लांगुरों को तिलक कर भोज कराया गया। तथा उन्हें भेंट देकर विदा किया गया। बच्चे सुबह से लेकर दोपहर तक भोजन करने के लिए एक से दूसरे घर दौड़ते रहे। नवरात्र संपन्न होने पर लोगों ने घरों में प्रसाद के रूप में हलवा पूरी आदि बनाया। व्रती महिलाओं ने बच्चों को भोजन खिलाकर व भेंट देकर कन्याओं से माता के रूप में आशीर्वाद लिया। इसी के साथ मातारानी का प्रसाद खाकर अपने व्रत को खोला। इसीक्रम में क्षेत्र के सियरमऊ स्थित सिद्धपीठ माँ शीतला देवी धाम में प्रसिद्ध मेले का आयोजन किया गया। मेले में श्रद्धालुओं का रेला लगा रहा। दूर दराज सहित गैर जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना की। वहीं सुबह मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्रोच्चार के साथ आहूतियां दी गई। उसके बाद कन्या भोज और भंडारा भी हुआ। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

# संजू कटियार ने सपा का छोड़ा दामन, शीर्ष नेतृत्व को भेजा त्यागपत्र

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



**कटियार समाजवादी पार्टी के जुझारू नेता के रूप में जाने जाते रहे हैं और सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबियों में शुमार किए जाते हैं**

कन्नौज में अंतर्कलह से जूझ रही समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता संजू कटियार ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी का दामन छोड़ दिया है। संजू कटियार ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष को पत्र भेज कर पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

संजू कटियार बीते लगभग 20 वर्षों से समाजवादी पार्टी में सक्रिय रहे। श्री कटियार समाजवादी पार्टी के जुझारू नेता के रूप में जाने जाते रहे हैं और सपा मुखिया अखिलेश यादव के करीबियों में शुमार किए जाते हैं। वे सदर विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं, उनकी पत्नी शिल्पी कटियार समाजवादी पार्टी के शासनकाल के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर आसीन रह चुकी हैं। पूर्व में वे पीएसएम डिग्री कॉलेज में छात्र संघ अध्यक्ष रह चुके हैं। संजू कटियार ने विगत दिवस राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के नाम भेजे गए पत्र में लिखा है कि वे आजीवन सदस्यता, सक्रिय सदस्यता से त्यागपत्र दे रहे हैं। हालांकि उन्होंने भेजे गए पत्र में त्यागपत्र देने की वजह का उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने पत्र के साथ 144 सदस्यों के त्यागपत्र देने की बात कही है और उनके नाम का भी उल्लेख किया है। उन्होंने अपने अलावा जिन लोगों के नामो का उल्लेख किया है, उनमे प्रमुख रूप से कई ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान, बूथ प्रभारी व सक्रिय सदस्यों के नाम शामिल है। इनमे गुड्डु तिवारी, गुड्डु शर्मा प्रधान, दिनेश पाल, पदम सिंह भदौरिया, डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया, राजेश कटियार कोटेदार, श्याम बहादुर ठाकुर, साकिब अली प्रधान, अजय दोहरे, बीनू कटियार, अशोक तिवारी, लालजी कटियार, टेनिस कटियार, पुष्पेंद्र कटियार समेत 144 लोगों के नाम शामिल हैं। इससे पहले भी कई सपा नेता समाजवादी पार्टी का दामन छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इनमें तलाग्राम के पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव, सिकंदरपुर निवासी सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने सपा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। संजू कटियार के सपा से इस्तीफा देने के बाद लोगों में चर्चा है कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

# लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल व पैरालीगल वालंटियर का प्रशिक्षण सम्पन्न

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रभारी जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष लोकेश वरूण के आदेश के अनुपालन में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल एवं पैरा लीगल वालंटियर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों के संबंध में जानकारी दी गयी एवं प्रशिक्षण उपरान्त तहसील सदर में वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन के विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने यूटीपी के 14 बिन्दुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होने सीआरपीसी की धारा 436-ए. एनडीपीएस एक्ट की धारा 167 (2) (ए) (1) एवं (2) के तहत जमानत पर रिहा होने के पात्र बंदियों तथा बीमार व अशक्त बंदियों की रिहाई आदि के संबंध में जानकारी दी। साथ ही साथ जिला कारागार कन्नौज में बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं, बीमार बंदियों के लिये उपचार एवं 19 से 21 वर्ष की आयु के एवं सात साल के कम की सजा वाले ऐसे बंदी जो अपनी सजा का एक चौथाई भाग सजा काट चुके है के बारे में विस्तार से बताया। पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानों द्वारा वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर निवारण किये जाने के विषय पर प्रकाश डालते हुये बताया कि जो भी पक्षकार अपने पारिवारिक/वैवाहिक झगडो का निपटारा वाद करने से पूर्व करवाना चाहते है तो वह प्री-लिटिगेशन स्तर पर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपना विवाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते है।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज़।**



उरई (जालौन)। रामनवमी को लेकर सुबह से ही मंदिरों में तैयारियां होने लगीं। रामचरित मानस, हनुमान चालीसा के पाठ आयोजित किए गए। भोर से भक्त मंदिरों में भगवान के दर्शन को पहुंचने लगे। श्रीराम की सुंदर झांकी को देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। ठड़ेश्वरी मंदिर में महंत सिद्धराम दास महाराज ने भगवान का विधिवत श्रंगार किया। लगभग 12 बजे जैसे ही भगवान का जन्म हुआ तो बधाइयां बजने लगीं। भये प्रकट कृपाला दीनदयाला भजन के साथ भक्तों ने भगवान की आरती उतारी। इसके साथ ही अन्य आयोजन किए गए। इसके बाद मंदिर परिसर से विधायक गौरीशंकर वर्मा के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। प्रचंड गर्मी होने के बाद भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें सहभागिता की। कई स्थानों पर फूलों से शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था भी कई स्थानों पर की गई थी। कोंच स्टैंड, पीली कोठी, घंटाघर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा, आंबेडकर चौराहा, जिला परिषद, जेल रोड होते हुए शोभा यात्रा का समापन मंदिर परिसर में हुआ। इसके अलावा मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, संकट मोचन मंदिर, शहीद भगत सिंह चौराहे पर स्थित महावीर मंदिर सहित सभी मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक कार्यक्रमों के चलते शहर का वातावरण राम मय नजर आया। इसके बाद हिंदू संगठनों ने भगवान की जीवंत झांकियां सजाकर नगर में शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने भक्तों को जलपान कराया। देर तक कई स्थानों में धार्मिक कार्यक्रम हुए।

# कन्या भोज के साथ नवदुर्गा महोत्सव ने पाया विराम


गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण


भंडारे में प्रसाद लेते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि के अंतिम दिन कन्या भोज के साथ नवरात्रि महोत्सव विराम को प्राप्त हो गया। घर-घर में हवन पूजन किया गया। इस मौके पर जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को व्रत रखे भक्तों ने सुबह स्नान के बाद पूजा अर्चना की और कन्याओं को भोज कराया तथा उन्हें आवश्यकतानुसार दक्षिणा दी। कई भक्तों ने अपने-अपने हिसाब से कन्याओं को दक्षिण में समान भी भेंट किये। सुबह से ही कन्यायें खिलाने को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। बढ़पुर मंदिर में मंदिर कमेटी के पदाधिकारी सचिन कटियार आदि ने विधि विधान से हवन पूजन कराया। शीतला माता मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तगणों ने भाग लेते हुए पूजा अर्चना की और मंदिर परिसर में कन्या भोज कराया। शहर के अलावा आसपास से आये लोगों ने भी मंदिर में दर्शन किये। गुरगांव देवी मंदिर, पल्ला मठिया देवी मंदिर, वैष्णो माता मंदिर भोलेपुर में सुहब से ही पूजा अर्चना को लेकर भक्तगणों का तांता लगा रहा। भोलेपुर दुर्गा कालोनी हनुमान मंदिर के निकट कन्याओं को भोज कराया गया। कार्यक्रम के आयोजक नरेश राजपूत के पुत्र संजय राजपूत, राजीव राजपूत ने व्यवस्था देखी। सुबह से ही माता की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण कार्यक्रम शुरु हुआ। प्रसाद में पानी के बतासे, चाऊमीन, पापड़ी, आइसक्रीम, चना, हलवा आदि की व्यवस्था रखी गयी। भक्तगणों ने देर शाम तक प्रसाद खाया। इस मौके पर प्रवीन वर्मा, शिवकांत पाल, सूर्यकुमार अरुण कुमार, विश्वनाथ, बृजेश, पंकज गुप्ता, शरद यादव, सौभाग्यवती, नूपुर, विजय, शिवम, अवनीश पाल आदि भक्तगणों ने सहयोग किया। वहीं बढ़पुर मंदिर में देर शाम तक प्रसाद वितरण के साथ पूजा अर्चना चलती रही।

## पति को तलाक दिए बिना पत्नी ने कर ली दूसरी शादी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव झकरई निवासी उपेंद्र सिंह की शादी थाना नवाबगंज के गांव राजारामपुर मेंई निवासी विनीता पत्नी बालक राम से 13 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। 5 वर्ष पूर्व पति पत्नी किसी बात को लेकर आपस में तनाव में आ गए और विनीता ससुराल छोड़कर अपने गांव राजा रामपुर मेंई में रहने लगी। काफी दिनों तक पति पत्नी की कोई बातचीत नहीं हुई और न ही बुलाने चलने को लेकर कोई मामला आगे बड़ा। बीते दिवस उपेंद्र को पता चला कि उसकी पत्नी दूसरी शादी करके नोएडा में रह रही है और इस समय वह गांव राजारामपुर आई हुई है। उपेंद्र बुधवार को गांव पहुंचा और अपनी पत्नी को अपने घर ले जाने की बात कही, लेकिन जब उसने बताया कि हमने मोहित नामक युवक से शादी कर ली है। आपसे अब हमारा कोई वास्ता नहीं है। जिस पर उपेंद्र को गस आ गया और वह वहीं गिर पड़ा। लोगों ने उसे पानी डालकर होश में लाया। इसके बाद उसने डायल से 112 को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस उपेंद्र व उसकी पत्नी और उसके दूसरे पति को थाने लेकर आई। फिलहाल महिला किसी भी कीमत पर उपेंद्र के साथ जाने को तैयार नहीं है।

# टप्पेबाजों ने महिला के पार किये जेवरात, नकदी व मोबाइल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

बाइक सवारों टप्पेबाजों ने महिला के साथ टप्पेबाजी कर जेवर, नगदी व मोबाइल पार कर दिए। महिला ने रोते हुए थाने पहुंच मामले की जानकारी दी।

पुलिस ने थाने सहित आसपास के सीसीटीवी खंगाल महिला के साथ टप्पेबाजों की तलाश की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गांव बिहारीपुर निवासी नन्हीं देवी बुधवार दोपहर जनपद एटा के थाना नयागांव के गांव विशुन नगला निवासी मौसिया सास की लड़की की शादी समारोह में शामिल होकर घर वापस जा रही थी।

घर जाने के लिए महिला कंपिल चौराहे पर टेम्पो का इंतजार कर रही थी। उसी समय बाइक पर सवार दो व्यक्ति उनके पास आए और उनके ही गांव का रास्ता पूछने लगे। महिला गांव तक का रास्ता बताने की बात कहकर उनके साथ बैठ गयी। कंपिल बदायूं मार्ग पर कारव मोड़ के निकट टप्पेबाजों ने उन्हें सड़क खराब होने की बात पर गुमराह कर उनसे कुंडल, खड़ुआ, मोबाइल व तीन सौ रुपए एक बैग में रखवा लिए। कुछ दूरी पर जाकर उन्होंने बैग को बदलकर महिला को बाइक से उतार दिया। दोनों बाइक सवार कंपिल की तरफ भाग गए। कुछ समय बाद महिला को स्वयं के ठगे जाने का एहसास हुआ। महिला ने बैग खोलकर देखा तो उसमें फटे पुराने कपड़े भरे थे। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गयी। महिला ने रोते हुए थाने पहुंच मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने थाने सहित अन्य जगह के सीसीटीवी खंगाले, लेकिन सफलता नहीं मिली। महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया मामले की जांच की जा रही है।


जानकारी देती पीड़ित महिला

## जहरीले कीड़े ने काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बालक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गांव पपड़ी मिलकिया निवासी सुबोध के 7 वर्षीय पुत्र सूर्यांश को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# नामांकन आज से, बेरीकेडिंग सहित सभी तैयारियां पूरी


कलेक्ट्रेट में की गयी व्यवस्थाओं को देखते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया आज 18 अप्रैल से शुरु हो जायेगी। जिसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर में बेरीकेडिंग सहित सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इसी क्रम में नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 25 अप्रैल निश्चित की गयी है, जबकि नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 26 अप्रैल को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की दिनांक 29 नियत की गयी है। मतदान करने की तिथि 13 मई तथा मतगणना 4 जून को होगी। नाम निर्देशन पत्र जमा करने का समय पूर्वाह्न 11:00 बजे अपराह्न 3:00 बजे तक (दिनांक 21 अप्रैल को लोक अवकाश होने के कारण नमांकन नहीं होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त व जमा न्यायालय जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ में होंगे। जारी दिशा निर्देशों के क्रम में एक उम्मीदवार अधिकतम 04 नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकता है। नामांकन कक्ष के अंदर प्रत्याशी समेत पांच लोग अंदर जा सकेंगे। नामांकन के समय उम्मीदवार एवं उसके समर्थकों को आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करना होगा।

नामांकन कक्ष की परिधि के 100 मीटर की दूरी के बाहर केवल 03 वाहन की अनुमति होगी। उक्त वाहनों की अनुमति पूर्व में लेनी होगी।

प्रत्येक वाहन में 5 व्यक्ति अनुमन्य होंगे। नामांकन पत्र के साथ जमानत की धनराशि सामान्य अभ्यर्थी के लिए रपया-25000/- तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के लिए रुपया 12500/- निर्धारित हैं। निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये मात्र है।

# आग से पांच बीघा गेहूं की कटी फसल हुई राख


गेहूं की फसल में लगी आग तथा मौजूद ग्रामीण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आग लगने से 5 बीघा गेंहू की कटी फसल जलकर राख हो गयी। पुलिस ने मौके पर आकर जाँच की। पुलिस के सामने ही विवाद भी हो गया। जिसे पुलिस ने शांत किया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गौंटिया निवासी बुद्धपाल का खेत चाचूपुर जटपुरा में है। जिसमे गेंहू की 5 बीघा फसल कटी हुई लगी थी। जिसमें अचानक बुधवार को दोपहर आग लग गयी। आग से सूखी गेंहू की फसल ने बारूद का काम किया। देखते ही देखते आग नें विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष रणविजय सिंह व डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस नें पंपिंग सेट की मदद से आग पर काबू पाया। दमकल काफी समय बाद मौके पर पहुंची। बुद्धपाल के पुत्र गोलू ने गाँव के ही पूर्व प्रधान के पुत्र पर आग लगवाने का आरोप लगाया। जिसके बाद मौके पर ही आपस में गाली-गलौज हो गया। बाद में पुलिस नें मामले को शांत कर दिया।

# धूमधाम से मना भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव


श्रीराम का जन्मोत्सव मनाते भक्तगण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर कस्बा में स्थित ठाकुरद्वारा स्थल पर पिछले 9 दिवसों से राम कथा का आयोजन जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान की तरफ से चल रहा था। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रोता अपनी पूरी आस्था से भगवान की कथा का रसपान किया। आज रामनवमी के दिन कथावाचक पंडित अरविंद कुमार शास्त्री द्वारा भगवान राम के जन्म की कथा श्रोताओं को सुनाई गई। उसके बाद 12:00 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूरा पांडाल हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं से भरा था। सभी मंगल गीत गाकर श्रीराम के नारों का उद्घोष कर रहे थे। भगवान श्रीराम के प्रकट होते ही जिला पंचायत सदस्य ने अपने परिवार सहित भगवान का तिलक कर पूजन अर्चन किया। उसके बाद अमृतपुर के पूर्व प्रधान नरेंद्र देव तिवारी ने भी पूजन कर पुष्प अर्पित किए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रवीण भाई ने भी ठाकुरद्वारा स्थल पर पहुंचकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। भगवान के जन्मोत्सव के बाद विशाल भंडारे का आयोजन जिला पंचायत सदस्य द्वारा किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी आने वाले श्रद्धालुओं का जिला पंचायत सदस्य के पुत्र प्रिंस चौहान स्वागत कर रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से अमृतपुर थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी फोर्स के साथ मौजूद रहीं।

## खबरें एक नजर में

### वांछित आरोपी तमंचा, कारतूस व दो बाइकों सहित गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज पुलिस ने एक आरोपी को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार साहिल पुत्र वीरेंद्र निवासी महरुपुर रावी थाना कमालगंज को ग्राम रजीपुर प्रा0वि0 के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस तथा चोरी का सेमसंग मोबइल व 210 रुपये व एक मोटर साइकिल टीवीएस रेडर बरामद हुई। अभियुक्त पर मु0अ0स0 84/24 धारा 379, 411 में मुकदमा पंजीकृत था।

### छत से गिरकर युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** छत से गिरकर युवक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी अफजल (35) छत से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### गलत तरीके से फंसाये जाने से आहत सपा कार्यकर्ता ने दिया इस्तीफा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चोरी की घटना में गलत तरीके से फंसाये जाने से आहत सपा कार्यकर्ता ने इस्तीफा जिलाध्यक्ष को सौंप दिया। बताते चलें कि अंबरीश कुमार पुत्र रामविलास सिंह समाजवादी पार्टी 194 विधानसभा क्षेत्र सदर से महासचिव हूँ। विगत दिनांक 14 अप्रैल को संगठन के अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत ने एक चोरी की घटना में मुझे गलत तरीके से मुख्य आरोपी बनाते हुए तीन अन्य के विरुद्ध थाना कोतवाली फतेहगढ़ में मुकदमा पंजीकृत कराने हेतु एक तहरीर दी है। जबकि मेरा संबंधित विद्युत केबिल चोरी की घटना से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। पीड़ित उपरोक्त चंद्रेश राजपूत के साथ उनके अधीनस्थ बिजली विभाग का छोटा मोटा कार्य करता रहा। जिस कारण पीड़ित के लगभग 10,000/- रुपये चंद्रेश राजपूत पर बकाया हैं। रुपए मांगने पर लगातार टालमटोल करते रहे तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते रहे। मुझे लगातार संबंधित थाना पुलिस द्वारा परेशान किया जा रहा है। घटना की विस्तृत जानकारी स्वयं आपके समक्ष व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर दे चुका हूं तथा जनपद के अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी अवगत करा चुका हूँ, परंतु किसी भी वरिष्ठ नेता द्वारा मुझे इस घटना से संबंधित कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। मैं समाजवादी पार्टी का सच्चा और निष्ठावान कार्यकर्ता हूँ और हमेशा रहूंगा। इस कारण विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत की पार्टी विरोधी सोच एवं गतिविधियों से क्षुब्ध होकर मैं 194 विधानसभा क्षेत्र सदर के महासचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूँ, परंतु पार्टी एवं पार्टी प्रत्याशी के लिए कार्य करता रहूँगा।

### बाइकों की भिड़ंत में दो घायल, लोहिया रेफर



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल हो गये। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बबुरारा निवासी रामवीर कश्यप का पुत्र गोलू अपनी बाइक से कस्बा नवाबगंज से गांव बबुरारा वापस जा रहा था, तभी मंझना की तरफ से आ रहे नवाबगंज थाना क्षेत्र के ही गांव बसेली निवासी पंकज पुत्र हरिराम की बाइक आमने-सामने गांव जाफर नगर रोड के मोड़ पर टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे ग्रामीण ने घायलों को उठाया, लेकिन वह कोई भी बात बताने की स्थिति में नहीं थे। तब ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108 एंबुलेंस को सूचना दी। जिस पर सूचना पाकर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद उनको लोहिया रेफर कर दिया। वहीं सूचना पाकर कस्बा इंचार्ज मोहम्मद अकरम खान मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा क्षतिग्रस्त दोनों बाइकों को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# गेहूं काटने गया ग्रामीण खेत में मगरमच्छ देखकर सहमा


मगरमच्छ को पकड़कर ले जाती टीम

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गेहूं की फसल काटने गया ग्रामीण खेत में मगरमच्छ देख सहम गया। उसने घटना की सूचना आसपास काम कर रहे ग्रामीणों को दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुसिल ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी मगरमच्छ को पकड़ ले गये। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मड़ैया तौफीक निवासी सुखदेव आज सुबह अपने कटरी स्थित खेत मे गेहूं की फसल काटने गए थे। खेत में अजीब आवाज सुनाई दी।

उन्होंने पास जाकर देखा तो मगरमच्छ दिखाई दिया। जिसे देखकर डरा सहमा किसान खेत से बाहर आया और आसपास के किसानों को सूचना दी। सूचना पर 112 नंबर पुलिस, थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को पकड़ लिया और साथ ले गए। वन विभाग की टीम ने अंदेशा जताया कि पास के तालाब से निकलकर किसी जानवर का पीछा करता हुआ मगरमच्छ खेत तक पहुंच गया।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से तीन किसानों की गेहूं की फसलें जलीं


जली फसल देखते मौके पर मौजूद ग्रामीण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर सैदबाड़ा निवासी जय शरण गंगवार का खेत गांव से कुछ दूरी पर स्थित तालाब के पास है। जिसमें गेहूं की फसल तैयार की गई है। वर्तमान में पककर तैयार है। तमाम किसानों द्वारा कटाई मड़ाई का दौर जारी है।

बताते है जयशरण के खेत में खड़ी फसल को काटने की तैयारी हो रही थी। बुधवार शाम 4.00 बजे के करीब तेज हवाओं के चलते हाईटेंशन लाइन के तार टकरा गए। जिससे अचानक निकली चिंगारी गेहूं के खेत में गिर गई। देखते ही देखते फसल धू-धू कर जलने लगी। आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण किसानों ने जब देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। दहशत के साए में किसानों ने सूचना ग्रामीणों को दी। सूचना के बाद ग्रामीणों का हुजूम मौके पर पहुंचा और लाठी-डंडों तथा गन्ने की फसल तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ लोगों ने नलकूप चलाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवाओं के चलते सभी प्रयास नाकाफी रहे और आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी। ग्रामीणों ने मशक्कत कर जैसे तैसे आग पर काबू पाया। बताते हैं ग्रामीण जयशरण सिंह के खेत में खड़ी तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं ग्राम रजलामई निवासी प्रमोद गंगवार की भी लगभग 5 बीघा गेहूं की फसल जल गई। इसके साथ ही पास में एक अन्य किसान अनूप गंगवार के खेत में भी चार बीघा कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आगजनी की घटना के बाद मायूस किसान प्रकृति के निर्णय पर अफसोस जताकर खुद को कोस रहे थे। उधर ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने बताया आगजनी की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक किसी के आने की सूचना नहीं मिली थी।

## ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, छह घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को फैजबाग शमशाबाद मार्ग पर खानपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट एक ई-रिक्शे में एक ट्रक चालक द्वारा उस वक्त टक्कर मार दी गई जब ई-रिक्शा चालक यात्रियों को लेकर शमसाबाद जा था। घटना के संबंध में बताया गया है गुलजहां उम्र 35 वर्ष निवासी गाजियाबाद परिवार के सदस्यों के साथ लोनी से मायके मोहल्ला तराई शमसाबाद जा रही थी। घायल महिला के अनुसार साथ में आधा दर्जन से अधिक परिवार के सदस्य थे। दिल्ली से फर्रुखाबाद जाने वाली बस द्वारा फैजबाग पहुंचे। यहां एक ई-रिक्शा के जरिए शमशाबाद जा रहे थे। नगर के मोहल्ला खानपुर के निकट स्थित पेट्रोल पंप जहां से गुजरते समय पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे रिक्से में सवार जाखरा उम्र 44 वर्ष, सनम 7 वर्ष, मरियम 11 वर्ष, हुसैन 3 वर्ष, आशिया 15 वर्ष, गुलजार 35 वर्ष, सकीना 6 वर्ष के अलावा हापरा, सनम, रुखसार सहित नौ लोग घायल हो गये। चीख पुकार सुन आसपास गुजर रहे लोगों ने ई-रिक्शा को सीधा कर घायलों को बाहर निकला। इसी दौरान ट्रक चालक मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को अन्य वाहनों से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भिजवाया। दुर्घटना की सूचना पर महिला के परिजन अस्पताल पहुंचे तथा उपचार के बाद सभी को घर ले गए।

# रामनवमी पर धूमधाम से निकली भगवान राम की शोभायात्रा


शोभायात्रा में शामिल श्रीराम लीला परिषद के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामनवमी के उपलक्ष्य में भगवान राम की फतेहगढ़ में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा जय श्रीराम का उद्घोष कर नृत्य किया। श्रीराम सब्जी मंडी में श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया तथा हवन पूजन किया गया। श्री रामलीला परिषद फतेहगढ़ की ओर से सायंकाल भगवान श्रीराम की मनमोहक शोभायात्रा का शुभारंभ वनखड़िया मंदिर से हुआ। शोभायात्रा कोतवली चौराहे गाड़ीखाना होते हुए राम निवास मंदिर सब्जी मंडी में समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान राम के साथ लक्ष्मण भरत तथा शत्रुघन आकर्षक रथ पर सवार रहे। मनमोहक झांकी शोभायात्रा में शामिल रहीं। नगर भ्रमण के दौरान शोभायात्रा में भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन की भक्तों ने आरती उतारी। दिन में श्रीराम निवास सब्जी मंडी में भगवान राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तथा हवन यज्ञ का आयोजन भी सम्पन्न हुआ तथा भगवान राम की सामूहिक आरती की गयी एवं प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं ने नृत्य किया। शोभायात्रा में अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, सभासद अनिल तिवारी, अतुल मिश्रा, चमन टण्डन, दिनेशचंद्र तिवारी, राजीव बाजपेयी, मुन्नालाल बार्ष्णेय, रतीपाल श्रीवास्तव, अवधेश दीक्षित, ग्रीशचंद्र बाथम, रानू मिश्रा, आशीष मिश्रा, अभय गोस्वामी आदि शामिल रहे।

## भगवान राम व त्यागीजी महाराज के जन्मोत्सव पर हुआ भंडारा


भंडारे में प्रसाद छकते भक्तगण

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** ऐतिहासिक नगरी कंपिल स्थित रामेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में रामनवमी के उपलक्ष्य में भगवान राम व ब्रह्मलीन स्वामी त्यागी जी महाराज के जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें साधु संतों व श्रद्धालुओं का समागम देखने को मिला। रामेश्वर नाथ मंदिर के महंत आनंद गिरी महाराज की देखरेख में बुधवार को आयोजित भंडारा दोपहर 12.00 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। जिले समेत दूरदराज से आए साधु संतों, श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में पूरे दिन भजन कीर्तन किया। इसमें मंदिर भक्ति में माहौल में गूंजता रहा। देर रात तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवा भाव के लिए आसपास के ग्रामीण और महाराज के शिष्य भी बड़ी संख्या में पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस दौरान भक्तगण पुखराज डागा, डॉ0 अवधेश, सोनू राठौर, पियूष गंगवार. अशोक चौहान, राम सिंह, गौरव, लखपति राय आदि लोग मौजूद रहे।

# खाना बनाते समय कपड़ों में लगी आग से महिला जली

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद थाना क्षेत्र की गंगा कटरी के ग्राम कटरी तौफीक निवासी शेर सिंह की लगभग 35 वर्षीय पत्नी पूनम बुधवार की सुबह चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक महिला के कपड़ों में आग लग गई। जब तक महिला कुछ समझ पाती तब तक आग विकराल हो गई और महिला धू-धू कर जलने लगी।


मृत्यु से पूर्व सीएचसी में इलाज करते चिकित्सक

हालांकि चिल्लाते हुए महिला ने खुद को बचाने की कोशिश की। इसी दौरान घबराए परिजनों ने महिला को बचाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के उपरांत जैसे तैसे आग पर काबू पाया, लेकिन महिला गम्भीर रुप से जल गयी। आनन-फानन में महिला को उपचार हेतु कस्बे के अस्पताल में ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत में महिला को लोहिया अस्पताल भेजा गया। यहां से भी चिकित्सकों द्वारा छिबरामऊ रेफर किया गया। मगर रास्ते में महिला की मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों ने बताया कि पूनम का शेर सिंह से 11 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। विवाह के बाद चार बच्चे हुए। शेर सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में मनाया गया विश्व हीमोफीलिया दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में विश्व हीमोफीलिया दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज के सभागार में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में विभिन्न बेंचों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. अंजना दीक्षित ने हीमोफीलिया के बारे में बताया कि 5 हजार बच्चों में से एक बच्चा हीमोफीलिया से ग्रसित मिलता है। यदि शरीर में कहीं चोट लग जाये तो रक्त बहना रहता है। क्योंकि यह जमता नहीं है। रक्त की जमाने वाले कारण इसमें अनुपीकत होते है। प्रो0 डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया कि यह एक अनुवंशिक बीमारी है तो पीढ़ी दर पीढ़ी संतानों को ग्रसित करती है। अन्य शिक्षकों ने भी इसके बारे में विस्तुत जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. नीतू, डॉ. शीलू गुप्ता, डॉ. देवाशीष विश्वास, डॉ. निरंजन एस, डॉ. बीएस गुप्ता,डॉ. शिवओम दीक्षित, डॉ. संकल्प सिंह, डॉ. आनन्द, डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ. मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अविधा सिंह, डॉ. आरीब, डॉ.भाग्यश्री, डॉ. विकास बाबू, डॉ. भारती, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. श्वेता यादव, डॉ. ज्योति तिवारी, डॉ.पुष्पेन्द्र यादव, डॉ. सिमरन, डॉ.अंकित शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



सेमिनार में मौजूद आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की प्रशिक्षु चिकित्सक

# जनपद के छंदकार रामअवतार शर्मा इंदु को साहित्य प्रेमियों ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपनी सात्विक चेतना से किसी भी व्यक्ति को प्रभावित कर अपनी व्यक्तिगत व्यवहार कुशलता और हास्य पद शैली के कारण आकर्षित करने व सिद्ध के साथ-साथ प्रसिद्धि की अनुपम काव्य कल्पना को स्वयं में समेटे हुए हम सभी को गर्वित कर देने वाले कवि राम अवतार शर्मा इन्दु के जन्मदिवस को कवियों व साहित्य प्रेमियों ने धूमधाम से मनाया। उनकी पंक्तियां व छंद हर समय पसंद आते है।

संस्कार भारती के बैनर तले साहित्यकारों ने कवि रामअवतार शर्मा इंदु को बधाई दी और साहित्यिक परिवार की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। जनपद के लोग उन्हें छंद सम्राट भी कहने लगे है। उन्होंने हिन्दी काव्य की कई विधाओं में छंद लिखे और वह इसलिए उन्हे लोग निपुण मानते है। संस्कार भारती के सचिव दिलीप कश्यप कलमकार ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे कवि का आशीर्वाद साहित्य प्रेमियों पर बना रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



छंदकार रामअवतार शर्मा को सम्मानित करते राष्ट्रीय कवि शिवओम अम्बर व अन्य

# विविध कला केंद्र ने धूमधाम से मनाया भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विविध कला केंद्र द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विविध कला केंद्र के गणेश पूजन के साथ पंडित शांतिस्वरुप द्वारा वैदिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना हुई। श्रीराम का प्राकट्य उत्सव घंटा, घड़ियाल, शंख ध्वनि बजाकर दोपहर 12 बजे मुहूर्त के साथ जन्म उत्सव मनाया गया।

पंचामृत अभिषेक, दिव्य श्रृंगार कर महाआरती के साथ प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर अशोक मिश्रा, विजय दुबे उर्फ मटर लाल, अखिलेश, सूर्यप्रकाश भारद्वाज, आनन्द प्रकाश गुप्ता, सर्वेश शुक्ला, रविन्द्र भदौरिया, किशन कन्हैया, विमलेश मिश्रा, दीपक मिश्रा, सुरेन्द्र पाण्डेय, राकेश रस्तोगी, सर्वेश शुक्ला, अरविन्द भारद्वाज, क्रांति पाठक, सौरभ मिश्रा, आदित्य दीक्षित, अनुराग पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



भगवान श्रीराम का अभिषेक करते भक्तगण

# इंडी गठबंधन की प्रेस वार्ता में सवालों पर कतराते नजर आये प्रत्याशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**महंगाई, भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा पर साधा निशाना**

समाजवादी पार्टी केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर इंडिया गठबंधन वार्ता में प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य पत्रकारों के जबाव देने से कतराते रहे। संयुक्त रुप से इंडिया गठबंधन की हुई वार्ता में अपनी-अपनी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों ने बात रखी। सपा छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने संचालन करते हुए कहा कि आज नौजवान रोजगार के लिए तरस रहा है।

महंगाई चरम सीमा पर है। भाजपा ने चुनावी चंदा लेकर बहुत बड़ा घोटाला किया है। भाजपा भारत को लूटने का काम कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के विधायक, सांसद होने के बाद भी एक्सप्रेस-वे खन्ना ले गये। आप जिलाध्यक्ष नीरज शाक्य ने कहा कि जो भी आवाज उठाता है भाजपा दबा देती है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अनूप वर्मा ने कहा कि पूरी दमदारी से कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को चुनाव लड़ायेगी और जिताने का कार्य करेगी।

सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि मैं किसान परिवार का बेटा हूं। 12 सालों से पार्टी की सेवा कर रहा हूं।

जनता ने मुझे सांसद बनाया तो मैं अपना पूरा वेतन बच्चों की शिक्षा पर खर्च करूंगा। विनीत कुशवाहा ने लोगों के सुझाव संबंधित व्हाट्सएप नम्बर जारी किया। साथ ही घोषणा पत्र का पम्पलेट पत्रकारों को दिखाया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, अनिल कुमार यादव, सुनील कटियार, अमित यादव, प्रभास शाक्य, सर्वेश शाक्य, नरेन्द्र शाक्य, इलियास मंसूरी, सपा मीडिया प्रभारी विवेक यादव, मनोज गंगवार, शशांक सक्सेना, आनन्द यादव के अलावा इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी मौजूद रहे।




वार्ता करते इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य मौजूद अन्य

## खबरें एक नजर में

### आपरेशन मुस्कान टीम ने परिजनों को सौंपा बालक



परिजनों को बालक सौंपी पुलिस टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक की निगरानी में काम कर रही पुलिस टीम एक गुमशुदा बालक को ढूंढकर उसके परिजनों को सौंप दिया। अपने बच्चे को देख परिजनों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा और खाकी की सराहना करते नहीं थक रहे थे। जानकारी के अनुसार गुम हो जाने वाले बच्चों को ढूंढकर उनके परिजनों तक पहुंचाने के लिए आपरेशन मुस्कान टीम काम कर रही है। इसी के तहत थाना कमालगंज में एक बालक अपने परिजनों से बिछड़ गया था। जब इसकी सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई तो आपरेशन मुस्कान टीम ने काम करना शुरु कर दिया और कुछ ही समय में बालक को ढूंढकर सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया। बालक को देख परिजनों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। खाकी के इस कार्य की काफी सराहना की।

### मार्ग दुर्घटना में घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में महिला घायल हो गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। कम्पिल क्षेत्र के गांव भैंसरी निवासी सरस्वती (28) पत्नी सोनू मार्ग दुर्घटना में घायल हो गयी। लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया।

### मासूम की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नौ माह के पुत्र की अचानक हालत बिगड़ गयी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना अलीगंज के गांव समोर भट्ठा निवासी अमर मलिक का 9 माह के पुत्र की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी राजेश (38) जनपद फर्रुखाबाद के थाना कादरी गेट के घटियाघाट भूड़ नगला निवासी योगेंद्र (42) जनपद मैनपुरी के देवी रोड वाई पास निवासी अतुल चौहान (26) क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद निवासी सर्वेश (42) मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। सभी को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद राजेश व योगेंद्र को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

## वाणी विनायक संस्था द्वारा रामनवमी पर बांटा गया प्रसाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वाणी विनायक संस्था की ओर से राधा गोपाल मंदिर घुमना पर श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने श्रीराम के जय-जयकारे लगाते हुए भागवत प्रेम का आनंद लिया। मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी भक्तजन व श्रद्धालु नाचते गाते व झूमते नजर आए। मंदिर में जैसे ही दोपहर के 12 बजे वैसे ही भय प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी श्रीराम स्तुति का गायन सभी लोगों ने एक स्वर में किया।

इसके पश्चात भगवान का भोग लगाया गया। जिसमें रुचि रुचि भोग लगाओ रसिया का गीत गाया गया। संस्था प्रमुख राज गौरव पांडे ने श्रीराम की आरती का सभी के साथ में गुणगान किया। नक्श थिएटर के अमित सक्सेना ने व्यवस्था देखते हुए हलवा वितरण का कार्यक्रम संपन्न कराया और कहा कि सभी कार्यकर्ता स्वच्छता और शांति के साथ में प्रसाद वितरण कराए तथा सभी आते जाते राहगीरों को हलवा प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर मनोज कश्यप, राकेश शुक्ला, जीतू मिश्रा, शैलेंद्र सक्सेना, संजीव वर्मा, राकेश शुक्ला, सुनील टंडन, सुरेंद्र बाबू गुप्ता, आशीष गुप्ता, संजय मल्होत्रा, अनुज गुप्ता, वरुण चौहान, जगमोहन पाठक, सरिता पांडे, संध्या पांडे, पार्थिवी पांडे, अंकुर सक्सेना, गौरव राठौर, रितुल वर्मा, रामजी राजपूत, दिलीप कश्यप, अमित सक्सेना, धीरज मौर्य, जगदीश चंद्र गुप्ता, अंकित गुप्ता, विशाल सिंह, अंकुर मौर्य, सत्या, विशाल पाठक, यश पांडे, अनूप शर्मा, राखी, शैली दिवाकर उपस्थित रहे।



रामनवमी पर प्रसाद वितरित करते वाणी विनायक संस्था के लोग

# सर्वर डाउन होने के कारण कार्ड धारकों को नहीं मिला राशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राशन कार्ड धारकों को पूरे दिन लाइन में लगने के बावजूद भी राशन नहीं मिल पाया। सर्वर डाउन होने के कारण ई-पास मशीन काम नहीं कर रही थी। विभिन्न सरकारी राशन की दुकानों पर कार्ड धारकों की सुबह से ही भीड़ लगी रही।

आखिर उन्हें वापस आना पड़ा। यह पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी कई बार मशीनों में सर्वर डाउन होने के कारण राशन कार्ड धारकों को खाली हाथ लौटना पड़ा है। सरकार द्वारा राशन तो फ्री मिल रहा है साथ ही इस गर्मी में बाजरा भी दिया जा रहा है। जिस कारण लोग परेशान है। गेहूं तीन किलों की जगह मात्र एक किलो प्रति यूनिट कर दिया गया है। जबकि गर्मी में बाजरा लोग नहीं खाते है। ऐसे में बाजरा लेना भी पड़ रहा है। राशन विक्रेताओं ने बताया कि मशीन ज्यादातर खराब रहती है। सर्वर डाउन हो जाता है, जिस कारण असुविधा बनी रहती है।



परिचय-ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाने का इंतजार करती महिला

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने गंगापार क्षेत्र में किया जन सम्पर्क

**जिलाध्यक्ष केके यादव की टीम ने पार्टी प्रत्याशी के लिए मांगे वोट**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन ने अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव में सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव की टीम के साथ जन सम्पर्क किया।

पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य के लिए घर-घर जाकर समर्थन मांगा और उन्हें जिताने की अपील की। कर्नल शरद सरन ने कहा कि संविधान को बचाना है, पिछड़ों, दलितों के सम्मान की लड़ाई समाजवादी पार्टी लड़ रही है। बेरोजगारी को दूर भगाने के लिए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। ग्राम मोकुलपुर, मुजहा, लीलापुर, कुडरी सारंगपुर, फकरपुर, अमृतपुर में जन सम्पर्क किया। सुभनपुर में सत्यपाल सिंह, नागेश, बृजेश, प्रमोद, सुरजीत, संजू आदि के साथ जन सम्पर्क किया। वहीं फकरपुर में रमेश तिवारी, विमल तिवारी, विमलेश तिवारी, अजीत यादव, रामनंदन, जदुवीर, भोला तिवारी, शिव सागर तिवारी, पप्पू तिवारी, प्रियांशु तिवारी, योगेन्द्र तिवारी मौजूद रहे। कुडरी सारंगपुर में अरविन्द, देवेन्द्र, रातीर्थ कश्यप, उमेश कश्यप मौजूद रहे। लीलापुर में अनुज सोलंकी, जगवीर सोलंकी, विनय सोलंकी, रवि सोलंकी, संतोष सोलंकी मौजूद रहे। आशीष, अमित, विवेक, प्रिंस, लल्ला सिंह आदि ने समर्थन किया।

इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, जिला उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, मदनपाल सिंह, हरमोहन सिंह, अशोक कुमार, अवधेश सिंह, बृजेश सिंह, अनिल यादव, श्रीपाल, दीप सिंह, रामधार सिंह, मनोज कुमार, योगेन्द्र सिंह, दिग्विजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



सपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन के साथ मौजूद लोग

### बाइकों की टक्कर में आधा दर्जन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाने के गांव देवसनी निवासी सुखनंदन अपनी पत्नी विनीता देवी व 7 वर्षीय भतीजी आस्था पुत्री सुखवासी के साथ अपनी ससुराल नवाबगंज थाने के गांव घमुइया रसूलपुर में अपने साले रमन के तिलक में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। गांव बीरपुर के निकट ईंट भट्टे के पास सामने से तेज गति से आ रही बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें सुखनंदन, उनकी पत्नी विनीता, भतीजी आस्था व दूसरी बाइक पर सवार कोतवाली कायमगंज के गांव ज्योना निवासी शिवरतन, उनकी बहन अंजू व वंशिका सड़क पर गिर गई। लोगों की सूचना पर पहुंचे एसआई हेमंत कुमार ने घायल सुखनंदन, विनीता देवी, शिवरतन, उनकी बहन अंजू को एंबुलेंस से सीएचसी भिजवाया। फार्मासिस्ट विजय पाल ने घायलों का उपचार किया।

# अपना दल (एस) के जिला उपाध्यक्ष ने थानाध्यक्ष पर लगाया आरोपियों से मिले होने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपना दल एस के नेता पर जानलेवा हमला करने वाले पुलिस के रहमो करम पर खुलेआम घूम रहे है। आरोपियों पर कार्यवाही करने की बजाए पीड़ित की ही कार पुलिस ने जब्त कर रखी है। थाना शमशाबाद के ग्राम रोशनाबाद निवासी अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष संदीप गंगवार (कुर्मी) बीते माह दबंगों ने उनकी कार पर जान से मारने की नियत से हमला बोल दिया था। इस दौरान उसके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इस घटना में उनके साथ उनके रिश्तेदार आशीष गंगवार भी घायल हो गये थे। पीड़ित अपना दल एस के जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि जिस गाड़ी से हमलावर आये थे, उस गाड़ी पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा था और हूटर लगा था और मेरी कार के आगे लगाते हुए कहा कि गाड़ी में परिवहन विभाग के अधिकारी बैठे है। कुछ समय पाते तब तक उन्होंने हमला बोल दिया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी थी। पीड़ित का आरोप है कि थानाध्यक्ष बलराज भाटी एक सत्ताधारी नेता के कहने पर आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है और उन्हें संरक्षण दे रखा है। उनका कहना है कि मेरा मुकदमा भी कायमगंज विधायक के पति की सिफारिस पर कई घंटे बाद लिखा गया।

मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन आज तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। जिस गाड़ी से हमलावर आये थे, उसका नम्बर भी पुलिस को दिया, लेकिन उनकी कार पकड़ने की बजाए मेरी ही कार को अपने कब्जे में ले ली। वह लोग खुलेआम घूम रहे है और जानमाल की धमकी मिल रही है। पीड़ित का आरोप है कि थानाध्यक्ष पूरी तरह आरोपियों से मिले हुए है। इस संदर्भ में पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से भी शिकायत कर विवेचक बदले जाने व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।



फूलमती देवी मंदिर पर उमड़े भक्त व मौजूद पुलिस फोर्स

## नवदुर्गा के समापन पर फूलमती मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नवदुर्गा के समापन पर क्षेत्र के फूलमती मंदिर पर मेला लगा। जहां पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने श्रद्धाभाव से माथा टेंका और देवीजी को भोग लगाया। लोगों की ऐसी मान्यता है कि फूलमती माता लोगों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। मंदिर पर हर दिन पाठ तथा हवन पूजन होता रहता है। वहीं अष्टमी तथा नवमी और दशमी को विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। शाम के समय भजन कीर्तन से आसपास का वातावरण भक्तिमय हो जाता है। यहां पर दूरदराज से भक्तों का आना जाना रहता है। कई भक्तों ने कन्या भोज का आयोजन किया और उन्हें श्रद्धानुसार दान दक्षिणा दी। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष राजेश राय व अन्य पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# यूपीएससी में उत्तीर्ण होने पर लोधी समाज की ओर से अंकित का किया गया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के चिलसरा निवासी दामोदर राजपूत के भतीजे अंकित राजपूत ने सिविल सेवा परीक्षा में 623वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के प्रदेश महासचिव परशुराम वर्मा व जिला उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह राना तथा संदेश राजपूत ने उनके निवास पर जाकर अंकित राजपूत को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सिविल सेवा परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर शमशाबाद क्षेत्र के लोगों ने पूरे दिन अंकित राजपूत को बधाई दी। अंकित राजपूत के चाचा भाजपा नेता दामोदर राजपूत ने बताया कि अंकित शुरु से ही पढ़ाई में अच्छा था। उसने सिविल सेवा परीक्षा में उत्तीर्ण होकर परिवार का नाम रोशन किया है। अंकित राजपूत ने बताया कि मेरे परिवार का पूरा सहयोग मिला। जिस कारण यहां तक का मैने सफर पूरा किया। आगे मैं सरकारी सेवा में रहते हुए भी लोगों की सेवा करता रहूंगा।



अंकित राजपूत का स्वागत करते लोधी समाज के लोग

# टी-20 विश्व कप के लिए भारत की संभावित टीम

▸ रिंकू-दुबे और गिल-यशस्वी के बीच टक्कर



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आईपीएल के 17वें सीजन के बाद टी-20 विश्व कप 2024 का अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह-मेजबानी में आयोजन होगा। आगामी टूर्नामेंट के लिए सभी टीमों को एक मई से पहले अपने संभावित 15 खिलाड़ियों का नाम देना है जिसे बाद में तय तारीख के भीतर बदला जा सकेगा। माना जा रहा है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से एक बल्लेबाज को बाहर बैठना पड़ सकता है।

आईपीएल के 17वें सीजन के बाद टी-20 विश्व कप 2024 का अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह-मेजबानी में आयोजन होगा। आगामी टूर्नामेंट के लिए सभी टीमों को एक मई से पहले अपने संभावित 15 खिलाड़ियों का नाम देना है जिसे बाद में तय तारीख के भीतर बदला जा सकेगा। माना जा रहा है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से एक बल्लेबाज को बाहर बैठना पड़ सकता है। वहीं, अगर इन दोनों बल्लेबाजों को संभावित 15 खिलाड़ियों की सूची में मौका मिलता है तो रिंकू सिंह और शिवम दुबे के बीच टीम में स्थान बनाने के लिए टक्कर है। विकेटकीपिंग के लिए संजू सैमसन, जितेश शर्मा, केएल राहुल और ईशान किशन के बीच कड़ी टक्कर है। राहुल और किशन शीर्ष क्रम पर बल्लेबाजी करते हैं । इस बार आईपीएल में भी दोनों ने टॉप ऑर्डर पर ही बल्लेबाजी की है। ऐसे में सेलेक्टर्स के लिए दोनों के प्रभाव का विश्लेषण करना चुनौती से भरा है। वहीं, हार्दिक पांड्या भी गेंदबाजी में अब तक कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए हैं। हालांकि, उनका सेलेक्शन टीम में तय माना जा रहा है। विराट कोहली भी इस विश्व कप में टीम का हिस्सा होंगे। उनकी मौजूदा फॉर्म भारतीय टीम के लिए एक अच्छा संकेत है। माना जा रहा है कि रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव का टी20 विश्व कप स्क्वॉड में सेलेक्शन लगभग तय है। ये सभी खिलाड़ी फिलहाल आईपीएल में खेलते नजर आ रहे हैं। वहीं, भारतीय टीम की चयन समिति इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कड़ी नजर बनाए हुए है। गिल और जायसवाल के बीच चयन के दौरान टक्कर देखने को मिल सकती है। दरअसल, जायसवाल ने अब तक आईपीएल में कुछ खास कमाल नहीं दिखाया है। वहीं, गिल अपने बल्ले से लगातार आग उगल रहे है। हालांकि, सेलेक्टर्स टॉप ऑर्डर में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज को जगह देना चाहेंगे। ऐसे में अगर दोनों खिलाड़ियों का टीम में सेलेक्शन होता है तो रिंकू सिंह और शिवम दुबे में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। रिजर्व स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल और रवि बिश्नोई के बीच जंग देखने को मिल सकती है। अगर सेलेक्टर्स पटेल को मौका देते हैं तो वह बल्लेबाजी का विकल्प भी टीम को उपलब्ध करा सकते हैं। वहीं, अपने नौ साल के करियर में अब तक चहल को एक भी बार विश्व कप मैच खेलने का मौका नहीं मिला है।

# महिला सम्मान निधि योजना का बजट में उल्लेख नहीं, गुमराह कर रही कांग्रेस : जयराम ठाकुर

एजेंसी



**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर महिला सम्मान निधि को लेकर महिलाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। जयराम ठाकुर ने बुधवार को शिमला में पत्रकार वार्ता में कहा कि विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस नेताओं ने इसी तरह अनेकों फॉर्म भरे और अब फिर फॉर्म भर हिमाचल की महिलाओं को ठगने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के बजट में इस योजना का कोई जिक्र तक नहीं हुआ और मुख्यमंत्री द्वारा दबाव में आकर इस योजना का एलान किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस योजना को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन कांग्रेस सरकार को सतासीन होने के 15 महीने तक इस योजना का ख्याल नहीं आया।

जयराम ने कहा कि सम्मान निधि के अंतर्गत दो माह की राशि महिलाओं के खाते में डालने का मुख्यमंत्री का बयान आचार संहिता का उलंघन है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के पास बहुत बड़े बहुमत के बाद भी वो नेताओं को साथ चलने में असफल रहे। इसके कई उदाहरण है, राज्यसभा चुनाव के नतीजों के बाद सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अलग-अलग गुट है जिन्होंने ईमानदारी से प्रयास किया कि मुख्यमंत्री इस्तीफा दे। आज कांग्रेस पार्टी में बड़ी संख्या में नेता नेतृत्व परिवर्तन चाहते है, पर लोकसभा चुनावों की वजह से यह संभव नहीं हो पाया। फिर भी मुख्यमंत्री के दाएं-बाएं बैठे नेताओं को हौंसला दिया गया है की लोकसभा चुनाव नतीजों तक इंतजार करो। जयराम ठाकुर ने कल आए सर्वे का जिक्र भी किया है जिसमें भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 400 पार के लक्ष्य के करीब है और हिमाचल में सभी चार सीटें जीतने का संकेत दिया गया है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री का जवाब देते हुए कहा कि ऐसी क्या आवश्यकता आन पड़ी कि मुकेश अग्निहोत्री बोल रहे हैं कि सरकार स्थिर है, अगर उन्होंने सरकार बनाने के आंकड़े देखने हैं तो राज्यसभा के नतीजे देख ले यह साफ आंकड़े दिखाएंगे।

# अगर मोदी चुनाव में जीते तो नहीं बचेगा लोकतंत्र : ममता बनर्जी

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि रामनवमी के मौके पर राज्य में दंगे भड़काने की साजिश रची जा रही है। पिछले साल के जश्न में राज्य में हिंसा हुई थी, जिससे भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच बड़े पैमाने पर टकराव हुआ था।

बनर्जी ने एक चुनावी रैली में आरोप लगाया, वे आज दंगे में शामिल होंगे। दंगा होने की संभावना है। और वे दंगा करके और वोट लूटकर (चुनाव) जीतेंगे। इससे पहले आज, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए समारोह के दौरान शांति बनाए रखने की अपील की। हालाँकि, भाजपा ने इसकी निंदा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित कर रही हैं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर शांति बनाए रखने की अपील की है, यह रामनवमी के त्योहार का अपमान है क्योंकि अन्य धार्मिक अवसरों पर आपने (ममता बनर्जी) शांति का संदेश दिया है, लेकिन यहां आप पूछ रहे हैं शांति बनाए रखें शांति और समृद्धि का संदेश देने के बजाय, ऐसा करके आप भारतीय और सनातनी संस्कृति को अपमानित करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों ने पूरे पश्चिम बंगाल में रामनवमी जुलूस निकाले। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शहर के न्यू टाउन इलाके में ऐसे ही एक रामनवमी जुलूस में भाग लिया।

## करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं : राहुल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मांड्या में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार दुनिया की पहली सरकार होगी जो अप्रेंटिस का अधिकार अपने युवाओं को देने जा रही है। हिन्दुस्तान में हम 400 रुपए प्रतिदिन न्यूनतम मजदूरी करेंगे। मनरेगा योजना हम गांव के साथ शहरों में भी लागू करेंगे। किसानों ने मुझसे कहा कि करोड़पतियों का कर्ज माफ हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया है, यानी पैसा मनरेगा के 24 साल के लायक है। किसान पूछ रहे हैं कि करोड़पति का कर्ज माफ हो सकता है तो किसानों का क्यों नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जिन्होंने हिंदुस्तान को संविधान और लोकतंत्र दिया।

## राम लला की रेत से निर्मित प्रतिमूर्ति बनी लोगों के लिये आकर्षण का केंद्र




**पुरी।** अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त रेत शिल्प कलाकार सुदर्शन पटनायक ने राम नवमी के अवसर पर यहां पुरी के समुद्र तट पर प्रभु श्री राम लला की रेत से प्रतिमूर्ति बनायी है जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी है। सात फीट ऊंची और 20 फीट लंबी इस प्रतिमूर्ति को बनाने में सुदर्शन ने करीब 12 टन रेत का उपयोग किया है। उनके रेत शिल्पकला संस्थान के छात्रों ने मूर्तिकला को पूरा करने के लिए उनका हाथ बंटाया। सुदर्शन ने कहा कि पहले उन्होंने अलग-अलग मौकों पर श्रीराम की रेत से कई मूर्तियां बनाई हैं, लेकिन इस बार यह बिल्कुल अलग है। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सुदर्शन ने 65 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेतशिल्प कला प्रतियोगिताओं और समारोहों में भाग लिया है और देश के लिए कई पुरस्कार जीते हैं।

## खबरें एक नजर में

### एसबीआई लाइफ ने लॉन्च किया आइडिएशनएक्स

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश की सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, ने आइडिएशनएक्स का पहला संस्करण लॉन्च किया है। यह एक अग्रणी पहल है, जो बीमा उद्योग के भविष्य में क्रांति लाने का वादा करती है। इस इनोवेटिव प्लेटफॉर्म का उद्देश्य देश भर के बी-स्कूलों के युवाओं को सोचने, नए-नए रिसर्च करने और लीक से हटकर जीवन बीमा समाधान पेश करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जो ग्राहकों की नित नई बीमा आवश्यकताओं से संबोधित करते हैं और साथ ही साथ भारत के जीवन बीमा क्षेत्र के दशा और दिशा को नया आकार देने में योगदान करते हैं। इस पहल के पीछे मुख्य उद्देश्य युवाओं और उनकी सोच को शामिल करना विभिन्न बीमा आवश्यकताओं की पहचान करना और उन जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पाद समाधानों की अवधारणा को प्रस्तुत करना है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ एक्चुअरी और चीफ रिस्क ऑफिसर, सुभेंदु बाल ने कहा, हम एसबीआई लाइफ आइडिएशन एक्स के पहले संस्करण के लिए जबरदस्त प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। यह अपनी तरह की अनूठी पहल है जो रचनात्मक शक्तियों को उत्प्रेरित करती है। आईआरडीएआई के 2047 तक सभी के लिए बीमा के विजन को आत्मसात करते हुए एसबीआई लाइफ के आइडिएशनएक्स का लक्ष्य नवाचार और विचारों से युक्त एल लीडरशिप को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं को शामिल करना और इस क्षेत्र के लिए फायदेमंद साबित होगा।

### 2024 में जीडीपी 6.5 फीसदी रहने का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** मूडीज रेटिंग्स और आईएमएफ के बाद संयुक्त राष्ट्र की संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (यूएनसीटीएडी) ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया है। यूएनसीटीएडी ने मंगलवार देर रात जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ी है, जिसकी वर्ष 2024 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इस रिपोर्ट के मुताबिक यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास की रिपोर्ट के मुताबिक बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में हुई वृद्धि मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत निवेश ओर सेवा क्षेत्र की वृद्धि से प्रेरित रही है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, रेटिंग एजेंसी मूडीज और एशियाई विकास बैंक ने कैलेंडर वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है। हालांकि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर रहने का अनुमान जताया है।

### गृह मंत्री अमित शाह 19 को जाएंगे भोपालगढ़

**जोधपुर।** देश के गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को भोपालगढ़ आएंगे और यहां परसराम मदेरणा राजकीय स्टेडियम में पाली से भाजपा प्रत्याशी पीपी चौधरी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। शाह के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं राष्ट्रीय लोकदल के नेता जयंत चौधरी भी मौजूद रहेंगे। भाजपा जोधपुर देहात दक्षिण जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश चौटिया ने बताया कि सुबह 10.30 बजे यह सभा होगी। देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष जगराम बिश्नोई ने बताया कि इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

### म्यांमार में नए साल के अवसर 3,000 से अधिक कैदी रिहा

**यांगून।** म्यांमार की प्रांतीय प्रशासन परिषद ने पारंपरिक म्यांमार नववर्ष के पहले दिन बुधवार को तीन हज़ार से अधिक कैदियों को माफी दे दी और उन्हें रिहा कर दिया। परिषद ने कहा कि कैदियों में 3,303 म्यांमार के नागरिक और 36 विदेशी कैदी थे, जिनमें 13 इंडोनेशियाई नागरिक और 15 श्रीलंकाई नागरिक शामिल हैं । म्यांमार में अपने पारंपरिक नववर्ष के मौके पर हर साल कैदियों को माफ़ी देकर रिहा कर दिया जाता है।

### बारिश के चलते 10 लोगों समेत 150 पशुओं की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में नौ अप्रैस से जारी बेमौसम बारिश के कारण 10 लोगों समेत 150 पशुओं की मौत हो गई। राज्य राजस्व विभाग ने इसकी जानकारी दी है। मराठवाड़ा क्षेत्र में आठ जिले हैं, जिसमें छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, परभणी, लातूर, नांदेड़, धाराशिव और हिंगोली शामिल हैं। राज्य राजस्व विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट केअनुसार, मराठवाड़ा क्षेत्र में नौ अप्रैल से जारी बेमौसम बारिश केकारण मानव और पशु जीवन को नुकसान पहुंचा है। इस बेमौसम बारिश केकारण 9127 किसानों के5,256.86 हेक्टेयर से अधिकभूमि पर फसल क्षतिग्रस्त हो गए। रिपोर्ट केअनुसार, बेमौसम बारिश के कारण अबतक10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई घायल भी हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा बीड़ में तीन मौतें, जबकि छत्रपति संभाजीनगर, परभानी और लातूर में दो-दो मौतें दर्ज की गई है। वहीं 17 दुधारू पशुओं समेत 152 जानवरों की मौत हो गई।

# मनोज तिवारी ने बलूनी के समर्थन में मांगा वोट, गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

एजेंसी



**ऋषिकेश।** दिल्ली भाजपा नेता एवं सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को यहां पौड़ी गढ़वाल से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अनिल बलूनी के समर्थन में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से अनिल बलूनी को वोट देने की अपील की। मनोज तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपको प्रणाम करने के लिए दिल्ली से मुझे भेजा है।

उन्होंने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में आए हैं तब से भ्रष्टाचार पर प्रहार करते हुए भ्रष्टाचारियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज रहे हैं। सभी वर्गों के लिए विकास कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते गांव-गांव में आज बहनों के घर में टॉयलेट बन गये, उज्जवला गैस योजना के तहत गैस सिलेंडर मिले हैं, पक्के मकान दिए जाने का कार्य भी किया है। गांव की टूटी सड़कों को बनाए जाने का कार्य भी किया है। उत्तराखंड में चारों धाम की यात्रा को सुलभ बनाए जाने के लिए ऑल वेदर सड़क का निर्माण भी किया है। उन्होंने कहा कि अब ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेल निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 55 करोड़ लोगों का 5 लाख से इलाज होने लगा है। जो 500 साल से भगवान श्रीराम का मंदिर रुका हुआ था वह मंदिर भी बन गया। तिवारी ने कहा कि अनिल बलूनी को लोकसभा में भेज कर प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करना होगा। मनोज तिवारी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भगवान राम का मंदिर बनाना नहीं चाहते थे, क्योंकि वह सनातन विरोधी हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने संसार में सनातन का झंडा फहराना है, जिसके चलते रामजी का मंदिर भी बना। उन्होंने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि इस बार 400 पार के नारे के साथ नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

## गरीबी खत्म करने के लिये कांग्रेस ने दी हैं 10 गारंटियां

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीबी खत्म करने की 10 गारंटियां दी हैं। सुश्री सैलजा ने बुधवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीबी खत्म करने का दावा तो कर रही है, पर हालात पहले से ज्यादा खराब हैं। भाजपा अपने संकल्प पत्र में गरीब की सेवा की बात तो करती है, पर गरीबी खत्म करने के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुये हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीबी खत्म करने की 10 गारंटियां दी हैं, जब तक गरीबों का उत्थान नहीं होगा, देश तरक्की नहीं करेगा।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप भारत ने नौ पदकों के साथ समाप्त किया अभियान

**बिश्केक।** भारतीय दल ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में नौ पदकों के साथ अपना अभियान समाप्त किया, इन नौ पदकों में चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।मंगलवार को समाप्त हुई छह दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 30 भारतीय पहलवानों ने भाग लिया। 30 पहलवानों में से दस ने पुरुष फ्रीस्टाइल, 10 ने पुरुष ग्रीको-रोमन और 10 ने महिला फ्रीस्टाइल में भाग लिया।पुरुषों की फ्रीस्टाइल में, अंडर-20 एशियाई चैंपियन, उदित ने 57 किग्रा में रजत पदक जीता, जबकि अभिमन्यु (70 किग्रा) और विक्की (97 किग्रा) ने पहले दिन अपने-अपने वजन वर्गों में कांस्य पदक जीते। वहीं, महिला कुश्ती में 23 साल की राधिका ने शनिवार को 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने 50 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। अंजू और हर्षिता ने क्रमशः 53 किग्रा और 72 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीते। पहलवान मनीषा (62 किग्रा) और अंतिम पंघाल (65 किग्रा) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# खूंटी में पीएलएफआई के एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादी गिरफ्तार

एजेंसी

**खूंटी।** खूंटी जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के कमांडर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से देशी कट्टा, गोली और अन्य सामान बरामद हुए हैं। पुलिस ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पीएलएफआई के इन उग्रवादियों को रनिया के जंगल से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पीएलएफआई उग्रवादियों के नाम हर्षद गुड़िया उर्फ बोगदा पाहन (24) और प्रकाश प्रमाणिक (34) हैं।

पुलिस के अनुसार खूंटी एसपी को सूचना मिली थी कि रनिया थाना क्षेत्र के जलमादी गंजना के जंगल में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का एरिया कमांडर हर्षद गुडिया उर्फ बोयदा पाहन अपने संगठन के सीनियर एवं जोनल कमांडर के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन को स्थापित करने के लिए स्थानीय ठेकेदारों से लेवी वसूलने और क्षेत्र में दहशत फैलाने की साजिश रच रहे हैं। खूंटी एसपीअमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अगुवाई में एक छापामारी दल गठन किया। इस दल ने मंगलवार की रात को जलमादी से गंजना जाने वाली पक्की सड़क के किनारे जंगल में छापेमारी की।

इस दौरान एक सफेद एवं नीले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति हर्षद गुड़िया उर्फ बोगदा पाहन (24) और प्रकाश प्रमाणिक (34) को गिरफ्तार कर लिया। घने जंगल और रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पीएलएफआई का जोनल कमांडर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस संबंध में रनिया थाना में कांड सं 14/24 दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 385/366/367/34/120, आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बीए/26/35) एवं सीएलए एक्ट की धारा 17 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# रामनवमी के मौके पर राममय हुई बाबा की नगरी काशी

समृद्धि न्यूज




**वाराणसी।** वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी राममय दिखी। काशी के दरबार सहित सभी छोटे-बड़े मंदिरों और घरों में भगवान राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दोपहर 12 बजे मंदिरों एवं घरों में घंटा-घड़ियाल, शंख ध्वनि के बीच भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी की गूंज होने लगी। दशरथ नंदन के जयघोष से पूरा वातावरण राममय हो गया। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया।

नगर के मठ और मंदिरों में भी संतों, बटुकों ने रस्म का निर्वहन कर प्रभुराम का जन्मोत्सव मनाया। मानसरोवर स्थित रामतारका आंध्र आश्रम में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इसी क्रम में दशाश्वमेध स्थित त्रिपुरा भैरवी राम रमापति बैंक का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान करोड़ों रामनाम लिखे पन्नों का पूजन किया गया। रामनवमी पर ही श्री काशी विश्वनाथ धाम में सज्जित श्रीराम दरबार विग्रह के समक्ष सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद दोपहर 12 बजे से धाम में श्रीराम के सूर्य तिलक का अयोध्या धाम से सजीव प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा गया। शाम को भजन संध्या भी होगी। प्रतिवर्ष की भांति रामनवमी पर मुस्लिम महिला फाउंडेशन एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में श्रीराम महाआरती का आयोजन किया गया। लमही स्थित सुभाष भवन में मुस्लिम महिलाओं ने पूजा की थाली से प्रभु राम की आरती उतारी और हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया। मुस्लिम महिलाओं ने आरती उतारने के साथ मंगलगीत भी गाए। उर्दू में श्रीराम लिखा और उस पर दीप जलाए। महाआरती के साथ मुस्लिम महिलाओं ने उन कट्टरपंथियों को भी संदेश दिया, जो धर्म की आड़ में नफरत के बीज बो रहे हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार, फाउंडेशन की नेशनल सदर नाज़नीन अंसारी, डॉ. राजीव, डॉ. नजमा परवीन, डॉ. अर्चना भारतवंशी आदि शामिल रहे।

## चारधाम यात्रा के दूसरे दिन 2.5 लाख से अधिक हुए रजिस्ट्रेशन

**इस तारीख को खुलेंगे कपाट**

श्रीकेदारनाथ धाम - 10 मई
श्री बदरीनाथ धाम - 12 मई
श्री गंगोत्री धाम - 10 मई
श्री यमुनोत्री धाम - 10 मई
श्री हेमकुंड साहिब धाम - 25 मई

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के लिए 940475 श्रद्धालु ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। दूसरे दिन कुल 482231 श्रद्धालुओं ने चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया इसमें यमुनोत्री के लिए 50956 से श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। चार धाम यात्रा को लेकर इस वर्ष तीर्थ यात्री काफी उत्साहित है। केदारनाथ गंगोत्री बद्रीनाथ और यमुनोत्री की चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरुआत हो चुकी है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए लोगों काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। चार धाम के कपाट अगले महीने में से खुलेंगे जिससे पहले तीर्थ यात्री रजिस्ट्रेशन करवाने में जुट गए हैं। चार धाम यात्रा पर जाने के लिए ताबड़तोड़ संख्या में तीर्थ यात्री रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया खुलने के दूसरे दिन भी भारी संख्या में तीर्थ यात्रियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को कल 280380 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। आंखों के अनुसार यह भी सामने आया है की सबसे अधिक रजिस्ट्रेशन केदारनाथ धाम के लिए किया जा रहे हैं। केदारनाथ धाम के लिए 940475 श्रद्धालु ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। दूसरे दिन कुल 482231 श्रद्धालुओं ने चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया इसमें यमुनोत्री के लिए 50956 से श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। यमुनोत्री धाम के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने वालों की कुल संख्या 86312 रही।

## पूर्व विधायक राधाकृष्ण किशोर का राजद से इस्तीफा

**पलामू।** छतरपुर-पाटन के पूर्व विधायक और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी की प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही अपने इस्तीफे की कॉपी प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव को प्रेषित कर दिया है। किशोर के साथ राजद के प्रदेश महासचिव प्रशांत किशोर एवं सचिव राजकमल तिवारी ने भी इस्तीफा दे दिया है। राधाकृष्ण किशोर मेदिनीनगर में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान अपने इस्तीफा देने की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजद अब एटूजेड और विकास के लिए सामाजिक भाईचारा की पार्टी नहीं रह गयी है। पलामू लोकसभा के संयोजक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा द्वारा समाज को बांटने वाले दिए गए बयान पर भी किशोर आहत दिखे। साथ ही एटूजेड पार्टी बनाने में तेजस्वी यादव के असफल रहने पर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की।

# टी-20 विश्वकप तक मुश्ताक अहमद बने रहेंगे बंगलादेश के स्पिन कोच

एजेंसी

**ढ़ाका।** पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद को टी-20 विश्वकप तक बंगलादेश का स्पिन गेंदबाजी कोच बनाया गया है। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुये कहा कि मुश्ताक अगले महीने जिबाब्वे के साथ होने वाली टी-20 सीरीज से पहले ढाका में लगने वाले शिविर में पहुंचेंगे।

मुश्ताक ने कहा, बंगलादेश क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच चुना जाना सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका की प्रतीक्षा कर रहा हूं और खिलाड़ियों को अपना सारा अनुभव देना चाहता हूं क्योंकि वह सीखने लायक हैं और मुझे हमेशा लगता है कि यह टीम बहुत खतरनाक टीम है। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनमें क्षमता और कौशल है। मैं उनमें विश्वास बढ़ाने का प्रयास करूंगा। मैं उनके साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। मुश्ताक, रंगना हेराथ की जगह लेंगे। हेराथ जून 2021 से दो साल तक इस पद पर रहे। मुश्ताक प्रमुख कोच चंद्रिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, बल्लेबाजी कोच डेविड हेंप और तेज गेंदबाजी कोच आंद्रे एडम्स के साथ जुड़ेंगे। मुश्ताक का स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर लंबा करियर रहा है। वह 2008 से 2014 के बीच इंग्लैंड की पुरुष टीम के साथ रहे। वह 2014 से 2016 और 2020 से 2022 तक पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी कोच के पद पर रहे। वह 1992 विश?वकप जीतने वाली पाकिस्तान टीम का हिस्सा थे। उन्होंने अपने करियर में 144 एकदिवसीय और 52 टेस्ट खेले। वह काउंटी में भी सक्रिय रहे और 1993 में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। मुश्ताक थोड़े ही समय के लिए टीम से जुड़े हैं लेकिन रिशाद हुसैन जैसे खिलाड़ी अपने करियर में पहली बार इस दिग्गज स्पिनर के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है।